

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 250 | शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 | आश्विन माह, शुक्ल, त्रयोदशी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



यूपी के 15 जिलों में लगे पोस्टर : 'चाय, समोसा, रस मलाई, सारे माफिया अपने भाई'

जागरण मोर्चा

लखनऊ। अखिलेश यादव और आजम खान की जेल में मुलाकात के बाद यूपी में सियासी हलचल तेज हो गई है। यूपी के 15 जिलों में राजनीतिक पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा गया है। जानकारी के मुताबिक लखनऊ, बलिया, मऊ, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, बस्ती, हरदोई और सीतापुर समेत यूपी के 15 जिलों में इस तरह के पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और आजम खान की तस्वीरें अखिलेश यादव के साथ लगाई गई हैं। इन पोस्टरों में स्लोगन भी लिखे हुए हैं, जिनके जरिए सपा पर माफियाओं के साथ होने के आरोप लगाए गए हैं।

दरअसल, यूपी के कई शहरों में लगे पोस्टर में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान लगाए गए आरोपों का जिक्र किया गया है। इनमें 2013 की UPPCS भर्ती परीक्षा का भी जिक्र है। इसके अलावा पोस्टर में 86 में से 56 भर्तियां जाति विशेष के लोगों के लिए होने का दावा किया गया है। पोस्टरों के जरिए सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव को निशाना बनाया गया है।

पोस्टर में अखिलेश की इफ्तार पार्टी और सपा सरकार में हुए मुजफ्फरनगर दंगों का जिक्र किया गया है। इसके अलावा अखिलेश सरकार में कब्रिस्तान की बाउंड्री के लिए 200 करोड़ आवंटित करने को लेकर भी निशाना साधा गया है।

इनमें से एक पोस्टर पर लिखा है, 'चाय, समोसा, रस मलाई, सारे माफिया अपने भाई', वहीं एक अन्य पर लिखा है, 'रसगुल्ला और रसमलाई, एक जाति की सत्ता आई', एक अन्य पोस्ट में लिखा है, 'दाल चावल और अचार, पार्टी मतलब एक परिवार', एक अन्य पोस्ट पर लिखा है, 'दंगा, इफ्तार और बिरयानी', सपा राज की असल कहानी', एक और पोस्टर भी सामने आया है, जिसपर लिखा है, 'खैनी और बनारसी पान, बजट चला गया कब्रिस्तान', वहीं एक अन्य पोस्टर पर लिखा है, 'एक कचौड़ी, दो समोसा, गिरगिटेश का क्या भरोसा'। वहीं अखिलेश यादव और उनकी पार्टी को निशाना बनाने वाले विवादित होर्डिंग सामने आने के बाद शुक्रवार को उत्तर प्रदेश का राजनीतिक माहौल गरमा गया।

आजम खान से मुलाकात के बाद लगे पोस्टर

ये विवादित पोस्टर ऐसे समय में सामने आए हैं, जब हाल ही में अखिलेश यादव ने रामपुर जिला जेल जाकर आजम खान से मुलाकात की थी। इस मुलाकात को लेकर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी और सपा पर राजनीतिक अवसरवाद अपनाने तथा आपराधिक तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इससे पहले 22 अक्टूबर को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने के लिए "पूरी तरह एकजुट" है। उन्होंने दावा किया कि राज्य से भाजपा का सफाया हो जाएगा। साथ ही, उन्होंने जाति जनगणना और जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग का भी समर्थन किया।

एक नजर



तिब्बत में 7.0 तीव्रता के भूकंप से भारी तबाही: 16 लोगों की मौत

नई दिल्ली। तिब्बत में गुरुवार शाम आए 7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 54 लोग घायल हुए हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार, उत्तरी तिब्बत के नागचू शहर में भूकंप के झटकों से सैकड़ों मकान ढह गए।नागचू के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के कारण 339 घर और पशुओं को रखने के 20 बाड़े गिर गए। घटना के बाद प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। इस काम में 1,600 से अधिक बचावकर्मियों को लगाया गया है। प्रभावित लोगों की मदद के लिए राहत सामग्री भी भेजी गई है। इसमें करीब 3,000 तंबू, 1,000 तैयार आवासीय इकाइयां, फोल्डिंग बेड, टॉर्च और सर्दियों में काम आने वाले कपड़े शामिल हैं।

दिल्ली के 3 नामी स्कूलों को बम से उड़ाने का आया मेल

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार की सुबह एक बार फिर दहशत के साये में खुली। दिल्ली के तीन नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले, जिसके बाद स्कूल प्रशासन से लेकर पुलिस महकमे तक में हड़कंप मच गया।धमकी भरे ये ईमेल लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय, रोहिणी स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल और मयूर विहार स्थित सलवान पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुए। ईमेल देखते ही अलर्ट जारी किया गया और तुरंत स्थानीय पुलिस व एजेंसियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता (Bomb Disposal Squad), डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की गाड़ियां मौके पर पहुँच गईं। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एहतियातन तीनों स्कूल परिसरों को तुरंत खाली करा लिया गया। बच्चों और शिक्षकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया और अभिभावकों को खबर देकर बच्चों को घर वापस भेजने

दम्माम हमले में एक भारतीय की मौत के बाद इंडिगो ने 31 अक्टूबर तक रद्द कीं सभी उड़ानें

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। सऊदी अरब में गहराते युद्ध के बादलों और जानलेवा हमलों के बीच खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी और परेशान करने वाली खबर सामने आई है। सुरक्षा के गंभीर खतरों और लगातार हो रहे मिसाइल हमलों के बीच देश की प्रमुख एयरलाइन 'इंडिगो' ने सऊदी अरब के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन (सस्पेंशन) की अवधि को बढ़ा दिया है। रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को साफ कर दिया है कि अब यह रोक 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी अपने आधिकारिक बयान में बताया है कि रियाद आने-जाने वाली इंडिगो की सभी उड़ानें अब 31 अक्टूबर 2026 तक पूरी तरह रद्द रहेंगी। वहीं दूसरी तरफ, जेद्दा, दम्माम और मदीना जाने वाली उड़ानों पर 27 अक्टूबर 2026 तक रोक रहेगी। इस बड़े फैसले से खाड़ी देशों में काम करने वाले हजारों प्रवासियों और तीर्थयात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जिन्हें अचानक अपनी यात्राएं रद्द या स्थगित करनी पड़ रही हैं। सऊदी अरब और यमन के बीच चल रहे तनाव ने अब खौफनाक रूप ले लिया है। ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के हवाई अड्डों, ऊर्जा प्रतिष्ठानों (ऑयल रिफाइनरियों) और अहम बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमलों की बाढ़ ला दी है। यह फैसला मुख्य तौर पर बुधवार को दम्माम स्थित किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए भीषण हमले के बाद आया है। इस कायराना ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य भारतीय गंभीर रूप से घायल हो गए। इस खूनी हमले के बाद से भारतीय दूतावास और एविएशन सेक्टर पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गए हैं और यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई जोखिम नहीं उठाया जा रहा है।

यात्रियों के लिए जरूरी सलाह

भारतीय दूतावास और एयरलाइंस लगातार हालात पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। जो यात्री सऊदी अरब जाने के लिए टिकट बुक करा चुके हैं या जिनका रिटर्न शेड्यूल इन तारीखों के बीच है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइन से उड़ान का ताजा स्टेटस जरूर जांच लें। दूतावास ने संकट में फंसे भारतीयों के लिए हेल्पलाइंस भी सक्रिय कर दी हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके।

पुंछ में आतंकियों का ठिकाना तबाह, आईईडी और एलएमजी मैगजीन समेत भारी जखीरा बरामद

जागरण मोर्चा



जम्मू-कश्मीर: सीमावर्ती जिले पुंछ में आतंकवाद-रोधी अभियानों के बीच सुरक्षा बलों ने एक बार फिर बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। भारतीय सेना को मेंढर सब-डिवीजन के सलानी इलाके में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध विस्फोटक सामग्री और हथियार बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई पुख्ता खुफिया इनपुट के आधार पर की गई है, जिससे इलाके में दहशत फैलाने की साजिश बेनकाब हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 156 टेरिटोरियल आर्मी से पुख्ता सूचना मिली थी। इसी इनपुट के आधार पर 6 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के अंतर्गत स्थानीय राष्ट्रीय राइफल्स (37 आरआर) ने सलानी के कसबालारी गांव के आसपास के जंगलों और रिहायशी इलाकों में एक बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को जमीन के पास और संदिग्ध जगहों से कई खतरनाक चीजें हाथ लगीं।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इन आईईडी और हथियारों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने या किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाने वाला था। फिलहाल बम डिस्पोजल स्क्वाड (BDS) को बुलाकर इन संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है। पुंछ की इस घटना से ठीक एक दिन पहले, यानी 22 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा उप-मंडल की पुलिस ने एक अन्य बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी पोस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने कानून व्यवस्था से जुड़े एक मामले में तीन आरोपियों की संपत्तियां भी जब्त की हैं। पुलिस से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, हंदवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक सार्वजनिक स्थान पर देश-विरोधी और भड़काऊ पोस्टर चिपकाए गए थे। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरोपी को धर दबोचा है। हंदवाड़ा थाने में इस संबंध में कानून की सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रारंभिक जांच के दौरान इस पूरी साजिश में 'ओवर ग्राउंड वर्कर्स' (OGW) और कुछ अन्य संदिग्ध स्थानीय लोगों की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां अब इस बात की गहराई से पड़ताल कर रही हैं कि इस पोस्टरबाजी के पीछे कौन-कौन लोग थे और इन्हें किसकी शह मिल रही थी।

शशि थरूर ने चुनाव आयोग और सरकार को भी दी नसीहत

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। कांग्रेस के सीनियर नेता शशि थरूर ने बीते कुछ समय से चल रहे प्रदर्शनों पर बात की है। इसके अलावा प्रशांत भूषण और नेहा बोरा जैसे लोगों की ओर से रिजीम चेंज की बात करने और फिर कांग्रेस की ओर से भी ऐसा कहने पर जवाब दिया है। उनसे सवाल पूछा गया था कि आप रिजीम चेंज वाली बातों पर क्या कहेंगे। इस पर शशि थरूर ने कहा कि हमारा संविधान शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की अनुमति देता है। हिंसा की परमिशन नहीं देता है। हम ऐसे ही प्रदर्शन के पक्ष में हैं। लेकिन हम यह भी चाहेंगे कि सरकार भी अपनी जवाबदेही तय करे। इसके अलावा चुनाव आयोग को भी गंभीरता दिखानी होगी।

उन्होंने कहा कि हर भारतीय का संवैधानिक अधिकार है कि वह अपना मत डाल सके। ऐसी व्यवस्था हो जाए और फिर जो चुनाव हो, उसमें गवर्नमेंट चेंज की बात हो। मैं रिजीम चेंज नहीं बल्कि गवर्नमेंट चेंज की बात करूंगा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हर भारतीय का वोट देने का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। फिर यदि अच्छे से चुनाव हुआ तो फिर देखा जाएगा कि किसकी सरकार बनती है। आखिर कांग्रेस को लेफ्ट की जरूरत क्यों पड़ी है?

एमएसी चुनाव: भाजपा को वोट चोरी सिखाने के लिए खोलनी चाहिए यूनिवर्सिटी: अखिलेश यादव

जागरण मोर्चा



लखनऊ। सैफई में स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव के दौरान अपना मताधिकार का प्रयोग करने के बाद अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि आगरा, फतेहपुर, गोरखपुर और जौनपुर समेत कई जिलों में सपा समर्थित मतदाताओं को प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रोका व परेशान किया जा रहा है।

इटावा जिले में स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनावों के बीच उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। सैफई में अपना वोट डालने के बाद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए सत्ताधारी भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई जिलों में सपा के पक्ष में मतदान करने वाले मतदाताओं को जानबूझकर रोका और परेशान किया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि शिक्षक और ग्रेजुएट्स एमएलसी चुनाव के लिए मतदान जारी है और सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए, क्योंकि उनका एक-एक वोट देश के लोकतंत्र और संविधान को सुरक्षित रख सकता है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आगरा, फतेहपुर, गोरखपुर और जौनपुर जैसे जिलों से लगातार ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जहां समाजवादी पार्टी को वोट देने वाले मतदाताओं को भ्रष्ट अधिकारियों और सत्ता पक्ष के लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। चुनाव प्रक्रिया और व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए सपा प्रमुख ने बेहद आक्रामक अंदाज में कहा कि यदि भाजपा सरकार इस तरह के कृत्यों में माहिर है, तो उसे 'वोट चोरी' सिखाने के लिए एक विधिवत यूनिवर्सिटी खोलनी चाहिए, जहां कार्यकर्ताओं को इसका तीन साल का विशेष कोर्स करवाया जा सके।

टाइगर श्रॉफ के बाद अब अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को उड़ाने की धमकी

जागरण मोर्चा



मुंबई। टाइगर श्रॉफ पर हमले के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से मुंबई में हड़कंप मच गया है। धमकी भरे ई-मेल में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ का भी जिक्र किया गया है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े के कार्यालय को मिले इस ई-मेल के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुक्रवार सुबह मिले धमकी भरे ई-मेल में मुंबई की मेयर के कार्यालय, अमिताभ बच्चन के बंगले और दिलजीत दोसांझ के आगामी मुंबई कॉन्सर्ट को निशाना बनाने की बात कही गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ई-मेल भेजने वाले की पहचान और धमकी की विश्वसनीयता की जांच की जा रही है।

धमकी भरे ई-मेल में सिर्फ अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' का ही नहीं, बल्कि मुंबई की मेयर रितु तावड़े के कार्यालय और दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया है। दिलजीत का मुंबई में 27 नवंबर को महालक्ष्मी रेसकोर्स में कार्यक्रम प्रस्तावित है।

यूक्रेन में फिर बहाल होगी स्टारलिंक सेवा : ट्रंप ने मस्क से की बात

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क को फोन किया था। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रंप ने उनसे यूक्रेन की सैटेलाइट संचार सेवा तक पूरी पहुंच बहाल करने को कहा। यह फोन उस समय किया गया, जब यूक्रेन के अधिकारियों ने सैन्य ड्रोन चलाने में नई पाबंदियां आने की शिकायत की थी। इससे पहले 21 अक्टूबर को द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रिपोर्ट दी थी कि मस्क ने यूक्रेन के सैन्य अभियानों में इस्तेमाल होने वाले स्टारलिंक नेटवर्क की गति जानबूझकर धीमी करने का निर्देश दिया था। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिकी सेना ने यूक्रेन में इस्तेमाल होने वाली सैन्य सैटेलाइट संचार सेवा में कटौती करने या पाबंदी लगाने का कोई आदेश नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'हमने कोई सेवा वापस नहीं ली है। हमारे नजरिये से कुछ भी नहीं बदला है। हमने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है। हम चाहते हैं कि यूक्रेन को सफलता मिले।' हेगसेथ ने यह भी कहा कि संचार सेवा में बदलाव से जुड़े फैसले कंपनी की सेवा शर्तों के तहत लिए जा सकते हैं और ऐसे फैसले लेने का विकल्प स्टारलिंक के पास है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी कहा कि स्टारलिंक की सेवा धीमी करने में व्हाइट हाउस की कोई भूमिका नहीं थी।

महापंचायत भाकियू के बुलावे पर लखनऊ में आयोजित महापंचायत में किसानों ने सरकार को घेरा

गन्ने के दाम, फसल मुआवजे और लेखपालों की रिश्वतखोरी पर भड़के किसान

जागरण मोर्चा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के बुलावे पर किसानों की एक बहुत बड़ी पंचायत हुई। पूरे राज्य से आए हज़ारों किसानों ने सरकार पर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने मांग की कि गन्ने का सरकारी भाव तुरंत बढ़ाया जाए और मिलों पर फंसा उनका पुराना पैसा तय समय में चुकाया जाए। किसान नेताओं ने सरकार से सीधा सवाल किया कि 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का जो वादा किया गया था, वह अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ?

मेरठ से महापंचायत में शामिल होने पहुंचे गौरव देशवाल ने बताया कि किसान 600-700 किलोमीटर का लंबा सफर तय करके अपनी व्यथा सुनाने लखनऊ आए हैं। उन्होंने कहा कि आज किसान दोहरी मार झेल रहा है—एक तरफ गन्ने का वाजिब दाम नहीं मिल रहा, तो दूसरी तरफ जमीनों का सरकारी सर्कल रेट भी सही तय नहीं किया गया है। लागत के मुकाबले फसल की कीमत न मिलने से किसान लगातार कर्ज में डूब रहा है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बदायूं जिलाध्यक्ष राम शंकर ने जमीनी स्तर की गंभीर समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि बदायूं में गन्ने के कम दाम के साथ-साथ प्राकृतिक आपदा से फसलें तबाह हो गईं, लेकिन प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा नुकसान का सर्वे करने तक नहीं पहुंचा। नतीजतन किसानों को फूटी कौड़ी का मुआवजा नहीं मिला।उन्होंने राजस्व विभाग पर खुला भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपालों की मनमानी चरम पर है। हिस्सा-फांटा (जमीन बंटवारे) के रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ी की गई है; 10 बीघे वाले किसान का रकबा 5 बीघा और 5 बीघे वाले का 2 बीघा दर्ज कर दिया गया। अब इस सरकारी गलती को सुधारने के नाम पर लेखपाल खुलेआम रिश्वत की मांग कर रहे हैं।

किसानों की प्रमुख मांगें

- गन्ने के सरकारी खरीद मूल्य में तुरंत पर्याप्त बढ़ोतरी की जाए।
- चीनी मिलों द्वारा बकाए का समय पर और एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित हो।
- क्रय केंद्रों पर घटतौली पूरी तरह रोकी जाए और पारदर्शी व्यवस्था बने।
- बर्बाद फसलों का तुरंत सर्वे कराकर उचित मुआवजा जारी किया जाए।
- राजस्व विभाग (लेखपालों) में व्याप्त भ्रष्टाचार और जमीन पैमाइश की धांधली पर सख्त कार्रवाई हो।

जामिया यूनिवर्सिटी में दीवारों पर लिखे गए विवादित स्लोगन

जागरण मोर्चा



नई दिल्ली। दिल्ली में जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में दीवारों पर विवादित नारे लिखे जाने का मामला सामने आया है जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। इन नारों में कश्मीर और शरजील इमाम को 'फ्री' करने की मांग की गई है।

दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में दीवारों पर विवादित और आपत्तिजनक नारों को लिखे जाने की बात सामने आई है। यूनिवर्सिटी में कश्मीर और शरजील इमाम को 'फ्री' करने के नारे लिखे गए हैं। इसके साथ ही आरएसएस, एबीवीपी और वीसी के खिलाफ भी नारे लिखे गए हैं।

दीवारों पर लिखे गए इन नारों के सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने इन नारों को लेकर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। फिलहाल यूनिवर्सिटी प्रशासन की प्रतिक्रिया इस पर सामने नहीं आई है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की घटना पर विश्वविद्यालय ने आधिकारिक बयान भी जारी किया है। विश्वविद्यालय ने कहा- "जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय परिसर में आपत्तिजनक ग्रैफिटी (दीवारों पर लिखे गए आपत्तिजनक संदेश) मिलने की घटना की विश्वविद्यालय कड़ी निंदा करता है। विश्वविद्यालय इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रहा है और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



बरेली देहात 2
लखनऊ, शनिवार, 24 अक्टूबर 2026

फरीदपुर में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ खंड शिक्षक निर्वाचन

कुल 73.32 प्रतिशत हुआ मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

फरीदपुर (बरेली)। बरेली-रामपुर खंड शिक्षक एमएलसी पद हेतु फरीदपुर तहसील परिसर में बनाए गए मतदान स्थल पर शांतिपूर्ण रूप से हुआ मतदान। प्रशासन द्वारा मतदान स्थल पर सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली गईं थीं। शुक्रवार की सुबह 8:00 निर्धारित समय के अनुसार जोनल मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह की देखरेख में मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। एडीएम न्यायिक दिव्या ओझा ने तहसील फरीदपुर पहूंचकर मतदान प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।वहीं राजनैतिक दलों ने मतदान स्थल तहसील परिसर के बाहर अपने-अपने कैंप लगा रखे थे हालांकि केवल भाजपा के कैंप पर ही लोगों की आवाजाही दिखाई दे रही थी। इसका कारण यह भी रहा कि भाजपा द्वारा ही विधिवत कैंपेनिंग करके अपने मतदाताओं के वोट बनवाये गए थे अन्य पार्टियों ने उसमें इतनी रुचि नहीं दिखाई। हालांकि कुछ एक निष्ठावान मतदाता समाजवादी पार्टी के कैंप पर भी पहुंचे थे। सुबह 10 बजे तक केवल 6 प्रतिशत मतदान हुआ, 12 बजे तक मतदान प्रतिशत 39 प्रतिशत रहा जोकि बाद में 2 बजे तक 59 प्रतिशत पर पहुंच गया, शाम 4 बजे मतदान बंद होने तक 73.32 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 656 मतदाताओं के सापेक्ष 481 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल के अलावा डॉ. महेंद्र देव, ईशान ग्वाल, छत्रपाल दिवाकर, पूजा वाल्मीकि, जवाहर लाल, अतुल अग्निहोत्री, अनिल राणा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी के कैंप पर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान को प्रयासरत रहे।


मतदान स्थल के बाहर भाजपा कैंप पर बैठे एमएलसी कुं .महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल व अन्य पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा



सपा कार्यकर्ता सुबह से क्षेत्र में जनसंपर्क को जुटे

फतेहगंज पूर्वी। शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। सपा नेता सूरज यादव, शिव प्रताप सिंह, राजकुमार पाल, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, पूनम सेन सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं से सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान सूरज यादव ने दावा किया कि चुनाव में सपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का भी आह्वान किया।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में 83.95% मतदान

फतेहगंज पश्चिमी। बरेली–मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव में शुक्रवार को शिक्षकों ने उत्साह के साथ मतदान किया। सुबह आठ बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम चार बजे तक चली। क्षेत्र के कुल 162 शिक्षक मतदाताओं में से 136 ने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 91 पुरुष और 45 महिला शिक्षक शामिल रहे। इस तरह कुल 83 .95 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान एसडीएम ने विभिन्न मतदान स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निगरानी करते रहे। ब्लॉक परिसर के पास भाजपा, सपा और निर्दलीय प्रत्याशियों के समर्थकों ने शिविर लगाए और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

संक्षेप समाचार



सराहनीय : मोहम्मद यूसुफ ने मंडलीय एथलेटिक प्रतियोगिता में किया प्रशंसनीय प्रदर्शन

शेरगढ़। कस्बा शेरगढ़ स्थित लाजपत राय इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र मोहम्मद यूसुफ ने बरेली में आयोजित 70वीं एथलेटिक मंडलीय प्रतियोगिता में 800 मीटर,1500 मीटर तथा 5000 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बरेली के स्वर्गीय डोरीलाल स्टेडियम में आयोजित मंडलीय 70वीं एथलेटिक प्रतियोगिता में छात्र मोहम्मद यूसुफ ने प्रशंसनीय प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। शेरगढ़ के निकटवर्ती गांव जुआ जवाहरपुर निवासी छात्र मोहम्मद यूसुफ पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी प्रशंसनीय प्रदर्शन कर नई इबारत लिख रहे हैं। छात्र मोहम्मद यूसुफ इसी महीने प्रयागराज में होने वाली प्रदेश स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतिभाशाली छात्र मोहम्मद यूसुफ के प्रशंसनीय प्रदर्शन पर कॉलेज की शिक्षकों और छात्रों में भी भारी खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा,शिक्षक राजवीर सिंह,सियाराम सिंह,प्रवक्ता संजीव कुमार आदि ने छात्र मोहम्मद यूसुफ को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।



सामाजिक संस्था ने जरुरतमंद बच्चों के लिए विद्यालय में रखा स्टेशनरी बॉक्स

फरीदपुर (बरेली)। मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक श्री सतपाल जी महाराज के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान "मिशन एजुकेशन" के अंतर्गत नगर के छंगामल मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष स्टेशनरी बॉक्स रखवाया गया। इस मुहिम में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जरूरतमंद व वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा में मदद के लिए कॉपियाँ, पेन्सिल, पेन और अन्य शिक्षण सामग्रियाँ दान कीं। बच्चों में सेवा और सहयोग की इस भावना को देखकर स्कूल प्रशासन ने इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान जूनियर सेक्शन के प्रिंसिपल भारत पांडेय और प्राइमरी सेक्शन की प्रिंसिपल मिली अग्रवाल ने "मिशन एजुकेशन" के उद्देश्यों की सराहना करते हुए इस पुनीत कार्य में विद्यालय की ओर से निरंतर सहयोग देने और बॉक्स को पूरी तरह भरवाने का आश्वासन दिया। इस सामाजिक व शैक्षणिक कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ कोऑर्डिनेटर हृदयेश तोमर, दीपेंद्र सिंह और विनोद यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई। समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य समाज के हर बच्चे तक शिक्षा के संसाधन पहुँचाना है ताकि साधनों के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

फतेहगंज पश्चिमी के नजदीक शाही में धमाके से मकान क्षतिग्रस्त, महिला घायल

फतेहगंज पश्चिमी। क्षेत्र के नजदीकी कस्बा शाही में शुक्रवार सुबह करीब 5 :40 बजे एक मकान में अचानक जोरदार धमाका होने से अफरा-तफरी मच गई। धमाके से मकान की दीवारों और लिंटर में दरारें पड़ गईं, जबकि घर में रखा अधिकांश सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अमित शर्मा की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्हें दिल्ली रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है। धमाका इतना तेज था कि रसोई की चौखट उखड़कर करीब 20 मीटर दूर दूसरी दीवार से जा टकराई। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई देने से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय मकान में परिवार के करीब 14 सदस्य मौजूद थे। अचानक हुए धमाके से परिवार के लोग सहम गए। घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, सीओ अजय कुमार और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी जुटाई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, धमाका रसोई में हुआ, हालांकि इसकी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटना की जांच में जुटे हैं। धमाका किन परिस्थितियों में हुआ, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मीरगंज एमएलसी चुनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। क्षेत्र में शुक्रवार को स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। मीरगंज ब्लॉक सभागार को इस चुनाव के लिए मुख्य बूथ बनाया गया था, जहां कुल 80.80% रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया।

अधिकारियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस बूथ पर कुल 224 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 118 पुरुष और 63 महिला मतदाताओं (कुल 181 मतदाताओं) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। उपजिलाधिकारी (SDM) निधि और क्षेत्राधिकारी (CO) अजय कुमार भारी पुलिस बल के साथ लगातार मतदान स्थल का जायजा लेते रहे और सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया।

मतदान स्थल पर राजनीतिक दलों की सक्रियता भी जोरों पर रही। भाजपा समर्थित प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लों के पक्ष में सुबह से ही भाजपा के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता डटे रहे।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, रमेश कुमी, सुधीर शर्मा, सोनू कुमी, राजू भारती, तेजपाल फौजी और भानू फौजी समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे और लगातार कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते दिखे।

27 अक्टूबर तय करेगा 2027 विधानसभा चुनाव का रूझान

बहेड़ी। शुक्रवार को संपन्न हुआ सूबे की 11 सीटों पर चुनाव कहने को बहुत सीमित या छोटा चुनाव कहा जा सकता है पर आगामी 27 अक्टूबर को आने वाला इसका परिणाम 2027 मे होने वाले विधानसभा के रूझान को परिलक्षित करेगा, इससे इन्कार नहीं किया जा सकता है। विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस या बसपा की तरफ से कोई प्रत्याशी न उतारे जाने से चुनावी मुकाबला सपा तथा भाजपा के बीच ही हुआ है और यह भी लगभग तय दिख रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भी मुख्य मुकाबला सपा और भाजपा के बीच ही होना है। विधान परिषद के इस चुनाव की खास बात यह कि इसमें स्नातक शिक्षित तथा शिक्षकों के द्वारा अपनी पसंद के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया जाता है। चुनाव परिणाम बताएगा कि शिक्षकों और स्नातक शिक्षितों ने किस राजनीतिक दल की तरफ प्रेम की पींगे बढ़ाई हैं। अभी हाल ही में दिल्ली सहित देश के क ई अन्य हिस्सों में जेन जी का नाम लेकर धरना प्रदर्शन किए गए, यह चुनाव इस बात की भी तस्दीक करेगा कि वास्तव में जेन जी चाहता क्या है? विधान परिषद के परिणाम अगर भाजपा के पक्ष में रहे तो विपक्षी दलों को अपनी राजनीतिक साख बचाने को नये सिरे से सोचना होगा और अगर चुनाव परिणाम भाजपा के लिहाज से विपरीत आते हैं तो पार्टी के दिग्गजों को भी विचार करना पड़ेगा कि भारत के भविष्य को गढ़ने में उनसे कहाँ और कितनी गंभीर चूक हुई है। 27 अक्टूबर बहुत दूर नहीं है और 2027 में भी समय अधिक नहीं बचा है। देखना होगा कि, किस राजनीतिक दल को जनता अपना खेवनहार बनाएगी।

दो बीघा जमीन के विवाद में बड़े भाई की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

फतेहगंज पश्चिमी। गांव कुरतरा में दो बीघा जमीन के विवाद को लेकर बड़े भाई की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी छोटे भाई सतीश को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा और चाकू भी बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार के अनुसार, गांव निवासी 41 वर्षीय दिव्यांग दीपचंद्र मंगलवार रात कस्बे का मेला देखकर घर लौटने के बाद अपने कमरे में सो गया था। आरोप है कि आधी रात के बाद उसके सगे छोटे भाई सतीश ने चाकू से हमला कर और डंडे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बुधवार सुबह सबसे छोटे भाई सुधीश की पत्नी पूजा जब दीपचंद्र को चाय देने उसके कमरे में पहुंची, तब घटना का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक, दीपचंद्र के पास दो बीघा जमीन थी। इसके अलावा, कमरे में साथियों के साथ शराब पीने-पिलाने को लेकर भी सतीश उससे नाराज रहता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा और चाकू बरामद किया। सीओ देवेश सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

ताला तोड़कर जनरेटर की मोटर चोरी

मीरगंज। कस्बे की अजमेरी कॉलोनी में चोर मकान का ताला तोड़कर जनरेटर की मोटर और अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। पीड़ित सद्दाम हुसैन पुत्र लतीफ अहमद ने दुनका पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि 22 अक्टूबर की शाम सात बजे मकान बंद कर दूसरे मकान पर चले गए थे। रात नौ बजे लौटे तो ताला टूटा मिला और सामान गायब था। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस से जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने और चोरी गया सामान बरामद कराने की गुहार लगाई है।

मेला देखकर लौट रहे युवकों की कार पलटी, एक की मौत, तीन गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नवाबगंज में चल रहे श्री रामलीला मेला देखकर देर रात कार से घर लौट रहे चार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गए। सड़क पर अचानक जंगली जानवर आ जाने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में देवेंद्र गंगवार (30) ने दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे में देवेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उनके दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। जानकारी के मुताबिक, क्योलड़िया निवासी देवेंद्र गंगवार, बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ज्योरा कल्याणपुर निवासी राहुल, कुशीनगर जिले के गैरी नरोत्तम निवासी सुमित चौहान और हाफिजगंज थाना क्षेत्र के चौखंडी निवासी पंकज गंगवार कार से नवाबगंज में चल रहे रामलीला मेले को देखने गए थे। मेला देखने के बाद चारों युवक रात करीब 11:30 बजे कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक कार के सामने जंगली जानवर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद कार में फंसे युवकों की चीख-पुकार सुनकर राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला और उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में देवेंद्र की मौत हो गई। अन्य तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। देवेंद्र की मौत से पत्नी प्रेमवती का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे छह वर्षीय बेटे नरेंद्र और एक वर्षीय बेटे शिवम को छोड़ गए हैं। हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में गांव की श्मशान भूमि में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

बिजली लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। धान की कटाई के दौरान कंबाइन मशीन बिजली लाइन से टकरा गई। करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता ने कंबाइन चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम त्यार जागीर निवासी देवपाल के अनुसार, उनका बेटा अमन 11 अक्टूबर को गांव के कंबाइन चालक अजय मौर्य उर्फ भूरा के साथ धान काटने गया था। दोपहर करीब दो बजे पीलीभीत के जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम डांगपट्टी में मुकुल पंडित के खेत में कटाई चल रही थी। आरोप है कि चालक ने बिजली के तारों पर ध्यान दिए बिना कंबाइन आगे बढ़ा दी। इससे मशीन बिजली लाइन से टकरा गई और पास खड़ा अमन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल पीलीभीत ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। 12 अक्टूबर को जहानाबाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। देवपाल का कहना है कि अंतिम संस्कार और अन्य जरूरी कार्यों में व्यस्त होने के कारण वह तत्काल शिकायत नहीं कर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि 22 अक्टूबर को मामले की जानकारी करने पर कुछ लोगों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक, जहानाबाद थाने में शिकायत देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने नवाबगंज और जहानाबाद थानों में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस अधिकारियों से कंबाइन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

यूसुफ जरीवाला की 19 साल बाद कांग्रेस में वापसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके यूसुफ खान जरी वाला ने बसपा छोड़कर 19 साल बाद कांग्रेस में वापसी की है। बुधवार को लखनऊ स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में उन्होंने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दर्जनों गाड़ियों के काफिले और ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने यूसुफ खान जरी वाला को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरुआत की। कांग्रेस में वापसी पर यूसुफ खान ने कहा कि वह पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों के अनुरूप जनसेवा करेंगे। जनता की समस्याएं उठाना, जरूरतमंदों की मदद करना और लोगों के बीच रहकर उनकी आवाज बनना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की बात कही। इस अवसर पर हरीश भारती, अंकित मिश्रा, अनुराग राय, संजीव सागर, नौशे खां, राजा मेंबर, अर्श यूसुफ, शहनवाज खान वारसी, मुनव्वर बेग, जाकिर हुसैन, शेर मोहम्मद, आशिक अली, सईद खां, आरयू खान, वकार अली, मोहम्मद सलमान खान और शानू सहित अन्य समर्थक मौजूद रहे।

श्रीराम ने संभाला शेरगढ़ का पदभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

शेरगढ़। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम सक्सेना ने शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। वह लखीमपुर-खीरी से स्थानांतरित होकर बरेली आए हैं। इस दौरान शिक्षकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर संवाद किया। उन्होंने ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए सभी शिक्षकों से मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही समय से विद्यालय पहुंचने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यालयों में साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय, गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन, स्वच्छ पेयजल तथा बच्चों को फल और दूध वितरण की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि इससे पहले खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार को बहेड़ी का खंड शिक्षा अधिकारी बनाने के साथ शेरगढ़ ब्लॉक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। अब श्रीराम सक्सेना शेरगढ़ का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिव स्वरूप शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विशेष गंगवार, ब्लॉक मंत्री चंद्रशेखर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, जिला संगठन मंत्री अभिषेक शर्मा, मोहित शंखधार, अभिनव उपाध्याय, नीरव शर्मा, राजीव शर्मा, जयपाल श्रीवास्तव, मोहम्मद मोहसिन खान और राम प्रकाश शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


शेरगढ़ में खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते शिक्षक। –जागरण मोर्चा



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय





बरेली। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। तहसील परिसर में बहेड़ी तथा शेरगढ़ विकास खंड के मतदाताओं के लिए बनाए गए पोलिंग बूथ पर कुल 613 मतदाता थे जिनमें से 446 यानि 72 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दमखोदा विकास खंड के पोलिंग बूथ पर कुल 55 मतदाताओं में से 48 शिक्षकों ने वोट डाले। दोनों ही जगह सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल नियुक्त किया गया था। एसडीएम गोपाल शर्मा पोलिंग बूथों पर जाकर जायजा लेते रहे। भाजपा को लेकर जैसा कहा जाता है कि वह किसी भी चुनाव को छोटा नहीं मानती, इसका सबूत शुक्रवार को देखने को मिला। बहेड़ी तथा शेरगढ़ के चेयरमैन अथवा चेयरमैन पति तथा दोनों ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी व अमरेंद्र सिंह गोल्डी, बाबी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अतुल गर्ग, सुनील रस्तोगी, जितेंद्र सक्सेना, मोहन सिंह, ललित शर्मा सहित कई अन्य भाजपा पदाधिकारी सुबह आठ बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होने से लेकर शाम चार बजे तक पार्टी के बिस्तर पर जमे रहे। समाजवादी पार्टी के बिस्तर पर तुलनात्मक रूप से कम ही लोग दिखे। यही हाल कुछ तीसरे प्रत्याशी राजेन्द्र गंगवार के बिस्तर पर देखने को मिला। यहाँ मुकाबला भाजपा प्रत्याशी डा. हरि सिंह ढिल्लों तथा सपा के डा दानिश अख्तर के बीच होना बताया जा रहा है।

शिक्षक एमएलसी चुनावः संजीव अग्रवाल ने बांटीं मतदान पर्चियां

बरेली। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन (एमएलसी) के लिए शुक्रवार को जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हुआ। कैंट विधायक एवं भाजपा के सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लों के समर्थन में सक्रिय नजर आए। उन्होंने कैंट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान की स्थिति का जायजा लिया। संजीव अग्रवाल ने कैंटोनमेंट क्षेत्र के बूथ संख्या 14 के पास पार्टी के पोलिंग बूथ पर पहुंचकर शिक्षक मतदाताओं को पर्चियां वितरित कीं। इसके बाद उन्होंने आजाद इंटर कॉलेज, बरेली इंटर कॉलेज, जीआईसी और आर्य पुत्री इंटर कॉलेज के निकट बने पार्टी के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग देने वाले पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पुलिस-प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान उमेश कठेरिया, प्रभु दयाल लोधी, अमरीश कठेरिया, अरविंद सिंह चौहान, गरिमा अग्रवाल सहित कई भाजपा पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाषनगर की घटना में लापरवाही पर चार पुलिसकर्मी निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ नामजद आरोपियों का आपराधिक इतिहास होने के बावजूद निरोधात्मक कार्रवाई नहीं करने पर एसएसपी ने की कार्रवाई, विभागीय जांच भी होगी

बरेली। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में हुई घटना के मामले में लापरवाही सामने आने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नामजद आरोपियों का पूर्व आपराधिक इतिहास होने के बावजूद उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने को गंभीरता से लिया गया है। मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू की गई है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक अनुज कुमार, बीट आरक्षी हेड कांस्टेबल 35 ओमेंद्र सिंह और कांस्टेबल 2426 तुषार कुमार शामिल हैं। चारों सुभाषनगर थाने में तैनात थे। पुलिस विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, घटना के संबंध में की गई समीक्षा में नामजद आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड के बावजूद निरोधात्मक कार्रवाई नहीं किए जाने के मामले में लापरवाही परिलक्षित हुई। इसके बाद एसएसपी ने चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का आदेश दिया। मामले में विभागीय जांच के जरिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

50 हजार में छह महीने में थमाई फर्जी डिग्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ बारादरी पुलिस ने आरोपी को दबोचा, 21 फर्जी मार्कशीट, छह सर्टिफिकेट और 11 नकली मुहरें बरामद

बरेली। कम समय में डिग्री दिलाने का झांसा देकर युवाओं को ठगने वाले कथित फर्जी डिग्री रैकेट का बारादरी पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने फर्जी मार्कशीट, प्रमाणपत्र और नकली मुहरें तैयार करने के आरोप में प्रदीप कुमार गंगवार को गिरफ्तार किया है।

उसके पास से विभिन्न विश्वविद्यालयों की 21 फर्जी मार्कशीट, छह सर्टिफिकेट, 11 नकली मुहरें, नकदी और एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस अब इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पंजाब के संगरूर निवासी राहुल सिंह ने ईमेल के माध्यम से शिकायत की थी कि बीए में प्रवेश दिलाने के नाम पर प्रदीप ने उनसे 50 हजार रुपये लिए थे। आरोप है कि महज छह महीने में उसे तीन साल के पाठ्यक्रम की बीए मार्कशीट दे दी गई। बाद में दस्तावेजों की जांच में मार्कशीट फर्जी निकली। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। शिकायत की जांच और सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने वंश अस्पताल के पीछे रेलवे ग्राउंड के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान आनंद विहार, बारादरी निवासी प्रदीप कुमार गंगवार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह डेस्टिनी एजुकेशन सेंटर चलाता है। आरोप है कि उसने नोएडा निवासी रामचरण के साथ मिलकर पिछली तारीखों में मार्कशीट तैयार करने और फर्जी डिग्रियां उपलब्ध कराने का काम शुरू किया था।

पुलिस ने बरामद दस्तावेजों और मुहरों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इस नेटवर्क के जरिए कितने लोगों को फर्जी शैक्षिक दस्तावेज दिए गए और इसमें अन्य कौन-कौन शामिल हैं।

फातिहा में गया परिवार, घर से चार लाख गायब

बरेली। बिहारीपुर मठिया में घर के लोग फातिहा में शामिल होने गए तो पीछे से अलमारी में रखे चार लाख रुपये गायब हो गए। पीड़ित मोहम्मद अलीशान वसीम ने घर में काम करने वाली महिला निशा पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में महिला पर्स और बड़ा शॉपर लेकर घर से बाहर जाती दिखाई दे रही है। अलीशान ने बताया कि 15 अक्टूबर को उनकी पत्नी हफसा, बेटी ऐरिन फातिमा और कामवाली अर्शी फातिहा में शामिल होने गई थीं। शाम करीब चार बजे वह भी परिवार के साथ वहां पहुंचे। घर में उनकी मां नाजिया सफदर, बहन नूरेयमन और कामवाली निशा मौजूद थीं। इसी दौरान पत्नी की अलमारी से रुपये गायब हो गए। उन्होंने 20 अक्टूबर को बिहारीपुर चौकी में शिकायत दी।

प्रशांत बने फार्मेसी विभाग के पहले पीएचडी शोधार्थी

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग ने शोध के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। विभाग के पहले पीएचडी शोधार्थी प्रशांत कुमार ने अपनी पीएचडी की परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। उन्होंने हर्बल औषधियों के जरिए मधुमेह नियंत्रण की संभावनाओं पर शोध किया। इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय में शोध एवं अनुसंधान गतिविधियों के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशांत कुमार ने फार्मेसी विभाग के प्रोफेसर डॉ. शशि भूषण तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूरा किया। उनके शोध का विषय "ए कॉम्प्रिहेंसिव एप्रोच ऑफ एक्सपेरिमेंटल एंड कम्प्यूटेशनल वैलिडेशन ऑफ एंटीडायबीटिक पोटेंशियल इन हर्बल एक्सट्रैक्ट" रहा। इसमें कंप्यूटर मॉडलिंग और प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों के माध्यम से चयनित हर्बल अर्क की मधुमेहरोधी क्षमता का अध्ययन किया गया। शोध का उद्देश्य यह आकलन करना था कि संबंधित हर्बल औषधियां मधुमेह नियंत्रण में कितनी प्रभावी हो सकती हैं। प्रशांत कुमार ने अपने शोध से संबंधित कार्यों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में प्रकाशित कराने के साथ विभिन्न मंचों पर प्रस्तुत भी किया। इससे फार्मेसी और हर्बल चिकित्सा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों को पहचान मिली। पीएचडी की परीक्षा के दौरान लखनऊ स्थित केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) के मुख्य वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनीष कुमार चौरसिया मौजूद रहे। इसके अलावा फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कमल किशोर, प्रोफेसर शोभना सिंह, प्रोफेसर शिव देव सिंह, प्रोफेसर विमल कुमार, प्रोफेसर योगराज सिंह, प्रोफेसर आशीष जैन सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित रहे।कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने प्रशांत कुमार की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य शोध और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करना है। प्रशांत कुमार की सफलता इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शोधार्थियों को बेहतर सुविधाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कुलपति ने शोध निर्देशक डॉ. शशि भूषण तिवारी और प्रशांत कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी होने पर शिक्षकों, शुभचिंतकों और सहपाठियों ने भी प्रशांत कुमार को बधाई दी।

राम दरबार की स्थापना के बाद भव्य भंडारा

फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे के मोहल्ला माली स्थित प्राचीन मां काली मंदिर में श्रीराम दरबार की स्थापना के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। श्रीराम दरबार की स्थापना के बाद आयोजित भंडारे में कस्बे के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों को हलवा, चना और पूड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से शुरू हुआ श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। भंडारे के आयोजन में नंद किशोर गुप्ता, बब्लू गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, सुनील गुप्ता, शंकर लाल गुप्ता आदि रहे।

एआई बदलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा स्वरूप

जागरण मोर्चा कार्यालय





बरेली। दवाओं की खोज, रोगों के उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल तकनीक की भूमिका लगातार बढ़ रही है। इसी दिशा में श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में फार्मेसी विभाग की दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें देश-विदेश के विशेषज्ञों ने फार्मास्युटिकल नवाचार और डिजिटल तकनीक के जरिए वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की। कॉन्फ्रेंस में ओमान के मस्कट स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर शाह आलम ने अल्जाइमर रोग की जटिलताओं, रोकथाम और उपचार की संभावनाओं पर विचार रखे। उन्होंने दवाओं की खोज और विकास में एआई के बढ़ते उपयोग पर भी प्रकाश डाला। वहीं, जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की प्रोफेसर जीनत इकबाल ने महिलाओं में प्रजनन संबंधी कैंसर के उपचार के लिए उन्नत नैनो आधारित औषधीय चिकित्सा की जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस के संयोजक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य फार्मास्यूटिकल विज्ञान, डिजिटल हेल्थ और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी में नवीनतम शोध को साझा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है। सह-संयोजक प्रो. (डॉ.) नीता यादव ने बताया कि कार्यक्रम में एआई, नैनोटेक्नोलॉजी, दवा पहुंचाने की आधुनिक प्रणालियों, बायोटेक्नोलॉजी, प्रिसिजन मेडिसिन, क्लीनिकल फार्मेसी और नियामक विज्ञान जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति, सीईटी के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) प्रभाकर गुप्ता और आयोजन सचिव डॉ. राशि वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों, उद्योग, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और विद्यार्थियों के बीच शोध एवं नवाचार को लेकर सहयोग बढ़ाना है।

महिला वार्ड में तीमारदार का मोबाइल उड़ाया

बरेली। जिला अस्पताल के महिला वार्ड में बुधवार रात बेटी का इलाज कराने आई सीबीगंज निवासी यासमीन के पास से एक संदिग्ध मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। शोर मचाने पर तीमारदारों ने आरोपी का पीछा किया, लेकिन अस्पताल परिसर में अंधेरा होने के कारण वह पकड़ में नहीं आ सका। यासमीन के मुताबिक, वह अपनी बेटी को भर्ती कराकर इलाज करा रही थीं। रात में एक अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकला। उन्होंने बताया कि वारदात से पहले संदिग्ध हृदय रोग विभाग के महिला वार्ड में भी पहुंचा था। वहां तीमारदारों ने उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उसे खदेड़ दिया था। घटना के बाद मरीजों और तीमारदारों में चिंता बढ़ गई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

संक्षेप समाचार



शिक्षक संघ ने उठाईं चयन वेतनमान, एरियर और प्रान किट की समस्याएं

बरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बरेली इकाई ने शुक्रवार को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद गंगवार के नेतृत्व में लेखा कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया। इस दौरान चयन वेतनमान, अवशेष चयन वेतनमान का एरियर और प्रान किट से जुड़े मामलों पर चर्चा की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यालय पहुंचे शिक्षकों की समस्याओं को उठाया और उनके निस्तारण में सहयोग किया।संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, लेखा कार्यालय में शुक्रवार को स्टाफ की उपलब्धता कम होने के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए गए। संगठन ने शिक्षकों से जुड़े लंबित प्रकरणों पर ध्यान आकर्षित करते हुए उनके निस्तारण की पहल की।इस दौरान जिला संयुक्त मंत्री अरविंद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता एवं उमेश गंगवार, मीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष अमित गंगवार, फतेहगंज ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेश गंगवार, अंकित गुप्ता, आदित्य शर्मा और अक्षय प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



ग्यारहवें दिन भी बंद रही बिलपुर क्रॉसिंग, बदायूं-दातागंज मार्ग पर बढ़ती जा रही परेशानी

फतेहगंज पूर्वी। बिलपुर रेलवे क्रासिंग पर आवागमन बंद होने से बदायूं-दातागंज मार्ग से गुजरने वाले लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। शुक्रवार को 11वें दिन भी समपार संख्या 344सी बंद रहा। साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण लोगों को दिनभर आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे की ओर से प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर बीएसएम कार्य किए जाने के चलते क्रॉसिंग से यातायात शुरू नहीं हो सका। क्रॉसिंग बंद होने से राहगीरों और वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करने के साथ समय भी गंवाना पड़ रहा है। साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों और व्यापारियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। बदायूं-दातागंज मार्ग क्षेत्र के लिए आवागमन का प्रमुख रास्ता है। ऐसे में क्रॉसिंग लंबे समय से बंद रहने के कारण स्थानीय लोगों के साथ दूसरे क्षेत्रों से आने-जाने वाले वाहन चालक भी परेशान हैं। वैकल्पिक रास्तों पर कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याएं होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर रेल संबंधी कार्य पूरा होने के बाद ही आवागमन बहाल होने की उम्मीद है। फिलहाल लोगों को रास्ता खुलने का इंतजार है।

बकरी चराते समय सांप ने काटा, 3 दिन बाद मौत

नवाबगंज। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर दान कुंवरपुर का 25 वर्षीय अजय पाल की जहरीले सर्पदंश से मौत हो गई वह जंगल में बकरियां चराने गया था, तभी झाड़ियों में छिपे जहरीले सांप ने उसे काट लिया तीन दिन तक युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझने के बाद युवक ने दम तोड़ दिया उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है परिजनों ने बताया कि रोज की तरह युवक बकरियां चराने जंगल गया था इसी दौरान झाड़ियों में छिपे जहरीले सांप ने उसे काट लिया सांप के काटने के बाद परिजन उसे पहले झाड़-फूंक का इलाज कराते रहे हालत में सुधार नहीं होने और तबीयत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया तीन दिन तक उपचार के बाद 23 अक्टूबर शाम को उसकी मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई युवक की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण एक सहारा था उसकी मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया हैघटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के वनरक्षक संजय यादव को शिकायत देकर जंगल कि झाड़ियों कि साफ सफाई कि मांग स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डाक्टर मगीश से ग्रामीणों ने गांव में सर्पदंश के उपचार के लिए एंटी-वेनम इंजेक्शन की समुचित व्यवस्था कराने की मांग।

भैंस चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

बहेड़ी। नगर के मोहल्ला मोहम्मदपुर गौंटिया से एक माह पूर्व चोरी कर ली गई एक भैंस तथा उसकी पड़िया को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरामद कर दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिक अप वाहन को भी कब्जे में लिया है। मोहम्मदपुर गौंटिया निवासी बुद्धसेन पुत्र नत्थू लाल ने बीती अक्टूबर को भैंस चोरी हो जाने की पुलिस से शिकायत की थी। मुखबिर से सटीक सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज तेजपाल सिंह टीम के साथ भोजीपुरा थाना अंतर्गत गाँव कमुआ मकरूका पहुंचे और मौके पर ही वहीं के प्रताप सिंह पुत्र रामपाल सिंह तथा मोहल्ला लोधीपुर निवासी रवि राठौर को गिरफ्तार कर बहेड़ी थाने ले आया गया जहाँ कानूनी लिखा पढ़ी के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया और पिक अप वाहन को सीज कर दिया गया।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com
बदायूं
4
लखनऊ, शनिवार, 24 अक्टूबर 2026

एक नजर

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 305 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे

बदायूं। जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को दो स्थानों पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। समरेर के राजकीय आईटीआई में सुबह सात बजे से आयोजित समारोह में 160 जोड़ों का विवाह होगा। वहीं, दातागंज तहसील के उसावां स्थित स्वर्गीय रामपाल सिंह राजकीय डिग्री कॉलेज में 145 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। दोनों कार्यक्रमों में करीब 6500 लोगों के शामिल होने का अनुमान है। जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया जाएगा। कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

प्रसव के दौरान गर्भवती की मौत, परिजनों का हंगामा

चंद कमीशन के चक्कर में आशा कार्यकर्ता ले गई फर्जी अस्पताल में, जॉइंट मजिस्ट्रेट और सीएमओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान (बदायूं)। सहसवान में प्रसव के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत का मामला सामने आया है। मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर निवासी ओम प्रकाश ने इस मामले में मोहल्ला सैफुल्लागंज स्थित निजी क्लीनिक की संचालिका बताई जा रही महिला डॉक्टर राजकुमारी और आशा कार्यकर्ता शबनम पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ओम प्रकाश पुत्र छोटे ने बताया कि वह अपनी गर्भवती पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर आशा कार्यकर्ता शबनम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान गया था। वहां मौजूद


कार्रवाई की मांग करता पीड़ित ओमप्रकाश।

चिकित्सकों ने पत्नी की हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला महिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी थी। पति का आरोप है कि इसके बाद आशा कार्यकर्ता ने उसे जिला महिला अस्पताल ले जाने के बजाय सैफुल्लागंज स्थित डॉक्टर राजकुमारी के निजी क्लीनिक पर पहुंचा दिया।


मामले की जांच पड़ताल करती थाना पुलिस। –जागरण मोर्चा

लगातार अस्पतालों की जांच कराई जा रही है। जो भी बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल संचालित पाए जाते हैं उन पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। अभियान चलाकर फर्जी अस्पतालों को बंद कराया जाएगा।
–विकास शर्मा, सीएमओ


अधिकारियों से कार्रवाई की गुहार

पीड़ित पति ने जॉइंट मजिस्ट्रेट और मुख्य चिकित्साधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। अब जांच में यह स्पष्ट होना है कि उपचार के दौरान निर्धारित चिकित्सा प्रोटोकॉल का पालन किया गया था या नहीं और महिला को समय पर उच्च चिकित्सा केंद्र क्यों नहीं पहुंचाया जा सका।

हालत बिगड़ने पर भी दूसरे अस्पताल ले जाने का आरोप

शिकायतकर्ता के मुताबिक, क्लीनिक पर उसकी पत्नी को बोतल और इंजेक्शन लगाए गए। कुछ समय बाद उसकी हालत और बिगड़ गई। पति का आरोप है कि उसने महिला डॉक्टर से पत्नी की स्थिति गंभीर होने की बात कहते हुए उसे दूसरे अस्पताल ले जाने की अनुमति मांगी, लेकिन सामान्य प्रसव होने का भरोसा देकर उसे क्लीनिक पर ही रोके रखा गया। ओम प्रकाश का दावा है कि बाद में महिला की हालत अत्यधिक नाजुक हो गई और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। पति ने उपचार के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया, समय पर रेफर किए जाने और आशा कार्यकर्ता की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के बीच उठा मामला



गौरतलब है कि सहसवान क्षेत्र में निजी अस्पतालों के संचालन को लेकर प्रशासन पहले भी कार्रवाई कर चुका है। जॉइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा के नेतृत्व में हाल ही में स्टार हेल्थ केयर और भारत हेल्थ केयर सेंटर समेत दो अस्पतालों को सील किया गया था। इसके अलावा कुछ अन्य अस्पतालों को नोटिस भी दिए गए थे। ऐसे में प्रसूता की मौत का यह मामला स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

जिले में 600 से अधिक अस्पताल, 150 ही पंजीकृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

देवेश मिश्रा

बदायूं। जिले में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि जिलेभर में 600 से अधिक अस्पताल संचालित हो रहे हैं, जबकि इनमें से करीब 150 अस्पताल ही पंजीकृत हैं। इससे साफ हो रहा है कि अस्पतालों का संचालन नियमों के विपरीत हो रहा है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन की कथित ढिलाई के चलते ऐसे अस्पतालों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है।

जिले में आए दिन गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं की मौत के मामले सामने आने से स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दो दिन पहले बदायूं

▶ अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति के आरोप

में एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान गर्भवती महिला की मौत का मामला भी सामने आया था। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई और पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई और अस्पताल संचालक को बचाने का प्रयास किया गया।यह हम नहीं बल्कि पीड़ित परिवार ने एसएसपी को दिये शिकायती पत्र में साफ कहा है। मामले में ओटी टेक्नीशियन संजय कुमार के डॉक्टर की भूमिका में काम करने के आरोप भी लगाए गए हैं। परिजनों का कहना है कि पुलिस की एफआईआर में अस्पताल संचालक और संबंधित डॉक्टर का नाम शामिल नहीं किया गया है। इसी को लेकर परिवार के लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर संबंधित डॉक्टर का नाम एफआईआर में शामिल करने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

आशाओं की भूमिका और विभागीय निगरानी पर भी सवाल

जिले में निजी अस्पतालों तक गर्भवती महिलाओं को पहुंचाने में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कुछ आशा कार्यकर्ताओं और अस्पताल संचालकों के बीच सांठगांठ के कारण महिलाओं को ऐसे अस्पतालों में भेजा जाता है, जहां उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारियों पर भी अवैध अस्पतालों को संरक्षण देने और आर्थिक लेनदेन के आरोप लगाए जा रहे हैं। इन आरोपों की जांच आवश्यक है।

कार्रवाई के बजाय जिम्मेदारी तय करने की मांग

लगातार सामने आ रहे मामलों के बीच मांग उठ रही है कि जिलेभर में संचालित निजी अस्पतालों का व्यापक सत्यापन कराया जाए। अस्पतालों के पंजीकरण, चिकित्सकों की योग्यता, ऑपरेशन थिएटर और प्रसव संबंधी सुविधाओं की जांच होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित अस्पतालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही, प्रसूता की मौत के मामलों में अस्पताल संचालक, उपचार करने वाले चिकित्सक और जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जवाबदेही तय की जाए। अब सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग अवैध अस्पतालों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कब ठोस कदम उठाएगा और प्रसूताओं की मौत के मामलों में जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई कब होगी।

ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की हुई मौत

बदायूं। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के नेकपुर के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान दातागंज कोतवाली क्षेत्र के समीर गांव निवासी सोमपाल (65) पुत्र पोप सिंह के रूप में की। परिजनों ने बताया कि सोमपाल बुधवार को उसहैत थाना क्षेत्र के असमया रफतपुर गांव में अपनी बहन के घर गए थे। इसके बाद वह नेकपुर के पास रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचे, इसकी जानकारी नहीं है। हादसे की सूचना पर पुलिस ने शिनाख्त के प्रयास किए थे। शुक्रवार को पहचान होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

बजरफुट डालने को लेकर खूनी संघर्ष, युवक के पेट में घोंपा चाकू

जागरण मोर्चा कार्यालय

इस्लामनगर। कस्बा रुदायन के वार्ड नंबर एक में घर के बाहर बजरफुट डालने को लेकर हुए विवाद में युवक के पेट में चाकू घोंपकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घायल को बचाने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रुदायन निवासी मुनेन्द्र पुत्र महेश चंद्र के अनुसार, उनका परिवार घर का निर्माण करा रहा था। इसके चलते घर के बाहर बजरफुट पड़ा हुआ था। आरोप है कि 21 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे पड़ोस में रहने वाले सुशील, अनिल, सुनील और शोभित वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मुनेन्द्र के चचेरे भाई शिवम ने विरोध किया तो आरोपियों ने एकजुट होकर उस पर हमला कर दिया। इसी दौरान सुशील ने चाकू निकालकर शिवम के पेट में घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। शिवम की चीख-पुकार सुनकर मुनेन्द्र, सुमित और अंशुल उसे बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि मौके पर लोगों के एकत्र होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की शिकायत पर इस्लामनगर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महिला समेत परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

बिल्सी। पुरानी कहासुनी को लेकर नगर के मोहल्ला नंबर छह निवासी नन्हीं पत्नी मुकेश और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, 21 अक्टूबर की रात पप्पू, सतीश, सुलवती और संदीप गिरी उर्फ लक्की ने गाली-गलौज करते हुए उसके, पति मुकेश, बेटी भावना और बेटे सुबोध के साथ मारपीट की। हमले में सभी को चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पड़ोसी के घर फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

इस्लामनगर। थाना क्षेत्र के कुरेश नगर गांव में 18 वर्षीय नवविवाहित युवक का शव पड़ोसी के घर में फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने जमीन के पुराने विवाद में पड़ोसियों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से आरोपी बताए जा रहे लोग फरार हैं। मृतक की पहचान कुरेश नगर निवासी किश्नवीर (18) पुत्र मानसिंह के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, किश्नवीर का पड़ोसियों के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि गुरुवार को पड़ोसियों ने किश्नवीर को अपने घर बुलाया। वहां उसके साथ मारपीट की गई और बाद में उसका

▶ पांच महीने पहले हुई थी शादी, जमीन विवाद में हत्या किए जाने का परिजनों ने लगाया आरोप

शव फंदे पर लटका मिला। बताया गया कि किश्नवीर की शादी महज पांच महीने पहले हुई थी। कम उम्र में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मामले को हत्या बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

पटाखा बिक्री पर सख्त निर्देश, निरीक्षण शुरू

बदायूं। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी के अस्थायी लाइसेंस जारी करने को लेकर जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम, पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को 24 अक्टूबर तक आतिशबाजी बिक्री स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। आतिशबाजी की बिक्री के लिए घनी आबादी से दूर खुले और सुरक्षित स्थान ही चयनित किए जाएंगे। बिना लाइसेंस आतिशबाजी का भंडारण या बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी से कोई घटना होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में निरीक्षण पूरा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मनोज कुमार सिंह का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में जकार्ता (इंडोनेशिया) में आयोजित एजुकेशन इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक की दसवीं रीजनल कांफ्रेंस में प्रतिभाग कर लौटे एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान अंजू शर्मा, प्रमिला सिंह, संतोष सक्सेना, पंकज कुमार, हरीश


मनोज कुमार सिंह का स्वागत करते लोग। –जागरण मोर्चा

चंद्र, अरुण जौहरी, संध्या मौर्य, शशिबाला, याचना शुक्ला, रानी, नीरज, रिंकी, संगीता यादव और शिप्रा अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मनोज कुमार सिंह ने जकार्ता में आयोजित कांफ्रेंस के अनुभव साझा करते हुए वहां हुई चर्चाओं और शैक्षिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष अंजू शर्मा ने कहा कि कांफ्रेंस में भारत से आठ सदस्यों ने प्रतिभाग किया, जिनमें उत्तर प्रदेश से प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की भागीदारी सभी के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर विनेश शर्मा, मनीष कुमार, सुचिका, अक्षित, विवेक शर्मा, अनंत भदौरिया, देवकुमार, प्रशांत कुमार, हिमांशु और अंकित कुमार सहित अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

व्हाट्सएप स्टेटस पर ओवरलोडिंग का सबूत, एआरटीओ ने ठोका बड़ा चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्रवाई के बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें वाहन स्वामी का व्हाट्सएप स्टेटस ही कार्रवाई का आधार बन गया।

धर्म कांटे की पर्ची के माध्यम से ओवरलोड वाहन से संबंधित स्टेटस लगाए जाने का मामला संज्ञान में आने पर एआरटीओ ने संबंधित वाहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1.08 लाख रुपये का चालान कर दिया। परिवहन विभाग की ओर से जिले में ओवरलोड वाहनों के संचालन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

▶ व्हाट्सएप स्टेटस बना कार्रवाई का आधार
▶ ओवरलोडिंग से बढ़ता है हादसों का खतरा

निर्धारित क्षमता से अधिक माल लादकर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है।

साथ ही सड़कों और पुलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। एआरटीओ ने वाहन स्वामियों और चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित भार क्षमता के अनुसार ही माल लादें और परिवहन नियमों का पालन करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

दुकानदार को रास्ते में घेरकर पीटा चाकू से हमला करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में दुकान बंद कर घर लौट रहे एक दुकानदार को तीन अज्ञात बाइक सवारों ने रास्ते में घेरकर पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से चाकू से वार किए, जिससे उनके पेट और हाथ में चोटें आईं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव जगत पीपरी निवासी बादाम सिंह पुत्र अफलातून की कस्बा मुड़िया धुरेकी में दुकान है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे वह दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर


जांच करती पुलिस। –जागरण मोर्चा

लौट रहे थे। मुड़िया से निकलते ही बाग के पास तीन अज्ञात बाइक सवारों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उनके पेट और हाथ पर चाकू से वार किए। जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने हमलावरों की मोटरसाइकिल का नंबर यूपी 24 एएन 5462 बताते हुए पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराने, रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में पुलिस की कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पीईटी परीक्षा तैयारियों का जायजा लेंगे सदस्य

बदायूं। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2026 की तैयारियों का जायजा लेने आयोग के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह बदायूं आएंगे। वह 24 अक्टूबर के पूर्वाह्न में जिले में पहुंचेंगे और 25 अक्टूबर के अपराह्न तक प्रवास करेंगे। इस दौरान परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। जनपद में परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी। परीक्षा को सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लेनदेन के विवाद में लाठी-डंडे चले

जागरण मोर्चा कार्यालय

आसफपुर। बिसौली कोतवाली क्षेत्र के दबतोरी गांव में 55 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे चलने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई और शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुकेश माहेश्वरी और भूपेंद्र के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। मुकेश का आरोप है कि भूपेंद्र ने करीब एक वर्ष पहले उनसे 55 हजार रुपये उधार लिए थे। गुरुवार को रुपये वापस मांगने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते


रुपये के लेनदेन में चले लाठी डंडे। –जागरण मोर्चा

विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आरोप है कि इस दौरान दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। घटना के समय मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मारपीट का वीडियो प्रसारित होने के बाद मामला चर्चा में आ गया। हालांकि, वीडियो के आधार पर घटना से जुड़े सभी तथ्यों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। थाना प्रभारी सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। दोबारा विवाद करने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

15 दिन से डटे किसान भूख हड़ताल की चेतावनी

बदायूं। मालवीय आवास गृह पर भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 15वें दिन भी जारी रहा। मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज किसानों ने भूख हड़ताल और बरेली मंडलायुक्त कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। किसानों ने बुटला दौलत के मजरा जैनुइया काछ में जमीन के कथित विवाद की निष्पक्ष जांच की मांग की। आरोप है कि प्रेमवती और भगवान दास ने रामदुलार आदि से सौदा तय करने के बाद जमीन गजराज के नाम बैनामा करा दी। वहीं, अब्बासी कॉलोनी से नई सराय तक सार्वजनिक रास्ते और नाले पर कब्जे का आरोप लगाते हुए पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने की मांग की। धरने में कई किसान मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

रजी चौक पर आधी रात को हंगामा, पति को युवती के साथ देख पत्नी ने जताया विरोध

बदायूं। शहर के रजी चौक पर देर रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक युवक को दूसरी युवती के साथ देखकर उसकी पत्नी द्वारा विरोध किए जाने की बात सामने आई। घटनाक्रम के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो में रात के समय बाजार में लोगों की भीड़ और सड़क पर खड़ी एक बाइक दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि विवाद के चलते सड़क पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस के मौके पर पहुंचने की बात भी कही जा रही है। फिलहाल, मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और घटनाक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस की कार्रवाई को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

शिक्षक निर्वाचन में 70.67 प्रतिशत मतदान, शांतिपूर्ण संपन्न हुई प्रक्रिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए शुक्रवार को जिले में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। जनपद के कुल 3,935 मतदाताओं में से 2,781 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह जिले में कुल 70.67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान के दौरान प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने नगर पालिका परिषद बदायूं तथा बिल्सी में स्थापित मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



मत देय स्थल का निरीक्षण करते डीएम एसपी। -जागरण मोर्चा

अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, मतदान प्रक्रिया और अन्य आवश्यक इंतजामों का अवलोकन किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों से मतदान की स्थिति की जानकारी लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने मतदान कार्मिकों को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। वहीं, एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान केंद्रों पर सतर्क रहने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। मतदान के दौरान सुबह 10 बजे तक 569 मतदाताओं ने वोट डाले। इस समय मतदान प्रतिशत 16.49 रहा। दोपहर 12 बजे तक 1,420 मत पड़ने के साथ मतदान प्रतिशत 36.09 हो गया। अपराह्न दो बजे तक 2,119 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे और मतदान प्रतिशत बढ़कर 53.85 पहुंच गया। मतदान समाप्त होने तक कुल 2,781 मत पड़े, जिससे अंतिम मतदान प्रतिशत 70.67 दर्ज किया गया। मतदान समाप्ति के बाद जिले के सभी 10 मतदेय स्थलों की सीलबंद मतपेटिकाएं प्राप्त कर ली गईं। इसके बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस बल की निगरानी में बरेली स्थित स्ट्रांग रूम भेज दिया गया। मतपेटिकाओं को 27 अक्टूबर तक सुरक्षित रखा जाएगा। इसी दिन बरेली में मतगणना संपन्न होगी।

शरद पूर्णिमा पर 24 घंटे रहेगा रूट डायवर्जन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। शरद पूर्णिमा एवं गंगा स्नान पर्व के मद्देनजर बदायूं पुलिस ने यातायात डायवर्जन प्लान जारी किया है। 25 अक्टूबर को कछला गंगा घाट और अटैना घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह डायवर्जन 24 अक्टूबर की रात आठ बजे से 25 अक्टूबर की रात आठ बजे तक लागू रहेगा। पुलिस के अनुसार, बदायूं से हाथरस, अलीगढ़, मथुरा और राजस्थान की ओर जाने वाले हल्के, मध्यम और भारी वाहन उझानी बड़े बाईपास से मुजरिया, सहसवान, जरीफनगर, गुन्नौर, बबराला और अलीगढ़ होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। वहीं, बदायूं से कासगंज, एटा और आगरा की ओर जाने वाले वाहनों को नौशेरा तिराहे से कादरचौक और कासगंज के गंजडुंडवारा होकर भेजा जाएगा। मुजरिया चौराहे से कछला होकर कासगंज जाने वाले वाहनों पर रोक रहेगी। इसी तरह सहसवान के कछला रोड से भी कछला होकर कासगंज की ओर वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। डायवर्जन व्यवस्था के लिए नौशेरा तिराहा, राजकीय मेडिकल कॉलेज तिराहा, उझानी बड़ा बाईपास, मुजरिया चौराहा और सहसवान के कछला रोड पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को छूट

बदायूं पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह डायवर्जन प्लान गंगा स्नान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं पर लागू नहीं होगा। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का पालन करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

चोरी की नीयत से घर में घुसने का विरोध करने पर युवक से मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिनावर। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी में चोरी की नीयत से घर में घुसने का विरोध करने की रंजिश में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी धनपाल सिंह पुत्र झांझन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे गांव के ही सुदेश पुत्र ओमकार और चमन पुत्र ज्ञानेंद्र उसके पड़ोसी सुनील पुत्र प्रहलाद के घर में दीवार फांदकर चोरी की नीयत से घुस गए थे। आरोप है कि धनपाल ने दोनों को देख लिया और पहचानने के बाद आवाज लगाई। इसी बात को लेकर दोनों उससे रंजिश मानने लगे। पीड़ित के अनुसार, 15 अक्टूबर की दोपहर वह अपनी चौपाल पर बैठा था। इसी दौरान दोनों आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने धनपाल उर्फ भूरे के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में धनपाल को चोटें आईं। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मलिक ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो महीने से दिव्यांग युवक लापता, सुराग नहीं

सहसवान। नगर के मोहल्ला अकबराबाद निवासी 25 वर्षीय मूक-बधिर युवक गोविंद दो माह से लापता है। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन परेशान हैं। युवक के पिता विशनपाल के अनुसार, उनका बेटा 13 अगस्त को बिना बताए घर से चला गया था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की थी। इसके बावजूद युवक की कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। बेटे की सलामती को लेकर चिंतित पिता ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर बेटे की तलाश कराने की गुहार लगाई है।

रामलीला मेला शुरू, विधायक का मुख्य द्वार बनवाने का भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। नगर में जनता रामलीला मेले का शुभारंभ गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता और क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्य ने फीता काटकर किया। इस दौरान धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल रहा। कमेटी पदाधिकारियों ने अतिथियों का 21 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने गणपति पूजन किया और राम दरबार में पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि रामलीला जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपराओं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम हैं। इनसे समाज में आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है। विधायक आशुतोष मौर्य ने मेले के मुख्य द्वार का निर्माण कराने का भरोसा दिलाया। रामलीला नाट्य परिषद के अध्यक्ष तेजपाल गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता और अनुज शर्मा ने अतिथियों को राम दरबार का प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कमेटी अध्यक्ष सचिन कुमार ने मेले के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। संचालन अनुपम गुप्ता ने किया, जबकि दुर्गेश वार्ष्णेय ने आभार व्यक्त किया। समारोह में ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक, मनोज गुप्ता, सुनील सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



रामलीला का उद्घाटन करते बिसौली विधायक आशुतोष मौर्या। -जागरण मोर्चा



रामलीला का फीता काट कर उद्घाटन करते इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह।

उघैती में आदर्श रामलीला का भव्य शुभारंभ, थाना प्रभारी का किया सम्मान

उघैती (बदायूं)। आदर्श रामलीला कमेटी उघैती की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ गुरुवार रात धूमधाम से हुआ। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन किया। इस मौके पर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य मनोज पालीवाल ने थाना प्रभारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उद्घाटन के बाद भगवान श्रीराम की भव्य आरती की गई। इसमें थाना प्रभारी, पुलिसकर्मियों, पत्रकारों और सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर श्रद्धा व्यक्त की। इसके बाद बाहर से आए कलाकारों ने भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना दिया। रात 11 बजे के बाद रामलीला का विधिवत मंचन शुरू हुआ। पहले दिन की लीला देखने के लिए पंडाल में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। आयोजन के दौरान धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम में उमेश चितौड़िया, बाबू सिंह प्रधान, मुनीम जी, चंद्रपाल गुप्ता सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, क्षेत्रीय लोग और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

शराब दुकान में चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

- कादरचौक पुलिस ने बदायूं और कासगंज की कई दुकानों में चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, शराब और नकदी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। कादरचौक थाना पुलिस ने शराब की दुकानों में नकब लगाकर चोरी करने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की शराब, पांच-पांच हजार रुपये की दो बरामदगियों का उल्लेख करते हुए कुल 10 हजार रुपये नकद, एक बाइक, 12 बोर का तमंचा, दो कारतूस और तीन चाकू बरामद करने की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी बदायूं के अलावा कासगंज जिले में भी शराब की दुकानों में चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं।



पुलिस हिरासत में खड़े चोरी के आरोपी। -जागरण मोर्चा

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कादरचौक थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव निवासी सूरज पुत्र धर्मपाल (24), करन पुत्र दीपचंद्र (25), अभिषेक पुत्र मनीराम (24) और बादल पुत्र रामपाल (24) के रूप में हुई है। इनके पास से 8 पीएम की पांच हाफ बोतल, आफ्टर डार्क ब्लू की 14 हाफ बोतल, ग्रैंड मास्टर के 90 टेट्रा पैक, मिस इंडिया के 90 टेट्रा पैक, बोरे में रखे 180 टेट्रा पैक और 100 पाइपर्स की एक बोतल बरामद होने की बात कही गई है। इसके अलावा एचएफ डीलक्स बाइक भी मिली है।

कई दुकानों में चोरी का आरोप

पुलिस के मुताबिक, 22 सितंबर को ककोड़ा गांव स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान से 35 हाफ बोतल चोरी हुई थीं। इसके बाद नौ अक्टूबर को असरासी गांव की देशी शराब की दुकान से नौ पेटी टेट्रा पैक, पांच केन बीयर और गल्ले से करीब 25 हजार रुपये चोरी किए जाने का मामला दर्ज हुआ था। कासगंज जिले के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के लखापुर गांव और पटियाली थाना क्षेत्र के दरियाबगंज स्टेशन के पास शराब की दुकान में चोरी की घटनाओं में भी आरोपियों की संलिप्तता बताई गई है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने की बात कही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजयवीर सिंह और कादरचौक थाने की पुलिस टीम शामिल रही।


दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

उझानी। थाना उझानी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 22 अक्टूबर को पुलिस ने विकास पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम गुदनी खोसारे, थाना बिल्सी को बरी बाईपास से बिल्सी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना उझानी में मुकदमा अपराध संख्या 223/26 दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 85 और 115(2) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया।

बदायूं-दिल्ली हाईवे पर आग का गोला बनी बाइक

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुजरिया। बदायूं-दिल्ली हाईवे पर गांव तिगोड़ा के पास एक बाइक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। बाइक धू-धूकर जलने लगी, जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। घटना मुजरिया थाना क्षेत्र में हाईवे पर हुई। बताया जाता है कि एक अज्ञात बाइक हाईवे पर खड़ी थी। इसी दौरान उसमें अचानक आग लग गई। बाइक को जलता देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई और हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि किसी ने बाइक को हाईवे पर खड़ा करने के बाद उसमें आग लगाई होगी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और मामले की जांच शुरू कर दी है। बाइक किसकी थी और उसमें आग कैसे लगी, इसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



स्वास्थ्य कर्मी ने रामगंगा में कूदकर दी जान

बदायूं। दातागंज क्षेत्र में बेलाडांडी स्थित रामगंगा पुल से शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे स्वास्थ्य विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने नदी में कूदकर जान दे दी। मृतक की पहचान दातागंज निवासी सूरजपाल शर्मा (45) पुत्र केदार के रूप में हुई है। उन्हें वर्ष 2017 में मृतक आश्रित कोटे से नौकरी मिली थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन पर कुछ लोगों का कर्ज बकाया था। वहीं, भांजे के एक युवती के साथ जाने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद दबाव की चर्चा भी है। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हुई है। कर्ज और पारिवारिक विवाद की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूरजपाल अपने पीछे तीन बेटियां छोड़ गए हैं। घटना से परिवार में शोक छा गया।

अलापुर पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

- अभियान के तहत एमवी एक्ट और आबकारी के आरोपी धरे

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को अलापुर थाना पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में अलापुर कस्बे के वार्ड नंबर सात, मोहल्ला खेड़ा निवासी शाहनूर पुत्र मोहम्मद नूर शामिल हैं। उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के मामले में गैर जमानती वारंट जारी था। दूसरे अभियुक्त वार्ड नंबर एक निवासी दयाशंकर पुत्र तोताराम हैं, जो आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) से संबंधित मामले में वारंटी थे। तीसरे अभियुक्त वार्ड नंबर 12 निवासी मोहम्मद वकील अहमद पुत्र कफील अहमद को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 147 से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों गिरफ्तारियां 23 अक्टूबर को की गईं। इसके बाद तीनों अभियुक्तों को बदायूं न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की ओर से वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

कुंवरगांव में धूमधाम से निकली श्रीराम की बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। नगर में शुक्रवार को भगवान श्रीराम की भव्य राम बारात श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। बैंड-बाजों की धुन, आकर्षक झांकियों और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। बारात के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम के स्वरूपों का स्वागत किया। राम बारात का शुभारंभ ठाकुरद्वारा मंदिर से हुआ। इसके बाद बारात सर्राफा बाजार, पोरवाल मार्केट, मुख्य चौराहे, मौर्य समाज और ग्रामदेव मंदिर सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होकर रामलीला मैदान पहुंची। यहां मेला अध्यक्ष घनेन्द्र पाल सिंह ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी सहित अन्य स्वरूपों का तिलक कर स्वागत किया।







राम बारात में करतब दिखाते कलाकार। -जागरण मोर्चा

आकर्षक झांकियों ने मोहा मन : राम बारात में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित झांकियों के साथ राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की मनमोहक झांकियां शामिल रहीं। झांकियों की सजावट और धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए नगर के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूपों के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बारात के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा की और जय श्रीराम के जयकारे लगाए।

व्यवस्थाओं का रखा गया ध्यान: नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति रानी की ओर से राम बारात के दौरान नगर में साफ-सफाई और विभिन्न स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था कराई गई। इससे बारात देखने पहुंचे श्रद्धालुओं को सुविधा मिली। वहीं, आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बारात मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच राम बारात सकुशल रामलीला मैदान पहुंची। पूरे आयोजन में धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

चोरी की बाइक के साथ वांछित आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

- उपनिरीक्षक भूप सिंह की टीम ने कोर्ट में किया पेश

बदायूं। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मुकदमा संख्या 382/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत वांछित अप्पी उर्फ करन (19) पुत्र अतरपाल को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की गली नंबर पांच का निवासी है। उसका वर्तमान पता इमली चौक, ब्रह्मपुरा, थाना कोतवाली, बदायूं बताया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की, जिसका पंजीकरण नंबर यूपी 24 बीएच 7381 है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सिविल लाइंस थाने के उपनिरीक्षक भूप सिंह और पुलिसकर्मी शामिल रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

धरने की चेतावनी पर टीम पहुंची, बिजली उपकेंद्र की जमीन मापी

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां के गंगसरा में उमेश पाल 28 जुलाई से धरने पर बैठे हैं। वे अपनी जमीन कब्जा मुक्त कराने और संतकुमार की जमीन पर बने बिजली उपकेंद्र को हटवाने की मांग कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन की चेतावनी के बाद नायब तहसीलदार अनुराग त्रिवेदी राजस्व टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बिजली उपकेंद्र की जमीन की पैमाइश की। नायब तहसीलदार ने बताया कि इसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी। बिजली विभाग के अधिकारियों से भी भूमि संबंधी दस्तावेज मांगे जाएंगे। आगे की कार्रवाई डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर बघेल ने एसडीएम के निर्देश के बावजूद तहसीलदार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने पूर्व प्रधान अरब सिंह और दारोगा गौरव चौधरी पर उमेश पाल को झूठे केस में फंसाने और जमीन कब्जाने का आरोप लगाया। इस मामले में एसआईटी टीम भी जांच कर रही है।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में 70.86 प्रतिशत हुआ मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। शिक्षक एमएलसी चुनाव में शाहजहांपुर में मतदाताओं ने जमकर जोश दिखाया।शुरुआत में धीमी लेकिन बाद में मतदान ने जमकर रफ़्तार पकड़ी।शाम होते होते लगभग 80 फीसदी तक मतदान हो चुका था। वही बात करें तहसीलवार तो मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा शाहजहांपुर में 4,825 मतदाताओं में से 3,419 ने वोट डाले।

पहले चरण में 14.13 प्रतिशत, दूसरे में 42.49 और तीसरे चरण में 63.17 फीसदी हुआ मतदान हुआ।तिलहर और जलालाबाद में भी उत्साह देखा गया। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में शाहजहांपुर जनपद में मतदान की प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की भागीदारी लगातार बढ़ती रही। 23 अक्टूबर 2026 को जारी मतदान प्रतिशत की सूचना के अनुसार, जिले में कुल 4,825 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें 3,004 पुरुष और 1,821 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के अंतिम उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 3,419 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार जनपद में कुल मतदान प्रतिशत 70.86 फीसदी दर्ज किया गया। निर्वाचन से संबंधित आंकड़ों के अनुसार, मतदान के शुरुआती चरण में 682 मतदाताओं ने वोट डाले थे, जो कुल मतदाताओं का 14.13 प्रतिशत था। इसके बाद मतदान में तेजी आई और दूसरे चरण तक 2,050 मतदाता वोट डाल चुके थे। इस समय मतदान प्रतिशत बढ़कर 42.49 हो गया। तीसरे चरण में कुल 3,048 मतदाताओं ने मतदान किया और प्रतिशत 63.17 तक पहुंच गया। अंतिम उपलब्ध आंकड़े में मतदाताओं की संख्या 3,419 और मतदान प्रतिशत 70.86 दर्ज किया गया।



शाहजहांपुर नगर निगम मतदान स्थल पर लाइन में लगे मतदाता। –जागरण मोर्चा



अपने मत का प्रयोग कर चुकीं महिला शिक्षक। –जागरण मोर्चा

सबसे कम मतदान कहां हुआ?

सूची में सबसे कम मतदान प्रतिशत 41वें मतदान स्थल, कार्यालय विकास खंड जैतीपुर में दर्ज किया गया। यहां कुल 150 मतदाताओं में से 109 ने मतदान किया और प्रतिशत 72 .67 रहा। इसके अतिरिक्त 45वें मतदान स्थल, कार्यालय विकास खंड मिर्जापुर में 306 मतदाताओं में से 229 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 74 .84 दर्ज किया गया। 40वें मतदान स्थल, कार्यालय तहसीलदार तिलहर में 287 मतदाताओं में से 205 ने मतदान किया, जबकि 43वें मतदान स्थल पर 235 में से 182 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

विकासखंडवार मतदान में रहा अंतर

जनपद के विभिन्न मतदान स्थलों पर मतदान प्रतिशत में अंतर देखने को मिला। उपलब्ध सूची में सबसे अधिक मतदान 47वें मतदान स्थल, जूनियर हाईस्कूल अल्हागंज में दर्ज किया गया। यहां कुल 92 मतदाताओं में से 79 ने मतदान किया। मतदान प्रतिशत 85 .87 रहा। वहीं 46वें मतदान स्थल, कार्यालय विकास खंड कांट में 386 मतदाताओं में से 273 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 70 .73 रहा। कार्यालय नगर पंचायत निगोही में 235 मतदाताओं में से 182 ने मतदान किया, जो 77 .45 प्रतिशत है। कार्यालय विकास खंड ददरौल में 150 मतदाताओं में से 109 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 72 .67 रहा। कार्यालय तहसीलदार तिलहर में 287 मतदाताओं में से 205 ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 71 .43 दर्ज किया गया।

कई मतदान स्थलों पर 60 से 70 प्रतिशत के बीच मतदान

आंकड़ों के अनुसार, 36वें नगर निगम हॉल कार्यालय शाहजहांपुर में 933 मतदाताओं में से 655 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 70 .20 रहा। 37वें मतदान स्थल, मिश्रीपुर ब्लॉक कार्यालय में 409 मतदाताओं में से 276 ने मतदान किया, जो 67 .48 प्रतिशत है। 38वें मतदान स्थल पर 509 मतदाताओं में से 364 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 71 .51 दर्ज हुआ। 39वें मतदान स्थल, विकास खंड कार्यालय में 143 मतदाताओं में से 90 ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 62 .94 रहा। 44वें मतदान स्थल, कार्यालय तहसीलदार जलालाबाद में 234 मतदाताओं में से 154 ने वोट डाले और मतदान प्रतिशत 65 .81 दर्ज किया गया। वहीं 48वें मतदान स्थल, कार्यालय तहसीलदार पुवायां में 529 मतदाताओं में से 336 ने मतदान किया। यहां मतदान प्रतिशत 63 .52 रहा।

शाहबाद शिक्षक एमएलसी चुनाव में 87% मतदान



शाहबाद के विकास खंड पर बने पोलिंग बूथ पर स्याही का निशान दिखाती महिला मतदाता।



पोलिंग बूथ पर वोटर्स से जानकारी लेते एसडीएम आदेश कुमार और सीओ देवकीनंदन।

जागरण मोर्चा कार्यालय

- भारी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान, सुबह 8 से शाम 4 बजे तक डाले गए वोट
- मतदान में महिलाओं ने दिखाई रूचि, काम छोड़कर वोट डालने मतदान केंद्र पहुंची आधी आबादी

शाहबाद। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एमएलसी के लिए शुक्रवार को विकास खंड शाहबाद बूथ पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। सुबह 8 बजे से ही मतदान केंद्र पर मतदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, और शाम 4 बजे तक मतदान जारी रहा। इस दौरान शाहबाद के विकास खंड बूथ पर कुल 316 वोटों में 276 वोट डाले गए। इस तरह शाहबाद में शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए 87.34 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव में महिला मतदाताओं ने भी विशेष उत्साह दिखाया और बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में 91 महिला मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया साथ ही साथ 185 पुरुष मतदाताओं ने भी वोट डाला। मतदान प्रक्रिया को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पोलिंग बूथ पर एसडीएम आदेश कुमार, सीओ देवकी नंदन, एआरओ उज्जवल अमरेश, तहसीलदार अमित कुमार सिंह, कोतवाल धनंजय सिंह और बीडीओ धीरेंद्र सिंह चौहान समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

एमएलसी चुनाव में 184 लोगों ने किया मतदान

खुदागंज। शिक्षक एमएलसी चुनाव के तहत नगर के ब्लॉक परिसर में मतदान केंद्र बनाया गया, जहां शुक्रवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। मतदान को लेकर केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदाताओं ने केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में कुल 255 मतदाताओं के सापेक्ष 184 लोगों ने मतदान किया। इस तरह मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे। मतदान के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस सतर्क रही। निर्धारित समय तक मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

फाइलेरिया मुक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनें: डॉ विवेक मिश्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और जनसमुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में 19 नवंबर से 7 दिसंबर 2026 तक एमडीए-26 अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने जनसमुदाय से अभियान में सक्रिय भागीदारी करने और फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने की विशेष अपील की है।

सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए अभियान के दौरान पात्र लोगों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दवा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवा वितरित करेंगे और लोगों को इसके सेवन के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही दवा का सेवन करें तथा स्वयं दवा लेने के साथ अपने परिवार और पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक होकर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों तक दवा पहुंच सके और इस बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। सीएमओ ने दिया संदेश— "एक खुराक, साल में एक बार— फाइलेरिया से बचाव का आधार।" उन्होंने जनपदवासियों से एमडीए-26 अभियान का हिस्सा बनने और फाइलेरिया मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने की अपील की।



सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा।

- 19 नवंबर से 7 दिसंबर तक चलेगा अभियान, घर-घर जाकर स्वास्थ्यकर्मी बांटेंगे फाइलेरिया रोधी दवा

दरवाजे के सामने खड़ा होने से इनकार करने पर की मारपीट

खुदागंज। थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव निवासी अमर सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह ने गांव के युवक और उसके पिता पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि गांव का अजय कुमार आए दिन उनके दरवाजे के सामने खड़ा होता था। उनकी बेटी सोनाली ने इसका विरोध किया तो आरोपी हमलावर हो गया। आरोप है कि इसके बाद अजय अपने पिता शांति स्वरूप के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुस आया और मारपीट करने लगा। घटना में अमर सिंह की मां सुशीला, बेटी सोनाली और बेटा सनी समेत कई लोग घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस से मामले में कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।



धूंधूं कर जली रावण की लंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

खुदागंज। आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा चल रहे रामलीला मेले में शुक्रवार को लंका दहन कार्यक्रम का मंचन किया गया इस दौरान लीला मंचन में हनुमान जी ने अशोक वाटिका पहुंचकर सीता जी को मुद्रिका दी और जब भूख लगी तो रावण की वाटिका से फल खाए और बाग में तोड़फोड़ की इस दौरान राक्षसों का संघार किया परंतु मेघनाथ द्वारा ब्रह्म पास में बांधकर उन्हें रावण के दरबार में पेश किया गया जहां उनकी पूंछ में आग लगाई गई और वह पूरी लंका में कूद-कूद कर उन्होंने पूरी लंका को जलाकर राखकर दिया। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह सौरभ गुप्ता रामशरण सिंह मुन्नू बाबूजी कृष्ण कुमार सक्सेना गिरजा शंकर कुलदीप बाथम डॉक्टर मुकेश राठौर आदिलोक मौजूद रहे।

मस्जिद में घुसकर इमाम पर हमला करने वालों पर केस

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव में मस्जिद के भीतर इमाम से गाली-गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुरादाबाद निवासी मौलाना आरिफ वर्तमान में गांव की मस्जिद में इमामत कर रहे हैं। तहरीर के अनुसार, गुरुवार देर शाम वह मस्जिद में मौजूद थे, तभी गांव के शाहरुख, चमन और असमोली निवासी सुहेल लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आए भूरा और नवी खां से भी आरोपियों ने अभद्रता की। आरोप है कि इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इमाम की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पांच लाख के बांड पर विद्यार्थी परिषद भड़की

- प्रबंधन को दी चेतावनी
- एमडी-एमएस छात्रों से सीट लीविंग बॉन्ड वसूली का विरोध, कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में एमडी-एमएस के छात्रों से पांच लाख रुपये का सीट लीविंग बॉन्ड लेने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को परिषद के कार्यकर्ता पहले कुलपति कार्यालय पहुंचे, लेकिन ज्ञापन नहीं लिया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्यायिक उपजिलाधिकारी प्रियंका चौधरी को ज्ञापन सौंपा। अधिकारी ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री संदीप सागर ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन एमडी-एमएस 2023-26 समेत अन्य बैच के छात्रों से पांच लाख रुपये का बॉन्ड ले रहा है। उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और प्रदेश सरकार के आदेशों के विपरीत बताया। परिषद का आरोप है कि बॉन्ड के साथ बैंक गारंटी लेकर छात्रों के मूल दस्तावेज भी रोके जा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कुलपति कार्यालय में ज्ञापन लेने से इनकार किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि छात्रों की समस्याओं को सुनना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। परिषद ने मांग की कि सात दिन के भीतर उच्चस्तरीय जांच समिति गठित कराई जाए और छात्रों से वसूली गई राशि ब्याज सहित वापस दिलाई जाए। साथ ही उनके मूल दस्तावेज तत्काल लौटाए जाएं।



सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी!

एबीवीपी ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में मांगें पूरी नहीं होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन, तालाबंदी और जिले स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। परिषद ने इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की बताई है। इस दौरान जिला एसएफडी संयोजक वैभव सक्सैना, महानगर सह मंत्री करन सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष मिश्रा, मयंक कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुखवीर एग्रो एनर्जी लिमिटेड फैक्ट्री ने भैंसी नदी को बना डाला बरसाती नाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

- भैंसी नदी में बहाया जा रहा फैक्ट्री का गंदा प्रदूषण वाला पानी
- अधिकारियों की अनदेखी के चलते भैंसी नदी का मिटाया जा रहा नामोनिशान

पुवायां (शाहजहांपुर)। भैंसी नदी के किनारे इनायतपुर गांव मे हाईवे के किनारेस्थापित सुखवीर एग्रो फैक्ट्री के प्रबंधन ने भैंसी नदी को बरसाती नाला बना डाला है। इसी कारण नदी सुख गई है, और जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। जिस से भैसी नदी का नामोनिशान मिटकर यह नदी सूखी नदी के रूप में तब्दील हो गई है, केवल बरसात के दिनों में ही अपनी नजर आता है ,ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से जांच कराकर नदी को कब्जा मुक्त कराने और फैक्ट्री प्रबंधन पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। फैक्ट्री निर्माण होने से पूर्व तक महर्षि नदी 12 महीना हमेशा जल प्रवाह बना रहता था। पुवायां के गांव इनायतपुर से होकर निकली भैंसी नदी की भूमि पर कुछ साल पहले स्थापित हुई सुखवीर एग्रो के प्रबंधन की नियत खराब हो गई थी। शुरुआत से सुखवीर एग्रो प्रबंध तंत्र ने नदी किनारे की जमीन को समतल करके अपने कब्जे मे ले लिया । फैक्ट्री प्रबंध तंत्र के इस कृत्य के बाद से धीरे धीरे भैसी नदी का अस्तित्व की समाप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। भैसी नदी मे बरसात के दिनो मे पानी की अबिरल धारा बहती थी, लेकिन आज वहां पर अचमन करने तक को भी जल नही मिल पाएगा। हां बरसात के दिनो मे फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी नाला का स्वरूप ले चुकी नदी से निकलती दिखाई जरूर देगी। नदी किनारे खेती किसानी करने वालो की माने तो नदी के दोनों ओर की भूमि को समतल कर कब्जा किया जा चुका है। जिससे नदी नाले के रूप में परिवर्तित हो चुकी है। क्षेत्रीय ग्रामीणो की माने तो फैक्ट्री से निकले दूषित पानी के नाले को नदी में डाल दिया गया है। नदी के भू भाग को फैक्ट्री से निकलने वाली राविश, कूड़ा, राखी आदि.डालकर उस पर गंदे पानी को बहाकर नदी को समतल हो जाने के आप लग रहे हैं1। क्षेत्र के किसानों ने इस अनैतिक कार्य की प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत भी की थी। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। अशरफ अली ने बताया कि शिकायत पर अधिकारियों की एक टीम ने स्थिति का निरीक्षण किया। और जांच की खाना पूरी की गई जब भी कोई शिकायत या मामला आता है ,तो उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। अब सवाल है की हाईवे पर स्थित फैक्ट्री के सामने से राजनेता व अधिकारी निकलते रहते हैं, लेकिन उन्हें यह सब दिखाई नहीं देता है। शासन एक ओर नदियों की सफाई पर करोड़ों का बजट खर्च करने का दावा कर रही है। वहीं शासन के सेवक इस ओर से मुंह फेर रहे हैं। जबकि एनजीटी द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार नदी किनारे कोई फैक्ट्री नहीं होनी चाहिए औरफैक्ट्री का गंदा पानी फैक्ट्री परिसिर में ही रिसाइकल कराकर प्रयोग किया जाना चाहिए। परंतु यहां नदी को ही गंदे नाले का रूप दे दिया गया है। ग्रामीण बताते हैं कि प्रशासन फैक्ट्री प्रबंधन से मिला हुआ है। जिसके चलते कई बार शिकायतें करने के बाद भी हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। राशिद अली ने बताया की फैक्ट्री द्वारा नदी में राखी व अपशिष्ट पदार्थ डालकर नदी को पाटकर कर उस पर कब्जा किया जा रहा है। फैक्ट्री द्वारा नदी में बहाए जा रहे गंदे पानी को पीने से कई पशुओं की मौत हो चुकी है। हनीफ ने बताया कि गंदे पानी को पीने से पशुओं की मौत होने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन से पानी छोड़ने को मना किया गया फिर भी फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि सुखबीर एग्रो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फैक्ट्री से निकली राखी व गंदा पानी नदी में बहाया जा रहा है। जिससे फसलें सूख रही है प्रशासन सुनने को तैयार नहीं। ग्रामीणों ने जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जांच कराकर समाधान की मांग की है।

पर्यावरण प्रदूषण अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में ईटीपी लगा हुआ है। निष्कासित जल सिंचाई हेतु प्रयोग किया जा रहा है। इसके उलट जब उनसे सवाल किया गया कि फिर यह गंदा पानी नदी में कहां से आ रहा है। इसके जवाब में उन्होंने बताया कि यदि ऐसा है। जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुवायां के उप जिला अधिकारी सदानंद सरोजने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है जांच कराकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।



फैक्ट्री का प्रदूषित पानी नदी में डालने के कारण भारी संख्या में मरी मछलियां।

दीपावली मेला में स्टालों पर उमड़ी भीड़

शाहजहांपुर। श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को केरूगंज स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सर्व समाज हितार्थ दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी निर्मल अग्रवाल विद्या और विशिष्ट अतिथि समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल विद्या ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। अतिथियों ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मेले में बनारस, रामनगर, लखीमपुर और खटीमा सहित विभिन्न स्थानों से आई महिला उद्यमियों ने करीब 28 स्टॉल लगाए। इनमें साड़ी, सूट, सजावटी सामान, मोमबत्तियां, आभूषण, हस्तशिल्प और घरेलू उत्पादों की खरीदारी हुई। समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

सम्भल में 71.42% मतदान, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ चुनाव

चंदौसी/ बहजोई। बरेली–मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत जनपद सम्भल जिले में शुक्रवार को मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हो गया। जिले में बनाए गए 7 मतदेय स्थलों पर कुल 71.42 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जनपद में कुल 3,499 पंजीकृत मतदाता 2,172 पुरुष एवं 1,327 महिलाएं थीं। इनमें से कुल 2,499 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें 1,703 पुरुष और 796 महिला शिक्षक मतदाता शामिल रहे। प्रात : 8 :00 बजे शुरू हुआ मतदान सायं 4 :00 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराया गया। समय सीमा के भीतर केंद्र में प्रवेश करने वाले सभी मतदाताओं को वोट डालने का अवसर दिया गया।

डीएम-एसपी ने शिक्षक निर्वाचन के मतदान केंद्रों का लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी/संभल। बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत हो रहे मतदान के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। शुक्रवार को जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान दोपहर में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरुआत में डीएम और एसपी ने मतदेय स्थल संख्या-101 विकासखंड कार्यालय पवांसा के कक्ष संख्या -1 का जायजा लिया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद पीठासीन अधिकारी से मतदान प्रक्रिया की प्रगति रिपोर्ट ली तथा निर्वाचन डायरी को निर्धारित प्रारूप के अनुसार दुरुस्त व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने मतदाताओं से भी बातचीत कर केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारियों ने मतदेय स्थल संख्या-100 तहसील कार्यालय संभल के कक्ष संख्या -1 का निरीक्षण किया और मतदान से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


चंदौसी तहसील परिसर में वोट डालने के लिए लाइन में खड़े मतदाता। –जागरण मोर्चा


जानकारी करती माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी। –जागरण मोर्चा


मतदान अधिकारी से जानकारी करते डीएम। –जागरण मोर्चा

राज्यमंत्री गुलाब देवी ने लिया जायजा

दोपहर के समय उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वहां मौजूद मतदाताओं और विभिन्न प्रत्याशियों के एजेंटों से बातचीत कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

चंदौसी तहसील परिसर में भी परखी गईं व्यवस्थाएं

चंदौसी। तहसील परिसर स्थित मतदेय स्थल संख्या-162 का अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी और क्षेत्राधिकारी विवेक जावला ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पीठासीन अधिकारी से मतदान की अद्यतन स्थिति जानी और प्रत्याशियों के एजेंटों से भी व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संत कुमार भारी पुलिस बल के साथ मतदान केंद्रों पर मुस्तैद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


चंदौसी तहसील परिसर मे एजेंटों से जानकारी करते एडीएम। –जागरण मोर्चा

खेल शिक्षक अनिल कपूर बने प्रदेशीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयनकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान, उत्तर प्रदेश अयोध्या के निर्देशानुसार प्रदेशीय विद्यालयी क्रिकेट अंडर-19 बालक प्रतियोगिता 2026-27 के लिए चयनकर्ता समिति का गठन किया गया है। इसमें चंदौसी के अनुभवी खेल शिक्षक अनिल कपूर कंपोजिट विद्यालय अकरौली बनियाखेड़ा को अंडर-19 बालक वर्ग का आधिकारिक चयनकर्ता नियुक्त किया गया है।

खेल के प्रति उनके लंबे अनुभव और समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व अनिल कपूर वर्ष 2006 में भी U-14 क्रिकेट टीम के कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। यह प्रदेशीय प्रतियोगिता कानपुर मण्डल द्वारा 26 नवंबर से 30 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। चयनकर्ता के रूप में अनिल कपूर 25 नवंबर को कानपुर पहुंचकर अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्भल, जिला स्काउट मास्टर सम्भल, क्रीड़ा भारती के जिला महामंत्री डॉ. गौरव मिश्रा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षा और खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।


खेल शिक्षक अनिल कपूर।

जारई गेट माल गोदाम रोड पर कबाड़ के गोदाम में भीषण आग, 4 लाख का नुकसान

गोदाम में नहीं था बिजली कनेक्शन, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं, जांच जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्र मालगोदाम रोड़ स्थित जारई गेट मील के पास बृहस्पतिवार देर रात करीब 12 बजे एक कबाड़ और रद्दी के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर समय रहते आग पर काबू पा लिया, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे में गोदाम मालिक को करीब 4 लाख रुपये के नुकसान की आशंका है।

जारई गेट माल गोदाम रोड स्थित यह गोदाम मोहम्मद आकिल कुरैशी उर्फ राजा कुरैशी निवासी मोहल्ला कुरैशियान का है। वह पिछले करीब आठ वर्षों से यहां कबाड़ और रद्दी का कारोबार कर रहे हैं। बृहस्पतिवार देर रात अज्ञात कारणों से गोदाम में आग लग गई। जब आसपास के लोगों ने आग की लपटें उठती देखीं तो तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग और पुलिस को दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर अग्निशमन विभाग को रात 1:08 बजे घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और महज कुछ ही मिनटों रात 1:20 बजे में दमकल वाहन मौके पर पहुंचे देखते हुए दो गाड़ियों को लगाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह शांत किया। यदि दमकल की गाड़ियां आने में थोड़ी भी देर होती, तो आग आसपास के अन्य रिहायशी मकानों और दुकानों तक फैल सकती थी, जिससे भारी तबाही हो सकती थी। गोदाम मालिक के हताहत होने की खबर नहीं है। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि करीब छह महीने पहले भी इसी गोदाम के ठीक बराबर में स्थित एक अन्य कबाड़ गोदाम में आग लग चुकी है। घनी आबादी के बीच लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों और निवासियों में भय का माहौल है तथा सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अनुसार, इस गोदाम में बिजली का कोई कनेक्शन नहीं था। ऐसे में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना खत्म हो जाती है। आग किस वजह से लगी, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। अग्निशमन विभाग मामले की गहनता से जांच कर रहा है। घटना में किसी जनहानि या


चंदौसी में कबाड़ के गोदाम में लगी आग। –जागरण मोर्चा


चंदौसी में कबाड़ के गोदाम में आग बुझाते दमकल कर्मी।


चंदौसी में कबाड़ के गोदाम में आग के बाद जला कबाड़। –जागरण मोर्चा

'गौ-सेवा से खुलते सौभाग्य के द्वार'

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। भारत विकास परिषद की 'शाश्वत शाखा चंदौसी के तत्वावधान में सेवा-प्रकल्प के अंतर्गत गौ-सेवा का एक भव्य और पुनीत आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा के पदाधिकारियों ने पूरी श्रद्धा करुणा और समर्पण भाव से गौमाताओं की सेवा की और उन्हें हरा चारा, चोकर, गुड़, विभिन्न सब्जियां एवं फल अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान शाखा अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद के मूल्यों को जीवन में उतारने का सर्वोत्तम माध्यम सेवा है। सेवा, सहयोग, संस्कार और समर्पण जैसे आदर्शों के अनुरूप किए गए ऐसे कार्य समाज में संवेदनशीलता जागृत करते हैं तथा भारतीय संस्कृति की जड़ों को सुदृढ़ बनाते हैं। परिषद का मुख्य ध्येय सेवा के माध्यम से समाज को जोड़ना और मानवीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने गौ-सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि गौ-सेवा से सौभाग्य और मोक्ष के द्वार खुलते हैं। सनातन संस्कृति में गौ-सेवा को पुण्य संचय, आत्मिक शांति और मोक्ष प्राप्ति का पावन मार्ग माना गया है। गौमाता की निःस्वार्थ सेवा से जीवन में सुख, संतोष और करुणा का संचार होता है। यह केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मूक प्राणियों के प्रति हमारी संवेदना और कर्तव्यनिष्ठा की सजीव अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में सेवा संयोजक पुनीत खुराना, संपर्क संयोजक गीरेंद्र अग्रवाल, अमिता सिंह, अभिषेक गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. दुर्गा टंडन सचिन गुप्ता उपस्थित रहे। सभी ने गौ-सेवा के इस पवित्र कार्य में सहभागिता कर सेवा एवं समर्पण के भाव का संदेश दिया।


चंदौसी के गोशाला में गायों की सेवा करतें पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

मुरादाबाद-बहजोई रोड पर कार-बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। मुरादाबाद-बहजोई रोड पर न्यू बाईपास स्थित शिवा ढाबे के पास शुक्रवार रात करीब 7 बजे एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे गहरी खंती में जा गिरी। हादसे के बाद कार चालक और उसका साथी मौके से फरार हो गए।

मृतक धर्मेंद्र के भाई सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके गांव अफजलपुर डरौली में बृहस्पतिवार को माता रानी का जागरण था, जिसमें शामिल होने के लिए रिश्तेदार आए हुए थे। शुक्रवार को घर पर सभी रिश्तेदारों की दावत थी। इसी दावत के सामान या अन्य काम से ये लोग चंदौसी आए थे और वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस द्वारा परिजनों को दुर्घटना की सूचना दी गई। मौके पर एक की मौत, तलाश के बाद मिला दूसरा शव हाइवे पर हुए इस भीषण हादसे में बाइक पर कुल तीन लोग सवार थेः धर्मेंद्र 32 वर्ष पुत्र चरन सिंह निवासीः अफजलपुर डरौली, थाना बनियाठेर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।बाइक पर सवार उसका साला सोनू पुत्र सत्यभान, निवासीः मेबली, थाना उघैती गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 102 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी चंदौसी लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। तीसरे


चंदौसी सीएचसी में युवकों की मौत के बाद जानकारी करतीं पुलिस।


मृतक धर्मेंद्र का फाइल फोटो।


मृतक सुमित का फाइल फोटो।

युवक सुमित 19 वर्ष, पुत्र मुकेश, निवासी गुजरेला, थाना शाहाबाद की शुरुआती तलाश में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद झाड़ियों से मिला दूसरा शव घटना की सूचना मिलते ही थाना बनियाठेर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को आशंका थी कि तीसरा युवक भी आसपास ही कहीं गिरा होगा। पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे तक घटनास्थल के आसपास गहन खोजबीन की। तलाश के दौरान खंती में गिरी कार के पास घनी झाड़ियों से सुमित को बाहर निकाला गया और तुरंत चंदौसी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। थाना बनियाठेर पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार कार चालकों की तलाश शुरू कर दी है। इस दर्दनाक दोहरी मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और शोक की लहर दौड़ गई है।

आचार्य गौरव ने सुनाई ध्रुव चरित्र की कथा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। क्षेत्र के गांव गुमथल स्थित ब्रह्मपुरी स्थल पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य गौरव कुमार शास्त्री ने सती चरित्र और ध्रुव चरित्र की कथा का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने श्रोताओं को जीवन के कई महत्वपूर्ण नैतिक और आध्यात्मिक पाठ पढ़ाए।

कथा के दौरान सती चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य जी ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले यह अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि वहाँ आपके इष्ट या गुरु का अपमान तो नहीं होगा। यदि ऐसी शंका हो, तो उस स्थान पर भूलकर भी नहीं जाना चाहिए, चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का घर ही क्यों न हो। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की बात न मानने के कारण सती को पिता के घर जाने पर अपमानित होना पड़ा और अंततः स्वयं को अग्नि में समर्पित करना पड़ा। समझाया कि राजा उत्तानपाद की पत्नी सुरुचि द्वारा ध्रुव के अपमान किए जाने पर भी उनकी माता सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे एक बड़ा पारिवारिक संकट टल गया। उन्होंने कहा कि परिवार को एकजुट बनाए रखने के लिए धैर्य और संयम की नितांत आवश्यकता होती है।

भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार और भक्ति की प्रेरणा देनी चाहिए, क्योंकि बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है, जिसे जैसा चाहें वैसा आकार दिया जा सकता है।कथा के अंत में उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरगामी न हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में सबसे श्रेष्ठ उपाय 'प्रायश्चित' को बताया गया है। इस बात को उन्होंने अजामिल के आख्यान के माध्यम से विस्तार से समझाया।

कथा के अंत में आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।इस मौके पर अजय पाठक,विवेक शर्मा,आनंद शर्मा, अनमोल पाठक,अवनेश शर्मा ,डॉ हरि सिंह, दीपक शर्मा,शशिकांत, आदर्श पाठक, ज्योति शर्मा, सर्वेश शर्मा, डॉली शर्मा, पूनम शर्मा, शिवानी शर्मा, आशा शर्मा,पुष्पा शर्मा, सोनी शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


चंदौसी के गांव गुमथल में श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथा व्यास गौरव कुमार शास्त्री।

एंटी रोमियो टीमों ने किया जागरूक

चंदौसी। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत शुक्रवार को पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला पुलिसकर्मियों और एंटी रोमियो टीमों ने चौपाल लगाईं। पुलिस टीमों ने बाजारों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पंपलेट वितरित किए। इस दौरान महिलाओं को 1090 वीमेन पावर लाइन, 112 पुलिस आपात सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल में पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल का डेमो देकर आपात स्थिति में मदद लेने के तरीके बताए।

रेलवे ट्रैक के पास लहूलुहान मिला चंडीगढ़ का युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ भैतरी फाटक के पास मिला घायल, चंदौसी सीएचसी से रेफर

चंदौसी। चंदौसी के भैतरी रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक के पास एक युवक के घायल अवस्था में पड़े होने का मामला सामने आया है। राहगीरों की सूचना पर पहुँची 108 एंबुलेंस ने युवक को तत्काल सीएचसी पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शुक्रवार को भैतरी रेलवे फाटक के पास कुछ राहगीरों ने सुबह आठ बजे एक युवक को रेलवे ट्रैक के नजदीक घायल अवस्था में पड़ा देखा। राहगीरों का अनुमान है कि युवक नशे की हालत में था और चलती हुई ट्रेन से नीचे गिर गया होगा। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना 108 एंबुलेंस सेवा को दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुँची और युवक को चंदौसी सीएचसी लेकर आई, जहाँ चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। होश में आने पर युवक ने अपना नाम अमित 30 वर्ष पुत्र राजवीर सिंह निवास लेमन चौक, चंडीगढ़ बताया। चिकित्सकों के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बीएलओ केंद्रों पर आज विशेष शिविर, बनवाएं वोट

चंदौसी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए विशेष पंजीकरण अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने समस्त नगरवासियों से जागरूक नागरिक बनकर अपने पात्र परिजनों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है या किसी कारणवश जिनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज होने से छूट गया है, वे अपने नजदीकी बीएलओ केंद्र पर पहुंचकर नया मतदाता पहचान पत्र बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का वोट बनना अत्यंत आवश्यक है।

'वोटर नाम' का घोटाला

चुनाव आयोग की एक और करतूत सामने आई है। इसे मतदाता सूची शुद्धिकरण के नाम पर 'बड़ा घोटाला' करार दिया जा सकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में मतदाताओं के नाम ही बदल दिए गए। अथवा उनके पिता का नाम ही बदल दिया गया। यह करतूत मतदाता सूची के अंतिम संस्करण के प्रकाशन के बाद सामने आई है। ऐसे कई और मामले भी हो सकते हैं कि आम मतदाता आश्वस्त होगा कि अंततः वह मतदाता बन गया है, सूची में उसका नाम दर्ज हो गया है, लेकिन जब चुनाव होंगे और वह मतदान करने जाएगा, तो सूची में कोई और नाम होगा! वह अपना सिर पीट लेगा। चुनाव अधिकारी से बहस भी करेगा और अपना मतदाता पहचान-पत्र भी दिखाएगा, लेकिन चुनाव अधिकारी के लिए तो मतदाता सूची ही मान्य और वैध दस्तावेज है। देश का मतदाता असहाय है। यह चुनाव आयोग आखिर कर क्या रहा है? उसके मंसूबे क्या हैं? क्या वाकई वह लोकतंत्र को कुतर रहा है? कांग्रेस ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुछ बेहद गंभीर और संवेदनशील खुलासे किए हैं। उप्र की पीलीभीत सदर विधानसभा सीट का ही उदाहरण लें, तो कोई भी चौंक सकता है। इस क्षेत्र में 13,150 मतदाताओं के नाम बदल दिए गए हैं, हालांकि मतदाता पहचान-पत्र के 'एपिक' और सीरियल नंबर यथावत हैं। इस क्षेत्र की मतदाता सूची से 804 नाम गायब कर दिए गए हैं, जबकि वे लोग अब भी वहीं रहते हैं। करीब 2600 ऐसे नाम सूची में जोड़े गए हैं, जो उस क्षेत्र के निवासी ही नहीं हैं। बताया गया है कि एक ही विधानसभा क्षेत्र में 16,554 मतदाताओं के नाम को लेकर गड़बड़झाला किया गया है। इस संदर्भ में कांग्रेस ने प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करा दी है। बेशक यह अवैध और आपराधिक करतूत है, जो मानवीय गलती के कारण हुई या चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ की गई! जांच-पड़ताल में यह तथ्य भी सामने आया है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में 124 सीटों पर करीब 10,000 मतों से ही जीत-हार हुई थी। जीतने वाले अधिकतर भाजपा उम्मीदवार थे। यदि यह घोटाला न किया जाता, तो चुनाव नतीजे कुछ और ही होते! एक और खोज खबर सामने आई है कि चुनाव आयोग का ईसीआईनेट पोर्टल मुख्यालय से ही 'ऑन-ऑफ' किया जाता है। सभी मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) उसे नहीं देख सकते। जो सॉफ्टवेयर के जरिए पोर्टल में देख सकते हैं, उन्हीं के लिए वह सिस्टम 'ऑन' किया जाता है। क्या इस सिस्टम का भी 'केंद्रीकरण' कर दिया गया है और मतदाताओं के नाम मुख्यालय से ही जोड़े-काटे जाते हैं? 'इंडियन एक्सप्रेस' की खोज-खबर में एक चुनाव आयुक्त ने इस मुद्दे पर भी सवाल उठाया था। हालांकि यह कोई स्थापना या आरोप नहीं, बल्कि हमारा सवाल है। यदि चुनाव आयोग अपनी लंबी चुप्पी तोड़े, तो देश के सामने इस सवाल का स्पष्टीकरण भी दे सकता है। यकीनन यह लोकतंत्र-विरोधी, मतदाता-विरोधी साजिश है, जिसके जरिए हररोज नए खुलासे सामने आ रहे हैं। उप्र में मार्च-अप्रैल, 2027 में चुनाव होने हैं। यदि विपक्ष के 11 नेता, एसआईआर और सीईसी के खिलाफ, सर्वोच्च अदालत में साझा याचिका दाखिल कर सकते हैं, तो 11 नेता इक_ा होकर चुनाव आयोग के मुख्यालय भी जा सकते हैं और सीईसी ज्ञानेश कुमार गुप्ता को स्पष्टीकरण के लिए बाध्य कर सकते हैं। आश्चर्य है कि दोनों चुनाव आयुक्त भी इन तमाम संदर्भों में खामोश हैं। चुनाव आयोग ने उस खोज-खबर का आज तक खंडन नहीं किया और न ही अखबार के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया। यानी वे खुलासे सच थे ना! उप्र में ही 2.04 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। बंगाल में 27.16 लाख मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित कर दिया गया था, यह भी सामने आया है।

जानलेवा होती हवा: सर्दियों से पहले ही प्रदूषण की चुनौती



सर्दियों ने अभी पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है कि देश के अनेक शहरों की हवा में प्रदूषण का जहर घुलने लगा है। दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता का तेजी से बिगड़ना इस बात का संकेत है कि प्रदूषण का संकट अब केवल सर्दियों की मौसमी समस्या नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय प्रबंधन, शहरी विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती बन चुका है। हर साल अक्टूबर-नवंबर में दमघोंटू धुंध, आंखों में जलन, सांस लेने में कठिनाई और अस्पतालों में बढ़ती मरीजों की संख्या के साथ यह संकट सामने आता है। विडंबना यह है कि समस्या के कारणों की पहचान होने और उपायों की जानकारी उपलब्ध होने के बावजूद हम हर वर्ष उसी त्रासदी को दोहराने के लिए विवश दिखाई देते हैं। सवाल यह है कि क्या स्वच्छ हवा में सांस लेना भी अब नागरिकों के लिए एक दुर्लभ सुविधा बनकर रह जाएगा? वायु प्रदूषण किसी एक कारण या किसी एक राज्य की देन नहीं है। वाहनों से निकलने वाला धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण स्थलों से उड़ती धूल, सड़कों पर जमा मिट्टी, कचरा और जैविक पदार्थ जलाना, ताप विद्युत संयंत्रों से होने वाला उत्सर्जन तथा कृषि अवशेषों का दहन इसके प्रमुख कारणों में शामिल हैं। सर्दियों में तापमान गिरने, हवा की गति कम होने और वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण प्रदूषक जमीन के निकट जमा हो सकते हैं। इससे प्रदूषण का प्रभाव अधिक गंभीर हो जाता है। इस प्रकार मौसम समस्या को बढ़ाता अवश्य है, लेकिन प्रदूषण पैदा करने वाले मूल कारण मुख्यतः मानवीय गतिविधियों और उनके अपर्याप्त नियमन से जुड़े हैं।

दिल्ली-एनसीआर की स्थिति इस संकट का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। दिल्ली के साथ गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद और आसपास के अनेक शहर एक-दूसरे से जुड़े वायु क्षेत्र का हिस्सा हैं। इसलिए केवल दिल्ली की सीमाओं के भीतर उपाय करने से समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है। हवा किसी प्रशासनिक सीमा को नहीं मानती, वह प्रदूषण को भी एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र तक पहुंचाती है। अतः समाधान भी क्षेत्रीय सहयोग, साझा जवाबदेही और समन्वित कार्ययोजना पर आधारित होना चाहिए। वायु प्रदूषण का सबसे भयावह पक्ष उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव है। विशेष रूप से पीएम 2.5 जैसे अत्यंत सूक्ष्म कण फेफड़ों की गहराई तक पहुंच सकते हैं और कुछ परिस्थितियों में रक्तप्रवाह तक प्रवेश कर सकते हैं। इनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों, स्ट्रोक और समयपूर्व मृत्यु का जोखिम बढ़ता है। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं तथा पहले से बीमार लोगों पर इसका प्रभाव विशेष रूप से गंभीर हो सकता है।

यह संकट केवल सांस के मरीजों तक सीमित नहीं है। स्वस्थ दिखाई देने वाले लोगों की कार्यक्षमता, एकाग्रता और जीवन की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। स्कूल जाने वाले बच्चों को खुले मैदान में खेलने से रोकना पड़े, बुजुर्ग सुबह की सैर छोड़ने को विवश हों और श्रमिकों को जहरीली हवा में काम करना पड़े, तो यह केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि जीवन की गरिमा और नागरिकों के स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा प्रश्न है। एयर प्यूरीफायर या मास्क कुछ परिस्थितियों में व्यक्तिगत बचाव में सहायक हो सकते हैं, लेकिन वे स्वच्छ हवा की सार्वजनिक व्यवस्था का विकल्प नहीं बन सकते। प्रदूषण बढ़ने पर ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करना आवश्यक है। इसके अंतर्गत प्रदूषण की गंभीरता के अनुसार निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध, वाहनों और उद्योगों पर नियंत्रण तथा अन्य आपातकालीन कदम उठाए जाते हैं। लेकिन इन उपायों की सफलता केवल आदेश जारी करने से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर निगरानी से सुनिश्चित होती है। यदि प्रतिबंधों का उल्लंघन होता रहे, निर्माण स्थलों पर धूल उड़ती रहे और कचरा खुले में जलता रहे, तो सरकारी घोषणाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे सकतीं। सरकार को प्रदूषण के चरम पर पहुंचने की प्रतीक्षा करने के बजाय सितंबर-अक्टूबर से ही तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। प्रदूषण के स्रोतों की पहचान, औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण, सड़कों की नियमित सफाई, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और वाहनों के उत्सर्जन की जांच पहले से सुनिश्चित की जानी चाहिए। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना, इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देना, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार करना और प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई करना दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। कृषि क्षेत्र में पराली जलाने की समस्या का समाधान किसानों पर जुर्माना लगाने भर से नहीं होगा। उन्हें फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए सस्ती मशीनें, तकनीकी सहायता, आर्थिक प्रोत्साहन और स्थानीय स्तर पर उपयोग की सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। किसानों को समस्या का भागीदार नहीं, समाधान का सहयोगी बनाना होगा। प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। नागरिकों को निजी वाहनों का अनावश्यक उपयोग कम करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, कचरा और पत्तियां न जलाने तथा ऊर्जा की बचत करने जैसे कदम उठाने होंगे। पर्यावरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना और स्थानीय स्तर पर स्वच्छता एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने के प्रयासों में भाग लेना भी आवश्यक है। मीडिया, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों को जनजागरूकता अभियान चलाने चाहिए, ताकि स्वच्छ हवा का महत्व केवल प्रदूषण के चरम पर ही याद न आए।

सियासी समीक्षा का दौर शुरू



अगले विधानसभा चुनाव की कुछ शर्तें तय हो रही हैं और यह एक रूटीन सी है कि सत्ता अपना चौथा साल इस लिहाज से जाहिर करे। विपक्ष का कदमताल अपनी संगठन की ताकत का हिसाब दे। हिमाचल में एक हिसाब केंद्र बनाम राज्य की पटरी पर खड़े अवरोधों का भी होगा। कर्मचारियों की शिनाख्त में सरकार के फैसलों का महाकुंभ दिखाई दे, इसलिए वहीं पुरानी गंगा में कुछ पाप धुलेंगे। राजनीति का अपना ढर्रा है और इसलिए मुकाबला यह कि किस पार्टी में अधिक गुट हैं। अनूठे मिलन समारोह और आतंरिक रार की तहों में फिसलते समीकरण। कुल मिलाकर अब राजनीतिक समीक्षा का यह दौर मुकाबलों की नई फेहरिस्त पैदा करेगा। कांग्रेस और भाजपा के बीच संयोजकों के तहत किलेबंदियां। भाजपा अपने प्रचार के औजार पैने कर रही है, तो कांग्रेस की जमात 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के साहसिक कदम उठाती हुई दिखाई देगी। महत्त्वपूर्ण यह नहीं कि सियासी युद्ध किस करवट बैठेंगे, बल्कि यह है कि सत्ता अपना राजनीतिक अनुष्ठान कैसे करती है। सरकार के पास रिपोर्ट कार्ड है, जिसका इस्तेमाल पंचायत, शहर से समूचे प्रदेश तक हो सकता है। नई पंचायतों की गणना के तिलक अगर ठौर बनाने तक सफल हो गए तो यह कवायद याद की जाएगी। नगर निकाय अगर नागरिक सहूलियतों में इजाफा कर पाएंगे, तो सरकार की पदवी संभल जाएगी। ऐसे में सरकार को अपने फैले हुए प्रयासों को समेटना होगा और बजट की लागत से खड़े किए गए स्तंभों को अच्छे से पेंट करना होगा। बेशक सरकार ने कई मॉडल बनाने शुरू किए, जिन्हें अब पूर्ण रूप से पेश करना होगा। गारंटियों के राजनीतिक दौर अब आगामी चुनाव की फतह को प्रदर्शित करने का जरिया बन सकते हैं और सरकार अगर इसे फार्मूला रेस की तरह निभा पाई तो अंतर देखा जाएगा। राजनीति खुद को देखने के साथ-साथ कर्मचारी वर्ग को कितना देख पाती है, यह एक गोल्डन रूल सदा रहा है।

हिमाचल के विधानसभा चुनावों से मुख्यमंत्रियों की ताकत ऐसे फैसलों में महसूस होती रही है, जो अति उदार और लोकप्रियता के मानकों पर आधारित होती है। जाहिर है सुखविंदर सुक्खू भी अपनी महिमा के अनुरूप जनता की ऐसी जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास कर रहे हैं। अंततः जनता क्या देखना चाहेगी यह तय करना विपक्ष में जिम्मेदारी का एहसास रहा है। बतौर नेता विपक्ष जयराम ठाकुर सरकार के विरोध में अपनी पताका फहराते हुए कहां पहुंचे, इसका अवलोकन ही बता पाएगा कि भाजपा में कौनसा गुट भारी है। कम से कम यह तो दिखाई देता है कि जयराम ठाकुर की मुलाकातें दिल्ली में प्रधानमंत्री के कक्ष में सुकून से होती हैं। एक गणित उन्हें दिल्ली दरबार से तमाम उत्तराधिकार और दायित्व प्रदान करता हुआ दिखाई देता है। दूसरी तरफ राजनीतिक व प्रशासनिक तौर पर सशक्त बनकर उभरे सुखविंदर सिंह सुक्खू भी कांग्रेस के मॉडल में अपनी जगह की मजबूती से आगामी चुनाव को देख रहे हैं। ऐसे में क्या पिछले चार साल का राजनीतिक दौर ही आगामी चुनाव का आमना सामना करेगा।

क्या प्रदेश के पूर्व में सुखविंदर सिंह सुक्खू या पश्चिम में जयराम ठाकुर होंगे या उत्तर-दक्षिण ध्रुव बदलेंगे। जो भी हो चार वर्ष के खाके में सत्तारूढ़ दल की सारी कर्मठता, कार्यसंस्कृति और क्षमता सुक्खू के हाथों में है। दूसरी ओर जयराम ठाकुर भी अपनी जमीन से अगर इंच भी पीछे नहीं हटे, तो आगे बढ़ते उनके अरमान हमेशा दो दो हाथ करते रहे हैं। अब देखना यह है कि भाजपा अपने केंद्र से कितनी शक्ति-कितनी ऊर्जा जयराम को देती है या केंद्र सरकार के कौन से फैसले हिमाचल को मरहम लगाते हैं। दूसरी ओर सुक्खू का रिपोर्ट कार्ड 68 विधानसभा क्षेत्रों में कितनी ग्रीन बसें या हेलिकॉप्टर उड़ाता है। प्रदेश में इस बार फोरलेन का जाल, उड़ान योजना की उड़ान या बनते संवरते गगल एयरपोर्ट का भी हिसाब होगा। यही हिसाब सरकार के मंत्रियों और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच भी होगा। यहां दोनों पार्टियों की अपनी-अपनी परंपराओं और पृष्ठ भूमि पर भी बहस का दौर शुरू हो रहा है। क्या दूसरी बार सुक्खू या हर बार जयराम के बीच अंतिम वर्ष की पैमाइश शुरू हो रही है या होगी, यह काफी हद तक हिमाचल के मध्यवर्गीय मतदाता पर निर्भर करेगा।

वार पर वार दरकती भरोसे की दीवार

आज के ई-युग में हमारा दायरा जितना बड़ा होता जा रहा है, भरोसे की दीवार में उतने ही छेद बढ़ते जा रहे हैं। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर 'दावों' के साथ अनेक बेबुनियाद चीजें परोसी जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर कहां और किस स्तर पर किसी के साथ कितना बड़ा धोखा हो जाये कहा नहीं जा सकता। कदम-कदम पर टूटते भरोसे के इस दौर में जाने-माने कथाकार सुदर्शन की एक कहानी 'हार की जीत' याद आती है। कहानी का सार इस तरह से है—डाकू खड़क सिंह को बाबा भारती का घोड़ा (सुल्तान) बहुत भा जाता है। पहले वह घोड़ा उसे दे देने की विनती करता है। फिर धमकी देता है। जब किसी तरह से बाबा भारती नहीं मानते तो बीमार अपाहिज भेष रखकर मदद मांगता है और बाबा भारती के घोड़े को लेकर भाग जाता है। बाबा भारती उसे रोकते हैं और कहते हैं कि बेशक घोड़ा ले जा, लेकिन धोखा देने की इस कहानी को किसी को बताना मत, नहीं तो कोई किसी पर भरोसा नहीं करेगा। इस कहानी के नायक को दुख इस बात का है कि भरोसा टूटेगा तो अनर्थ हो जाएगा। कहानी के अंत में डाकू उस घोड़े को चुपचाप बाबा भारती के अस्तबल में बांध आता है, यानी उस पर बाबा की सीख का असर पड़ जाता है, लेकिन आज के दौर में एक के बाद एक भरोसा तोड़ने की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। 'हार की जीत' कहानी एक सीख देती थी, लेकिन अब तो आये दिन भरोसा टूटने की खबरें आती हैं। किसी सीख का असर नहीं, धोखेबाज लोगों पर कानून का भी खौफ नहीं। असल में आज के ई-युग में हमारा दायरा जितना बड़ा होता जा रहा है, भरोसे की दीवार में उतने ही छेद बढ़ते जा रहे हैं। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर 'दावों' के साथ अनेक बेबुनियाद चीजें परोसी जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर कहां और किस स्तर पर किसी के साथ कितना बड़ा धोखा हो जाये कहा नहीं जा सकता। उधर, साइबर ठग हैं जो हर समय इसी पर मंथन करते रहते हैं कि अब कौन-सा जाल बिछाया जाये, इधर, ऐसे भी मामले सामने आए हैं कि जिन पर विश्वास का एक लेबल चस्पां था, वे ही अविश्वास का जाल बुनते रहे। हरियाणा के आईडीएफसी, एयू बैंक फ्रॉड मामला हो या फिर चंडीगढ़ में सरकारी पैसे का इधर से उधर होना, आखिर क्या है? भरोसे का खून ही तो है। जांच चल रही है, कई अधिकारी निलंबित किए जा चुके हैं, लेकिन भरोसा तो तोड़ा ही गया। शुरुआती जांच में यही सामने आ रहा है कि मौज-मस्ती के लिए सारे नियम-कानून और अपने ओहदे तक को ताक पर रख दिया गया।

जी का जंजाल है मगर बिना इसके जी नहीं लगता



मोबाइल जी का जंजाल है। इसके बिना व्यक्ति का जी नहीं लगता। कुछ देर के लिए मोबाइल पास में न हो, तो जी घबराने लगता है। लगता है, मानो लोगों की आत्मा मोबाइल में ही बसा करती है। बिना मोबाइल के आदमी की मोबिलिटी भी आशंकाओं से घिर जाती है। लोग पूछने लगते हैं, 'भैया, आजकल हो कहां? दिखाई नहीं दे रहे हो!' भूलवश मोबाइल कहीं छूट जाए, तो लगता है कि आदमी भरी भीड़ में भी नितांत अकेला पड़ गया है। आशंका सताने लगती है कि कोई आकर लूट न ले। बिना मोबाइल के वाहन चलाना किसी बिगड़े हुए जानवर की सवारी करने जैसा प्रतीत होता है। जानवर किसी भी दिशा में दौड़ा ले जाएगा और हम रास्ता भटक जाएंगे। मैप के सहारे दौड़ते वाहनों के चालकों की नज़र सड़क पर कम और मोबाइल पर अधिक टिकी रहती है। हालत यह है कि लोगों को रोज़मर्रा के आने-जाने वाले रास्ते तक याद नहीं रहते। इधर जनकलाल बड़ी बेचैनी से बिस्तर पर लेटे हुए मोबाइल देख रहे थे। कानों में 'तारहित ध्वनि-यंत्र' ठूंसे हुए थे और व्हाट्सऐप के माध्यम से ज्ञान-परिमार्जन का क्रम जारी था। जनकलाल अपनी बीमार तबीयत का हाल-ए-बयां फेसबुक पर साझा कर चुके थे। कमेंट्स की झड़ी लगी हुई थी। उनकी बीमारी की ख़बर यूट्यूब और रील-तंत्र तक भी पहुंच चुकी थी। रीलों के जंजाल में हृदयाघात से संबंधित रीलों का तांता लग गया था, तो यूट्यूब पर हृदय रोग विशेषज्ञों के वीडियो अटे पड़े थे। कहते हैं कि मरीज को अपनी बीमारी के बारे में बार-बार नहीं सोचना चाहिए, अन्यथा उसके लक्षण और प्रबल हो जाते हैं तथा तकलीफ़ बढ़ जाती है। ऐसा करते-करते स्वस्थ व्यक्ति भी स्वयं को बीमार महसूस करने लगता है। यमदूत जैसे ही जनकलाल के शयनकक्ष में प्रकट हुए, इंद्रजाल में उलझा उनका हृदय एकाएक थम गया। पल-पल उनके स्वास्थ्य की जानकारी मुहैया कराने वाला हमसफ़र मोबाइल हाथ से छूटकर फ़र्श पर जा गिरा। जनकलाल की आत्मा हड़बड़ाकर शरीर से बाहर कूद आई और पलंग के नीचे मोबाइल ढूंढ़ने लगी। यमदूत जनकलाल की बेसब्री देखकर मुस्कुराया और बोला, 'हे पुण्यात्मा! अब इसकी कोई ज़रूरत नहीं है। आपको बिना मोबाइल के ही मृत्युलोक से विदा होना पड़ेगा। वहां मोबाइल-फोबाइल का कोई चक्कर नहीं है। वहां तो परम शांति रहती है।' लेकिन जनकलाल की आत्मा विदा होते-होते भी कसमसाती हुई गुनगुना रही थी—'ओ साथी रे... मोबाइल बिना भी क्या जीना!'


अंबानी के कारोबारी का अचानक मुरीद क्यों हुआ अमेरिका?



गुजरात स्थित जामनगर में बुधवार को एक ऐसी मुलाकात हुई, जिसके मायने किसी औद्योगिक दौरे से कहीं ज्यादा बड़े हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल-साइट ऑयल रिफाइनरी देखने पहुंचे, जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी तथा एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने उनका स्वागत किया। उनके साथ भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी मौजूद रहे। सवाल यह है कि अमेरिका के शीर्ष राजनयिक ने दिल्ली के बजाय जामनगर को इतना महत्व क्यों दिया? जवाब है तेल, ऊर्जा सुरक्षा, वेनेजुएला का भारी कच्चा तेल और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बढ़ता दबाव।

हम आपको बता दें कि जामनगर में रुबियो को केवल रिफाइनरी की विशाल मशीनें और अत्याधुनिक तकनीक नहीं दिखाई गई, बल्कि रिलायंस के उस औद्योगिक सामर्थ्य से भी परिचित कराया गया, जिसकी जरूरत आज अमेरिका को भी महसूस हो रही है। कंपनी के मुताबिक, अंबानी ने उन्हें रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स के अलावा निर्माणाधीन डेटा सेंटरों और चरणबद्ध तरीके से शुरू हो रही न्यू एनर्जी गीगा-फैक्ट्रियों की जानकारी दी। बातचीत में पारंपरिक ऊर्जा, नई ऊर्जा, तकनीकी सहयोग, मजबूत सप्लाई चेन और डेटा सेंटरों के लिए भरोसेमंद बिजली की जरूरत जैसे मुद्दे शामिल रहे। यानी चर्चा सिर्फ तेल खरीदने-बेचने की नहीं, बल्कि ऊर्जा और डिजिटल अर्थव्यवस्था के भविष्य की भी थी। हम आपको बता दें कि जामनगर रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स की संयुक्त कच्चा तेल प्रसंस्करण क्षमता प्रतिदिन 14 लाख बैरल है। इसमें 1999 में शुरू हुई पहली रिफाइनरी और 2008 में चालू हुई निर्यात-केंद्रित दूसरी रिफाइनरी शामिल हैं। रिलायंस के मुताबिक, यह कॉम्प्लेक्स 216 से अधिक प्रकार के कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर चुका है। इसकी सबसे बड़ी ताकत भारी और अधिक सल्फर वाले कच्चे तेल को भी उपयोगी पेट्रोलियम उत्पादों में बदलने की क्षमता है। यही क्षमता इसे अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से अहम बनाती है। वेनेजुएला का भारी कच्चा तेल दुनिया की हर रिफाइनरी आसानी से संसाधित नहीं कर सकती। लेकिन रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी इस मामले में विशिष्ट क्षमता रखती है। अमेरिका की वेनेजुएला-केंद्रित तेल रणनीति और वहां से कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाने की कोशिशों के बीच रिलायंस एक महत्वपूर्ण संभावित साझेदार बनकर उभरी है। रुबियो ने साफ कहा कि रिलायंस के पास वेनेजुएला समेत पश्चिमी देशों में निकलने वाले भारी कच्चे तेल को रिफाइन करने की खास क्षमता है। यही वजह है कि अमेरिका रिलायंस के साथ मिलकर काम करने के नए रास्ते तलाश रहा है। अनुमानों के मुताबिक, अक्टूबर में रिलायंस हर दिन वेनेजुएला से करीब 3.5 लाख से 3.7 लाख बैरल कच्चा तेल मंगा सकती है। इससे साफ है कि वेनेजुएला के तेल को इस्तेमाल करने की अमेरिकी रणनीति में जामनगर रिफाइनरी की भूमिका बेहद अहम हो सकती है। इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पहलू अमेरिकी घरेलू अर्थव्यवस्था है। अमेरिका में डीजल की कीमतों में उछाल और ईंधन आपूर्ति को लेकर चिंताओं के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर भारी दबाव है। नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले महंगे ईंधन का मुद्दा राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील है। रिलायंस इस तस्वीर में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जामनगर से डीजल, पेट्रोल और विमानन ईंधन सहित बड़ी मात्रा में रिफाइंड उत्पाद दुनिया भर में भेजे जाते हैं। रिपोर्टों के मुताबिक 2025 की पहली छमाही में जामनगर से 2.166 करोड़ टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात हुआ। इसमें 98.1 लाख टन डीजल, 61.4 लाख टन पेट्रोल और 20.6 लाख टन जेट ईंधन शामिल था। यूरोप इन उत्पादों का सबसे बड़ा क्षेत्रीय बाजार रहा। साथ ही अमेरिका के लिए रिलायंस की अहमियत सिर्फ उसकी रिफाइनरी तक सीमित नहीं है। भारत में अमेरिकी गैस की बढ़ती मांग भी इसकी बड़ी वजह है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : रामपाल सिंह

भीमताल में जनपद नैनीताल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय

भीमताल, नैनीताल। बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, उत्तराखंड सरकार के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्य मंत्री रामपाल सिंह ने भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में नैनीताल जनपद के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी वर्तमान स्थिति तथा आमजन तक उनकी पहुंच को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान उपाध्यक्ष दर्जा मंत्री रामपाल सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते



भीमताल में आयोजित समीक्षा बैठक लेते दर्जामंत्री रामपाल सिंह। –जागरण मोर्चा

हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पहुंचे।किसी भी योजना की सफलता तभी मानी जाएगी, जब उसका लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे।इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उपाध्यक्ष रामपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों को केवल कार्यालय तक सीमित न रहकर फील्ड में जाकर धरातल की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के निर्देश भी दिये गये।उन्होंने कहा कि जनसेवा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक अधिकारी को इसी भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे और प्रधानमंत्री, सीएम के विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के संकल्प को धरातल पर साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यहां सीडीओ अरविंद कुमार पांडे,परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, डीडीओ संतोष पंत, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मुकेश नेगी, सीईओ रंणजीत सिंह नेगी, सीएमओ रश्मि पन्त, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रेमा राणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेख बिष्ट सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

महापौर दीपक बाली ने तहबाजारी का ठेका किया निरस्त, अब नगर निगम करेगा वसूली

जागरण मोर्चा कार्यालय



काशीपुर। तहबाजारी वसूली के दौरान लोगों से बदसलूकी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महापौर दीपक बाली ने ठेका निरस्त करने की घोषणा की है। अब नगर निगम के कर्मचारी ही तहबाजारी शुल्क की वसूली करेंगे। महापौर ने व्यापारियों और आम जनता से नगर निगम कर्मचारियों को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि तहबाजारी शुल्क में कोई नई बढ़ोतरी नहीं की गई है। पूर्व निर्धारित दरें ही लागू रहेंगी। शुल्क के स्लैब को सार्वजनिक किया जाएगा, ताकि लोगों को वसूली की दरों की स्पष्ट जानकारी मिल सके और पारदर्शिता बनी रहे। महापौर ने कहा कि नगर निगम के किसी कर्मचारी के दुर्व्यवहार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए चार सफाई निरीक्षक उपलब्ध कराए जाने की जानकारी भी दी। शहर में साप्ताहिक बाजारों के कारण लगने वाले जाम और सड़क तक दुकानें फैलने की शिकायतों पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया। अलीगंज रोड और शुगर फैक्ट्री रोड पर यातायात संबंधी समस्याओं के साथ प्रकाश व्यवस्था की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। कूड़ा उठान व्यवस्था की निगरानी के लिए नगर निगम के कंट्रोल रूम में आरएफआईडी तकनीक लागू की जाएगी। इसके तहत घरों, संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर टैग लगाए जाएंगे, जिससे कूड़ा उठाने वाले वाहनों के निर्धारित स्थान और समय पर पहुंचने की निगरानी हो सकेगी। महापौर ने बताया कि इस तकनीक से सफाई व्यवस्था में जवाबदेही बढ़ेगी और शिकायतों का निस्तारण आसान होगा। साथ ही वाहनों के निर्धारित मार्गों की निगरानी से समय और ईंधन की बचत होने की उम्मीद है। शहर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पहले चरण में लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है। महापौर ने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए कहा कि कैमरों से शहर की निगरानी बेहतर होगी। उन्होंने जनता से आरएफआईडी टैग लगाने पहुंचने वाली नामित संस्था और नगर निगम की टीम को सहयोग देने की अपील की।

नवंबर में गूंजने वाली थीं शहनाइयां, घर में पसरा मातम; सैनिक महिमन सिंह पंचतत्व में विलीन

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज/नानकमत्ता। उत्तराखंड के नानकमत्ता क्षेत्र के नलई गांव से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। गांव निवासी सैनिक महिमन सिंह का सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। देश की सेवा करने वाले जवान महिमन सिंह को पूरे हिंदू रीति-रिवाज और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

महिमन सिंह की असमय मौत ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियों को गहरे दुख में बदल दिया। जिस घर में अगले महीने नवंबर में शादी की तैयारियां चलनी थीं और नई जिंदगी की शुरुआत को लेकर उत्साह का माहौल होना था, वहां अब मातम पसरा हुआ है। परिवार के लोग जिस बेटे के सिर पर सेहरा सजने का इंतजार कर रहे थे, उसी बेटे को अंतिम विदाई देनी पड़ी। इस हृदयविदारक घटना ने परिवार को भीतर तक झकझोर कर रख दिया है। माता-पिता ने खोया जवान बेटा, छोटे भाई से छिना बड़ा सहारा सैनिक महिमन सिंह अपने परिवार के बड़े बेटे थे। उनके परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। परिवार को उनसे काफी उम्मीदें थीं। माता-पिता ने अपने लाडले बेटे को देश की सेवा के लिए समर्पित किया था और उसके भविष्य को लेकर कई सपने संजोए थे। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान महिमन सिंह ने दम तोड़ दिया



और परिवार की खुशियां हमेशा के लिए गहरे दुख में बदल गईं। बेटे की मौत से माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस बेटे को उन्होंने बड़े अरमानों के साथ पाला-पोसा और देश की सेवा करते देख गर्व महसूस किया, उसके असमय चले जाने से परिवार सदमे में है। वहीं, छोटे भाई के सिर से बड़े भाई का स्नेह, मार्गदर्शन और सहारा छिन गया। परिवार के लिए इस अपूरणीय क्षति को सहन कर पाना बेहद मुश्किल हो रहा है।

शादी की खुशियों से पहले छाया मातम : इस दुखद घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि महिमन सिंह की शादी अगले महीने नवंबर में होनी थी। घर में शादी को लेकर खुशियां मनाने की तैयारियां होनी थीं। परिवार के लोग नई बहू के स्वागत और विवाह समारोह को यादगार बनाने के सपने देख रहे थे। घर-आंगन में खुशियों की गूंज सुनाई देने का इंतजार था, लेकिन एक हादसे ने परिवार की सारी खुशियों को मातम में बदल दिया। जिस घर में शहनाइयां बजने वाली थीं, वहां अब अपनों की आंखों से आंसू थम नहीं रहे हैं। परिवार के लिए यह दुख केवल एक सदस्य को खोने का नहीं, बल्कि उन तमाम सपनों के बिखर जाने का भी है, जिन्हें महिमन सिंह के साथ जोड़कर देखा गया था। शादी की तैयारियों के बीच आई इस दुखद खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई : सैनिक महिमन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे हिंदू रीति-रिवाज और सैन्य सम्मान के साथ किया गया। देश की सेवा करने वाले जवान को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल गमगीन रहा। अपने लाडले को अंतिम विदाई देते समय परिजनों का दुख देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। महिमन सिंह के निधन से न केवल उनके परिवार, बल्कि नानकमत्ता क्षेत्र के लोगों को भी गहरा आघात पहुंचा है। नलई गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीण और परिचित शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं तथा इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। सैनिक महिमन सिंह का असमय निधन परिवार के लिए ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। एक ओर देश की सेवा करने वाले जवान को सम्मान के साथ विदाई दी गई, तो दूसरी ओर परिवार के सपनों और खुशियों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। नवंबर में होने वाली शादी की खुशियों से पहले आई इस त्रासदी ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया है।

संक्षेप समाचार

राशन कार्ड धारकों को ई केवाईसी कराने का अंतिम अवसर

नैनीताल। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन ने बताया कि जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी 15 नवंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी कराने के लिए उपभोक्ताओं को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। उन्होने कहा कि निर्धारित समय सीमा तक राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होने पर शासन के निर्देशों के अनुसार संबंधित राशन कार्ड /यूनिट निरस्त की जा सकती है। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित राशन कार्डधारक एवं उपभोक्ता की होगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड धारक अपने राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों की ई-केवाईसी उत्तराखंड में किसी भी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर उपलब्ध ई-पॉस मशीन के माध्यम से करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मेरा ई-केवाईसी मोबाइल एप' के जरिए भी ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

हल्द्वानी की बेटी स्वाती जोशी को एसएबीएसआर, नई दिल्ली में मिला यंग साइंटिस्ट अवार्ड

हल्द्वानी। हल्द्वानी निवासी स्वाती जोशी पुत्री जीवन चंद्र जोशी व बीना जोशी को सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड बायोलॉजिकल साइंस रिसर्च (एसएबीएसआर), नई दिल्ली और श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, देहरादून (आई.सी.ए.आर. से मान्यता प्राप्त), वीसीएसजी यूयूएचएफ, भरसर और आईसीएआर-आईआईएसडब्ल्यूसी, देहरादून और राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आरआरएस, हिमाचल प्रदेश (गोलाबामा) कृषि विज्ञान विद्यालय,



स्वाती जोशी यंग साइंटिस्ट अवार्ड लेते हुए। –जागरण मोर्चा

एसजीआरआरयू, देहरादून द्वारा आयोजित 15वां अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस "कृषि, बागवानी और वानिकी : जलवायु-प्रतिरोधी फसल प्रणालियों के लिए नवाचार (ICAHCFS-2026) में यंग साइंटिस्ट अवार्ड मिला। वर्तमान में. स्वाती डी.एस.बी परिसर, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में जंतु विभाग की शोध छात्रा हैं वह अपना शोध कार्य प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट और प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में कर रही है। स्वाती ने अपनी प्रेजेंटेशन फ्रेश वाटर के जलाशय में बीमार मछलियों में पाए जाने वाले बैकटीरिया की पहचान और पृथक्करण पर शोध प्रस्तुति की।

ऑपरेशन प्रहार के तहत 40 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

खटीमा। ऑपरेशन प्रहार के तहत खटीमा पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 40 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर की शाम सत्रहमील मझौला चौकी पुलिस श्मशान घाट रोड स्थित मझौला गांव में पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने तीरथ राज सिंह (33) पुत्र दलजीत सिंह को 40 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया। आरोपी मूल रूप से रुद्रपुर की आदर्श कॉलोनी के वार्ड नंबर 29 का निवासी है और वर्तमान में खटीमा के मझौला क्षेत्र में धनकुना रोड पर देवेंद्र चंद की धान मिल के पास रहता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली खटीमा में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक खटीमा के नेतृत्व में हुई। वहां सत्रहमील मझौला चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक किशोर पंत, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल उमेश जोशी आदि मौजूद थे।

रोटरी क्लब नैनीताल ने प्राथमिक विद्यालय का किया जीर्णोद्धार और फर्नीचर किया भेंट



जागरण मोर्चा कार्यालय

नैनीताल। रोटरी क्लब नैनीताल के सौजन्य से हरिनगर के क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय का पूर्ण जीर्णोद्धार करवा कर नवीनीकरण के पश्चात विद्यालय परिसर में नए भवन को नए फर्नीचर (कुर्सियां एवं मेज) तथा ब्लैक बोर्ड इत्यादि सामग्री भी रोटरी क्लब नैनीताल ग्राम सरपंच जया बोरा और ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर हरीश बिष्ट की मौजूदगी में विद्यालय की प्राचार्य मोदया को सौंपा गया। रोटरी क्लब नैनीताल के अनेकों सदस्य अध्यक्ष रो. शिवांगी शाह, सचिव विनोद दुआ, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शाह, योगेश शाह, अरुण कुमार शाह, विक्रम सियाल, मनोज लांबा, साक्षी दुआ, अनु लांबा, सुमित खन्ना, मोहिनी खन्ना, अनिल पूरी, नमन जैन, ऋषि दुआ, प्रणय मुकरेजा और रो.सैयद काशिफ जाफरी उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर हरीश बिष्ट और विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच जया बोरा ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

बगवाड़ा के प्राचीन महाकाल मंदिर की बदलेगी सूरत

जागरण मोर्चा कार्यालय



बगवाड़ा में मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर महापौर विकास शर्मा लोगों से बातचीत करते।

रुद्रपुर। शहर के वार्ड संख्या 16 बगवाड़ा के प्राचीन महाकाल मंदिर की सूरत जल्द बदलेगी। मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के साथ यहां श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएंगी। महापौर विकास शर्मा ने पार्षद प्रमोद शर्मा और वार्डवासियों की मांग पर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर इसके जीर्णोद्धार की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मंदिर के कार्यों के लिए जल्द टेंडर जारी कर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही बगवाड़ा गांव की मुख्य सड़क, भट्टा क्षेत्र की सड़कों और तपस्या विहार स्थित मंदिर में टाइल्स लगाने सहित अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा। महापौर निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों से रूबरू हुए और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पार्षद प्रमोद शर्मा सहित स्थानीय लोगों ने प्राचीन महाकाल मंदिर की स्थिति से अवगत कराते हुए इसके जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग रखी। वार्डवासियों ने क्षेत्र की सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी महापौर के समक्ष उठाईं। महापौर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया।बगवाड़ा का प्राचीन महाकाल मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। स्थानीय लोगों की इस मंदिर से गहरी आस्था जुड़ी हुई है और श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे बेहतर स्वरूप देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मंदिर का सौंदर्यीकरण इस तरह कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालु यहां सुविधाजनक तरीके से पूजा-पाठ कर सकें। हाईवे के किनारे स्थित इस प्राचीन मंदिर का व्यवस्थित विकास क्षेत्र की धार्मिक पहचान को भी और मजबूत करेगा।क्षेत्र में बिजली के खंभों से जुड़ी समस्याओं पर भी महापौर ने संबंधित विभाग से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जो बिजली के खंभे टेढ़े हो गए हैं, उन्हें सीधा कराया जाएगा और जिन स्थानों पर खंभे नहीं हैं, वहां नए खंभे लगवाने की व्यवस्था की जाएगी। महापौर ने कहा कि वार्ड की समस्याओं का समाधान कर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा। इस दौरान वार्ड नंबर 16 पार्षद प्रमोद शर्मा, परमहंस, रंजीत सिंह,राजेश साहनी, शिव कुमार , लखविंदर साहनी, प्रदीप मेहता, अमरीक सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

परम संत महाराज ने हजारों संगत को दर्शन देकर किया निहाल ध्यान अभ्यास के माध्यम से प्रभु को पाने का रास्ता बताया

जागरण मोर्चा कार्यालय

काशीपुर। विश्व धर्म संघ और सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम संत राजिन्दर सिंह महाराज ने बृहस्पतिवार को कृपाल आश्रम काशीपुर में हजारों संगत को दर्शन देकर निहाल किया। 9 साल बाद संत राजिन्दर सिंह महाराज जी काशीपुर पहुंचे। यहां गढ़ी नेकी रोड पर कुंडा चौराहे के पास स्थित कृपाल आश्रम में महाराज जी ने संगत के बीच जाकर संगत को निहाल किया।

इस दौरान सत्संग समागम में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से हजारों संगत पहुंची। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, संदीप



सहगल, मिशन के स्थानीय अध्यक्ष परमजीत सिंह, सचिव रंजीत सिंह, जसपाल सिंह, सिमरनजीत सिंह आदि मौजूद थे। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज 23 अक्टूबर को कृपाल आश्रम कुंडा मेंआध्यात्मिक प्रवचन देंगे जिसमें वे आपसी भाईचारे,प्रेम और मन की शांति को किस तरीके से पाया जा सकता है,उसके बारे में खोल खोल कर समझाएंगे। सत्संग के पश्चात रात 9 बजे आध्यात्मिक दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें संत राजिन्दर सिंह जी महाराज जिज्ञासुओं को प्रभु की ज्योति व श्रुति का निजानुभव प्रदान करेंगे। वहीं देर रात सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष परम संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कृपाल आश्रम गौतम नगर के अलावा ठाकुरद्वारा, असदुल्लाहपुर आश्रम में पहुंचकर संगत को दर्शन दिए।

स दौरान बाल सत्संग के बच्चों ने "आप आए हुआ आपका आगमन,सुस्वागतम सुस्वागतम" गीत गाकर महाराज जी का स्वागत किया। ठाकुरद्वारा में महाराज जी ने दर्शन मेडिटेशन हाल का उद्घाटन भी किया। परम संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने प्रभु को पाने के लिए ध्यान अभ्यास पर जोर दिया। उन्होंने फरमाया कि ध्यान अभ्यास के माध्यम से परम संत कृपाल सिंह महाराज के अपने आपको जानने और पिता परमेश्वर को पाने का का जो रास्ता बताया है उस पर चलने से हमारे कदम प्रभु की तरफ चल पड़ते है।

उन्होंने कहा कि प्रभु परमेश्वर हमारे भीतर है लेकिन हम जिंदगी के कामकाजों में इतना व्यस्त है कि हम उनको देख,पहचान नहीं पाते है लेकिन जब हम ध्यान अभ्यास करते है तो मन माया के परदे हटने शुरू हो जाते है और हमारे कदम प्रभु की तरफ बढ़ने लगते है।

आक्रोश

छह सूत्रीय मांग को लेकर उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने किया कार्य बहिष्कार

रोडवेज कर्मियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन, मांग पूरी न होने पर 30 से उग्र आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोडवेज परिसर में कर्मचारी धरना देते। –जागरण मोर्चा

रुद्रपुर। उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मियों को तीन माह से वेतन न मिलने पर आक्रोश लगातार बढ़ रहा हैं। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कार्य बहिष्कार कर दिया। यूनियन ने रोडवेज परिसर में धरना दे निगम के विरुद्ध नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। रोडवेज कर्मियों का कहना था कि पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिससे उनके सामने परिवार पालने का संकट पैदा हो गया है। लगातार चेतावनी के बाद भी जब कोई परिणाम नहीं निकला तो उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गई। क्षेत्रीय मंत्री कुमाऊं मनिंदर सिंह ने बताया कि वेतन न मिलने से कर्मचारी परेशान है। उनकी मांग पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 30 अक्टूबर से वह आंदोलन को उग्र करने को मजबूर होंगे। इस दौरान एससीएसटी श्रमिक संघ के प्रांतीय महामंत्री श्री निवास ने भी धरने पर पहुंच अपना समर्थन दिया। इस दौरान जसपाल सिंह,गोपेश्वर श्रीवास्तव, बलदेव सिंह, प्रीतम दास,मनोज यादव, सुनील कुमार,कृष्ण गोपाल, गुरमेल सिंह,गुरचरण सिंह, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

ये है छह सूत्रीय मांग

1- प्रत्येक माह की एक तारीख को वेतन

2- हिमालयन रोडवेज की भांति राजकीय कोष से वेतन का भुगतान किए जाने

3- नियमित होने तक उपनल के समान विशेष श्रेणी, संविदा, एजेंसी, चालकों, परिचालकों तथा विशेष श्रेणी तकनीकी कर्मी को 30,447 रुपए वेतन दिए जाने

4- आगामी कुम्भ मेला हरिद्वार के आयोजन से पूर्व पांच सौ बसे निगम के बेड़े में शामिल की जाए

5- उत्तराखंड परिवहन निगम कार्यरत समस्त एजेंसी चालकों, परिचालकों व अन्य पदों पर कार्यरत कर्मियों को निगम कर्मचारी घोषित करते हुए एजेंसी प्रथा को पूर्णता प्रतिबंधित किया जाए।

6- परिवहन निगम में कार्यरत समस्त नियमित कर्मियों को उत्तराखंड राज्य कर्मियों की भांति 60 प्रतिशत महंगाई भत्ते का देय तिथि जुलाई 2026 से भुगतान करने व एरियर का।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





पांच बूथों पर 49 प्रतिशत मतदान, शिक्षित मतदाताओं ने दिखाई रुचि

पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में दिखा उत्साह, बोले-एक मत से जुड़ी हैं भविष्य की उम्मीदें

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन (लखीमपुर)। लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन में शुक्रवार को निघासन ब्लॉक परिसर में बनाए गए पांच बूथों पर मतदान हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही शुरू हो गई। दिनभर बूथों पर चहल-पहल बनी रही। शाम करीब पांच बजे तक पांचों बूथों पर लगभग 49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान केंद्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम यदुवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी जयेश सिंह, तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी समेत चुनाव अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया पर नजर रखी।


मतदान स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम यदुवीर सिंह। -जागरण मोर्चा

पहली बार मतदान कर युवाओं ने साझा किए अनुभव : मतदान के बाद पहली बार वोट डालने वाले युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सरकारी परीक्षाओं में कई बार प्रतिभाग कर चुके लुधौरी निवासी शिक्षक वैभव मिश्र ने पहली बार एमएलसी चुनाव में मतदान किया।उन्होंने कहा कि शिक्षित वर्ग को मतदान के लिए घर से निकलना चाहिए। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश और क्षेत्र के भविष्य के निर्माण में भागीदारी का माध्यम भी है। वहीं, स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद पहली बार मतदान करने पहुंचीं बम्हनपुर कस्बे की विदुषी वर्मा ने कहा कि लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन में समाज के अग्रणी लोगों की भागीदारी रहती है। ऐसे में शिक्षित समाज को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक मत भविष्य की कई उम्मीदों को जन्म देता है। पहली बार मतदान कर उन्हें अच्छा लगा।


विदुषी वर्मा। -जागरण मोर्चा


शिक्षक वैभव मिश्र। -जागरण मोर्चा

कड़ी सुरक्षा में एमएलसी मतदान संपन्न

रमियाबेहढ, ईसानगर, धौरहरा में हुआ मतदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र में शिक्षक व स्नातक चुनावों के लिए बनाए गए कुल तीन मतदान केन्द्रों पर भारी/कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह शुरू हुए मतदान के लिए मतदाताओ ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान क्षेत्र एक मतदान केंद्र पर हल्के विवाद की सूचना पर एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंच कर घटना को अफवाह बताया।इस दौरान समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों की आवा-जाही चलती दिखी। प्राप्त विवरण के अनुसार क्षेत्र में एम एल सी व स्नातक चुनावों के लिए विकास खण्ड ईसानगर,रमियाबेहढ व नगर पंचायत कार्यालय धौरहरा को मतदान केंद्र प्रशासन ने बनाया। शुक्रवार सुबह शुरू हुए मतदान में कुल 1379 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा पहले ही सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का दावा किया गया था। शुक्रवार को मतदान के दौरान ईसानगर में समाजवादी कार्यकर्ताओं व पुलिस प्रशासन की हल्की फुल्की बहस पर सी ओ अभिषेक व एसडीएम राशी कृष्णा मौके पर पहुंची।इस मामले में सी ओ ने बताया कि समाजवादी पार्टी का कैम्प गेट के नजदीक होने के चलते पुलिस ने दूर करने की बात कही थी। धौरहरा व रमियाबेहढ में शान्ति पूर्वक मतदान चलने के रुझान आते रहे।इस दौरान समाजवादी समर्थकों व भाजपा समर्थक अलग अलग पंडाल लगाए गए थे। जहां पार्टी नेताओं का आना जाना बना रहा। मतदान के दौरान एसडीएम, तहसीलदार व सी ओ लगातार पोलिंग बूथों की अपडेट के लिए भ्रमणशील रहें समाचार प्रेषण तक तीनों केन्द्रो मतदान शुचारु रुप से चलता रहा।


सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के साथ हो रहा मतदान। -जागरण मोर्चा

सितारगंज पहुंची कांग्रेस की न्याय यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

पूर्व विधायक नारायण पाल बोले-जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान, सरकार को देना होगा जवाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर निकाली जा रही कांग्रेस की न्याय यात्रा शुक्रवार को किच्छा से सितारगंज पहुंची। शहर में प्रवेश करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। तिरंगा चौराहे से शुरू हुई यात्रा मुख्य चौराहे होते हुए एमपी चौक पहुंची। यहां से यात्रा नानकमत्ता की ओर रवाना हो गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं सहित आम जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों पर निशाना साधा। न्याय यात्रा के सितारगंज पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। विभिन्न चौक-चौराहों पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जनता से जुड़े सवालों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि सरकार को अपनी नीतियों और कार्यप्रणाली के लिए जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। यात्रा के माध्यम से कांग्रेस ने आम लोगों की समस्याओं को सामने लाने और उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का संदेश दिया। नारायण पाल ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की जिम्मेदारी जनता की समस्याओं का समाधान करना और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। लेकिन जब आम जनता अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हो,



तो विपक्ष का दायित्व है कि वह उन मुद्दों को मजबूती से उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनने और उसके अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। न्याय यात्रा इसी उद्देश्य से निकाली जा रही है, ताकि जनता से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाया जा सके। वरिष्ठ कांग्रेसी उत्तम आचार्य ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के सवालों का जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी है। महंगाई, रोजगार और आम लोगों की बुनियादी समस्याओं पर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान चाहिए। कांग्रेस न्याय यात्रा के माध्यम से इन सवालों को जनता के बीच ले जा रही है और सरकार का ध्यान आम लोगों की परेशानियों की ओर आकर्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ाने, महंगाई से राहत देने और सरकारी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाने जरूरी हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि न्याय यात्रा के जरिए पार्टी जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें उचित मंच पर उठाने का प्रयास कर रही है। सितारगंज में यात्रा के पहुंचने और विभिन्न स्थानों पर हुए स्वागत के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संदेश दिया। यात्रा के नानकमत्ता की ओर रवाना होने के साथ ही कांग्रेस नेताओं ने जनता से जुड़े मुद्दों को आगे भी उठाते रहने की बात कही। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, न्याय यात्रा का उद्देश्य महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे सवालों पर जनता को जागरूक करना तथा सरकार को जवाबदेह बनाने के लिए जनसमर्थन जुटाना है।

संक्षेप समाचार

वार्ड-9 में दो नवनिर्मित सड़कों का लोकार्पण


वार्ड– 9 में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी।

खटीमा। नगर पालिका परिषद खटीमा के वार्ड नंबर नौ में नवनिर्मित दो सड़कों का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने किया। दोनों सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। वार्ड नंबर नौ में पहली सड़क का निर्माण जमील अहमद के घर से प्राथमिक विद्यालय तक, जबकि दूसरी सड़क नूरी मस्जिद से डॉ. इकरार के घर तक कराया गया है। सड़कों के लोकार्पण के दौरान क्षेत्रवासियों ने विकास कार्यों को वार्ड की सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि नगर पालिका परिषद खटीमा नगर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। सड़क निर्माण के साथ ही सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिकता है। उन्होंने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने की आदत अपनानी चाहिए। जनसहयोग से ही स्वच्छ, सुंदर और विकसित खटीमा का सपना साकार हो सकता है। लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद मोहम्मद शरीफ सहित रशीद भाई, आरिफ कारपेंटर, अजीम, जलाल अहमद, हसन, समीर, रियाज अहमद, फैजल, चुम्मन खान, सानिब समेत वार्ड के अनेक गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

खटीमा में बिजली चोरी में आठ लोगों पर मुकदमा

खटीमा। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की सतर्कता इकाई ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए खटीमा के इस्लामनगर क्षेत्र में आठ लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कोतवाली खटीमा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युत विभाग के अनुसार, अधिशासी अभियंता चंदन सिंह बरनैत के निर्देश पर 22 अक्टूबर को सतर्कता टीम ने इस्लामनगर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान मोहम्मद इसराइल पुत्र मोहम्मद इस्माइल, तंजीव रजा पुत्र अकबर जनी, रियाज अहमद पुत्र अमीर अहमद, अकरम पुत्र गौहर खान, लाल मोहम्मद पुत्र मसीतुल्ला, हनीफ पुत्र गौहर खान, शफीक खान पुत्र लतीस खान और प्रयोगकर्ता नजरुद्दीन पुत्र रईसउद्दीन को बिजली चोरी करते पाया गया। वहीं, शिफत पुत्र पुत्तन घरेलू बिजली कनेक्शन से वेल्डिंग की दुकान संचालित करते हुए पाया गया। कार्रवाई के दौरान विभागीय टीम ने बिजली चोरी से संबंधित मामलों की जांच की और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की। अभियान में सतर्कता विभाग के सहायक अभियंता पुनीत कुमार, खटीमा के उपखंड अधिकारी आलोक सचान, कंजाबाग विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता पवन चंद्र उप्रेती सहित लाइनमैन दुष्यंत, प्रकाश, अनुराज और मनमोहन सिंह शामिल रहे। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से वैध विद्युत कनेक्शन का उपयोग करने और बिजली चोरी से बचने की अपील की है।

शतरंज प्रतियोगिता में खटीमा महाविद्यालय की टीम बनी उपविजेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। कुमाऊं विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खटीमा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में एमबीपीजी कॉलेज, हल्द्वानी की टीम विजेता रही। बुधवार को चाणक्य पीजी कॉलेज, रुद्रपुर में आयोजित प्रतियोगिता में खटीमा महाविद्यालय की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजन समिति ने उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। खटीमा महाविद्यालय की टीम में वेंकटेश कॉलोनी, प्रियांशु कुमार, युवराज सिंह, सुजल और अभिषेक कुशवाहा शामिल रहे। टीम के कप्तान प्रियांशु कुमार तथा कोच हिमांशु कुमार थे। प्रतियोगिता में खटीमा की ओर से वेंकटेश कॉलोनी ने सर्वाधिक अंक अर्जित किए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नॉर्थ जोन प्रतियोगिता के लिए उनका चयन किया गया है। महाविद्यालय की टीम की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।


खटीमा महाविद्यालय की टीम ट्रॉफी के साथ।

पति की जान बचाने को तेंदुए के सामने कूदी महिला, हंसिया लेकर लड़ती रही

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन (लखीमपुर)। पति की जान बचाने की खातिर तेंदुए से भिड़ी महिला ने रौद्र रूप दिखाकर अपनी ही नहीं बल्कि पति को भी मौत के मुंह से खींच लाई।पति कर हमला होने के बाद महिला हंसिया लेकर तेंदुए के सामने खड़ी हो गई और तेंदुए से करीब आठ मिनट तक भिड़ी रही।वहीं घटना में पति समेत महिला के शरीर में कई जगह गहरे जख्म हो गए।वहीं महिला और तेंदुए के बीच संघर्ष की आहट सुनते ही ग्रामीण एकत्रित हो गए और लाठी डंडो से तेंदुए को खदेड़कर भगाया।मझगईं वन रेंज के बल्लीपुर गांव के पास बुधवार शाम को गांव निवासी 50 वर्षीय किसान राजेंद्र अपनी पत्नी रामरती के साथ गांव के दक्षिण दिशा में स्थित खेत में धान की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान पास




तेंदुए के हमले से घायल दंपति। -जागरण मोर्चा

के गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने अचानक राजेंद्र पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से राजेंद्र संभल भी नहीं पाए। पति को तेंदुए के चंगुल से बचाने के लिए रामरती आगे बढ़ीं तो तेंदुए ने उन पर भी हमला कर दिया। देखते ही देखते खेत में चीख-पुकार मच गई।रामरती ने बताया कि करीब आठ मिनट तक तेंदुए से संघर्ष करते रहे। उनकी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान लाठी-डंडे लेकर मौके की ओर दौड़े। किसानों ने एकजुट होकर शोर मचाया तो तेंदुआ दंपती को छोड़कर गन्ने के खेत में भाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।आबादी के पास खेत में काम कर रहे दंपती पर तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में गन्ने की फसल खड़ी होने के कारण तेंदुए की मौजूदगी से खतरा बढ़ गया है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।मझगईं रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि दंपती पर तेंदुए के हमले की सूचना मिली थी। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग की टीम को मौके पर रवाना किया गया है। ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए जल्द पिंजरा लगाया जाएगा।

मितौली पोलिंग बूथ पर भाजपा-सपा समर्थकों में हंगामा, जमकर हुई नारेबाजी

- विधायक सौरभ सिंह सोनू और पूर्व सांसद जुगुल किशोर ने पूर्व सपा विधायक सुनील लाला पर लगाए आरोप, सपा नेता ने निष्पक्ष मतदान की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

लखीमपुर। कस्ता विधानसभा क्षेत्र के मितौली ब्लॉक परिसर स्थित पोलिंग बूथ पर शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे भाजपा और सपा समर्थकों के बीच विवाद हो गया। वर्तमान भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू और पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर अपने समर्थकों के साथ पोलिंग बूथ के अंदर जाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान पूर्व सपा विधायक सुनील कुमार लाला भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर नारेबाजी होने लगी। अचानक हुए हंगामे से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थिति बिगड़ती देख सीओ मितौली यदुवेंद्र यादव और थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों के लोगों को पोलिंग बूथ से बाहर कर स्थिति संभालने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता भी मितौली पहुंच गए।


पुलिस के बीच दोनों पक्षों के बीच हो रही नोक झोंक। -जागरण मोर्चा

दोनों पक्षों ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप : हंगामे के बाद भाजपा विधायक सौरभ सिंह सोनू और पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने पूर्व सपा विधायक सुनील कुमार लाला पर बूथ कैप्चरिंग और गुंडागर्दी के आरोप लगाए। वहीं, पूर्व सपा विधायक सुनील लाला ने भाजपा नेताओं के पोलिंग बूथ के अंदर जाने के प्रयास का विरोध करने के दौरान विवाद होने की बात कही। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने की अपील की। विवाद के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक सौरभ सिंह सोनू और पूर्व सांसद जुगुल किशोर समर्थकों के साथ मितौली थाने पहुंचे। वहां सपाइयों के खिलाफ तहरीर दिए जाने की जानकारी सामने आई है। हालांकि, तहरीर में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

कई थानों की पुलिस पहुंची, प्रशासन अलर्ट : पोलिंग बूथ पर हंगामे की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। एडीएम खीरी, अपर पुलिस अधीक्षक अमित राय और एसडीएम मितौली संतदास पवार सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मैगलगंज, नीमगांव, हैदराबाद और उचौलिया समेत कई थानों की पुलिस को भी मितौली ब्लॉक स्थित मतदान केंद्र पर तैनात किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच और प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

निर्देश केन्द्र सरकार के नए निर्देश से विचलित न हों राइस मिलर : एडीएम मिश्रा

एडीएम कोस्तुभ मिश्र ने ली किसानों, खरीद सेंटर प्रभारियों, राइस मिलरों की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। धान की तौल को लेकर चल रही मारा-मारी से उपजे किसानों के आक्रोश पर आज शुक्रवार को एडीएम कौस्तुभ मिश्र खटीमा पहुंचे। उन्होंने कृषक संगठनों, राइस मिलरों सहित धान खरीद में जुटे एजेंसियों से वार्ता की। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक, उप जिलाधिकारी, मंडी सचिव सहित आरएफसी एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों से भी अव्यवस्था संबंधित जानकारियां लीं।

एडीएम मिश्र ने धान खरीद में चल रही अव्यवस्था के संबंध में खरीद एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम के गृह क्षेत्र में किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हों, यह हमें सुनिश्चित करना है।

मंडी सभागार में आयोजित बैठक में एडीएम मिश्र को एसडीएम तुषार सैनी ने बताया कि उनके द्वारा आज लगभग 20 से अधिक खरीद सेंटरों का औचक निरीक्षक किया गया, लेकिन उन्हें किसी भी सेंटर में खरीद संबंधी संतुष्टि नहीं हुई। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्र के मार्गों के किनारे धान खरीदते कई आढ़ती जरूर मिलें। इस संबंध में खरीद सेंटरों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। भाकियू जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह व भाकियू चढूनी जिलाध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर ने कहा कि धान खरीद के नाम पर किसानों का मानसिक व आर्थिक शोषण किया जा रहा है। क्षेत्र में चल रहे 105 खरीद सेंटरों में एक दाना धान नहीं खरीदा गया है। सेंटर प्रभारी बिचौलियों से धान खरीद कर अपना कोटा पूरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद किसान अपनी फसल को मजबूरन औने-पौने रेट में बिचौलियों को सौंप चुके हैं। बिचौलियों का धान खरीद कर क्रय केन्द्र अपना लक्ष्य पूरा करेंगे। इससे पूर्व क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक लता मिश्र ने बैठक लेकर 1 से 17 अक्टूबर तक जहां-तहां रखी गई किसानों की 150 से अधिक धान की ट्रालियों को इन सेंटरों पर तोलने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सेंटर प्रभारियों एवं एसएमआई के.सी. आर्य को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।


मंडी सभागार में किसान संगठनों, राइस मिलरों, किसानों, सेंटर प्रभारीयों की बैठक लेते एडीएम कौस्तुभ मिश्रा। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

नाव संचालन फिर बंद, दो दिन में तीन बार लगी रोक

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट पर शारदा नदी में नाव संचालन को लेकर असमंजस बना हुआ है। पिछले दो दिनों में तीन बार नाव सेवा बंद कराई जा चुकी है। शुक्रवार को कुछ देर संचालन शुरू होने के बाद हरीपुर वन रेंज के रेंजर ने फिर से नाव सेवा बंद करा दी।बार-बार नाव बंद होने से ट्रांस शारदा क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी है। क्षेत्रवासियों ने सवाल उठाया कि क्या अधिकारी उन्हें मूर्ख समझते हैं? बार-बार नाव बंद कराकर आम लोगों को परेशान करना कहां तक उचित है? लोगों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान निकालने के बजाय इस तरह सेवा बंद करना उनकी परेशानी बढ़ा रहा है।गौरतलब है कि क्षेत्रीय भाजपा विधायक बाबूराम पासवान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, रामनगर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह तथा मंजीत सिंह समेत अन्य लोगों ने नाव संचालन शुरू कराने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर विधि भूषण मौर्य से वार्ता की थी। इसके बाद नाव सेवा शुरू हुई, लेकिन फिर बंद होने से लोगों को राहत नहीं मिल सकी।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से नाव संचालन को लेकर स्थिति स्पष्ट करने और आवागमन की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त बांका बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 22 अक्टूबर को ग्राम रामपुर में गणपति राइस मिल में मजदूरी करने के दौरान अरबाज और शहबाज के बीच मजाक-मजाक में हुई गाली-गलौज को लेकर विवाद हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने उस समय मामला शांत करा दिया था।

आरोप है कि कुछ देर बाद मिल से जाते समय शहबाज ने अपने भाई शेरखान और पिता शकील उर्फ गुन्नू खां के साथ मिलकर अरबाज की गर्दन पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे



हत्या मामले में गिरफ्तार किया गया युवक। -जागरण मोर्चा

उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता मुन्ने खां की तहरीर पर पुलिस ने शहबाज समेत तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा संख्या 440/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत दर्ज किया था। पुलिस ने 22 अक्टूबर को ग्राम रामपुर, थाना पूरनपुर निवासी करीब 21 वर्षीय शहबाज पुत्र शकील उर्फ गुन्नू खां को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बांका बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक अनुज कुमार सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पिता-पुत्र पर बांके से हमला पड़ोसी दंपति पर केस दर्ज

पूरनपुर । सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में पिता-पुत्र पर बांके से हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी पति-पत्नी ने गाली-गलौज के बाद उन पर वार किया।पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव महादेव (माती) के उजागर लाल ने पुलिस को बताया कि 19 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वे सरकारी नल पर हाथ धो रहे थे। तभी पड़ोसी हरिओम और उसकी पत्नी मंजू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मंजू ने डंडे से और हरिओम ने बांके से उन पर हमला कर दिया।उजागर लाल का बेटा अमित बचाने पहुंचा तो हरिओम ने उसके सिर पर भी बांके से वार किया। हमले में पिता-पुत्र घायल हो गए।

खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने दर्ज किया क्रास केस

घुंघचाई/पूरनपुर। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षो की ओर से हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ क्रास रिपोर्ट दर्ज की है। मामला घुंघचाई चौकी क्षेत्र के गांव दिलावरपुर का है। गांव निवासी रामनिवास का पडोस के ही भगवानदीन से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी रंजिश को लेकर 22 अक्टूबर को सुवह दोनों पक्षों में गाली गलौच हुई थी। फिर मामला खूनी संघर्ष में बदल गया था। लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने से दोनों पक्षों की ओर से महिलाओं सहित करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल दोनों पक्षों के लोगों को मेडिकल के लिए भेजा था। इसके बाद दोनों पक्षों ने घुंघचाई थाने पहुंच कर तहरीरें पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीरों के आधार पर एक पक्ष के रामनिवास की ओर से भगवानदीन, नेतराम, श्यामाचरन, सतीशंकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

संक्षेप समाचार

मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला से चार लोग घायल

बीसलपुर। अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोग हो गए जिसमें क्षेत्र के गांव अमरा करोड़ निवासी विमला देवी बाइक से गिरकर घायल हो गई। बरखेड़ा यासीन निवासी तरुण कुमार व ख्याली राम की बाइक की टक्कर होने से घायल हो गए। वही गांव भसूड़ा निवासी जयकरन की साइकिल में बाइक से टक्कर लगने से वह गिरकर घायल हो गए सभी चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लाया गया। जहां उनका डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

महिला के साथ मारपीट पुलिस से शिकायत

बीसलपुर। क्षेत्र के गांव गोवल पतिपुरा में मामूली कहासुनी के बाद पड़ोसियों ने महिला दुर्गा देवी को पीट कर घायल कर दिया जिसके बाद दुर्गा देवी ने कोतवाली में पहुंचकर उक्त हमलावरों के खिलाफ शिकायत की है पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शराब पिलाने से मना करने पर धमकी देने का आरोप

पूरनपुर। घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव सिमरिया निवासी प्रदीप कुमार ने वताया कि चार दिन पहले अपने साथी के साथ घर के बाहर अपनी बैठक में बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे गांव निवासी युवक ने पीड़ित से शराब पिलाने के लिए कहा। जिस पर पीडित ने शराब पिलाने से मना कर दिया। आरोप है कि इससे खफा युवक ने नाराज होकर उसके साथ गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। विरोध करने पर विवाद हो गया। पीड़ित का आरोप है कि 23 अक्टूबर की शाम युवक लाठी लेकर उसके दरवाजे पर पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपनी जान बचाकर घर के पीछे से निकलकर अपने आपको बचाया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है।

शेरपुर कलां के वार्ड नंबर दो में गंदगी का लगा अंबार, स्कूल जाने वाले बच्चों की राह बनी हुई है मुसीबत



कीचड से गुजरते बच्चे। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। ग्राम पंचायत शेरपुर कलां के वार्ड नंबर 2 में गंदगी और कीचड़ की समस्या से हालात बदहाल बने हुए हैं। निकासी व्यवस्था कीचड़ से भरी होने के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूल जाने वाले बच्चों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल आने-जाने के दौरान कीचड़ और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ रही है। समस्या को लेकर कई बार सचिव विजय कुमार को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया। ऐसे में जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। वार्ड में साफ-सफाई और निकासी व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग लगातार की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो इस मामले को लेकर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर वार्ड में साफ-सफाई कराएं और निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करवाएं, ताकि बच्चों को स्कूल जाने में हो रही परेशानी से राहत मिल सके और स्थानीय लोगों को गंदगी व कीचड़ से निजात मिले।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास, 18 हजार रुपये का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 18 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला 23 अक्टूबर 2026 को सुनाया गया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत थाना दियोरिया कला पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने मामले में प्रभावी पैरवी की। पुलिस के अनुसार, 3 जून 2021 को मिली शिकायत के आधार पर थाना दियोरिया कला में मुकदमा अपराध संख्या 128/2021 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 452 और 354 में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राजेंद्र पुत्र पातीराम, निवासी ग्राम हिम्मतपुर, कस्बा एवं थाना दियोरिया कला, के विरुद्ध 22 सितंबर 2021 को आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायालय एएसजे-04/ईसी एक्ट, पीलीभीत में हुई। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों और पुलिस की प्रभावी पैरवी के आधार पर आरोपी को दोषसिद्ध ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 18 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

युवक ने धोखाधडी कर भाभी के नाम करा ली जमीन

पूरनपुर। धोखाधड़ी कर जमीन को अपनी भाभी के नाम करा लिया। कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसेनापुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में उसकी मां सुरजीत कौर और ताई हरवंश कौर के नाम प्लॉट था। इसकी देखरेख में असमर्थता के चलते उसका मुख्तारेआम पूरनपुर नगर के मोहल्ला गनेशगंज पूर्वी के अफसर खां को बना दिया था। इसके बाद आरोप है कि मां और ताई की मौत के बाद मुख्तारेआम अफसर खां ने अपने भाई,भाभी और गांव भवानीगंज के इतवारी के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर कूट रचित अभिलेख तैयार करा लिए। इसके बाद प्लॉट को उसने अपनी भाभी शायरा बेगम के नाम करा लिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सुरेन्द्र की ओर से नगर के मोहल्ला गनेशगंज निवासी अफसर खां, अशरफ खां उर्फ राजू, अशरफ खां की पत्नी शायरा बेगम, गांव भावनीगंज अर्जुनपुर के इतवारी लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

एसपी सुकीर्ति माधव ने नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के टाइगर तिराहा सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों और ड्यूटी प्वाइंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की प्रभावी चेकिंग करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।



सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेते पुलिस अधीक्षक। -जागरण मोर्चा

एसपी ने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि नगर में शांति एवं कानून-व्यवस्था कायम रहे।

पूरनपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख ममता अजय भारती ने किया मतदान



मतदान को जाते ममता और अजय भारती। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पूरनपुर तहसील कार्यालय स्थित बूथ संख्या 89 पर शुक्रवार को मतदान हुआ। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख ममता अजय भारती ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए समाजवादी पार्टी समर्थित प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर के पक्ष में मतदान किया। मतदान के लिए जिला अध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने ममता अजय भारती को मतदान पर्ची प्रदान की। इस अवसर पर सपा के जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अजय भारती, विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव, राजकुमार राजू, केके पाल, आरती और आदर्श पांडे सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्राओं ने अनुशासन और टीम भावना का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। नगर के विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक दक्षता, अनुशासन, एकाग्रता एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करने, शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को बढ़ावा देने तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करना था,विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों सब-जूनियर,जूनियर एवं सीनियर में विभाजित किया गया। विभिन्न हाउस की छात्राओं ने पूरे उत्साह और खेल



मौजूद छात्राएं और स्टाफ। -जागरण मोर्चा

भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मैदान में खिलाड़ियों के बीच तेज गति, सटीक रणनीति, फुर्ती और आपसी तालमेल देखने को मिला। सभी टीमों ने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए भरपूर प्रयास किया। प्रतियोगिता के सब-जूनियर वर्ग में ब्लू हाउस की छात्राओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। येलो हाउस दूसरे तथा रेड हाउस तीसरे स्थान पर रहा। इस वर्ग में छात्राओं की फुर्ती, सतर्कता और आपसी समन्वय विशेष रूप से देखने को मिला। जूनियर वर्ग में ब्लू हाउस ने अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। येलो हाउस ने द्वितीय तथा रेड हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ मुकाबले में भाग लिया और अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया। ब्लू हाउस की छात्राओं ने बेहतरीन तालमेल और प्रभावी रणनीति के दम पर सफलता हासिल की। सीनियर वर्ग में ग्रीन हाउस की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ब्लू हाउस दूसरे तथा रेड हाउस तीसरे स्थान पर रहा। इस वर्ग में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। छात्राओं ने अपनी गति, निर्णय क्षमता और सामूहिक प्रयासों से दर्शाया कि नियमित अभ्यास एवं अनुशासन के माध्यम से खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।प्रतियोगिता में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री निर्दोष कुमार एवं श्री विक्रमाकर जी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता का संचालन कराया तथा खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर परिणाम घोषित किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री हर्ष गुप्ता, सह-प्रबंधक श्री अनुराग गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री देवेश कुमार अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य श्री सौरभ वार्ष्णेय उपस्थित रहे। विद्यालय के पदाधिकारियों एवं प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन की सराहना करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

पांच हजार की रिश्वत के मामले में लेखपाल निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

बीसलपुर। उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने रिश्वत न देने पर फर्जी आय रिपोर्ट लगाने की शिकायत पर यह सख्त कार्रवाई की है। जिसकी जांच तहसीलदार द्वारा की गई थी। आरोप सही पाए जाने पर आय प्रमाण पत्र में गलत रिपोर्ट लगाने बाले लेखपाल जितेंद्र कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ग्राम खनंका उचसिया निवासी आदेश कुमार सिंह ने उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लेखपाल जितेंद्र कुमार सिंह ने उनसे 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। रिश्वत न देने पर लेखपाल ने बदले की भावना से पीड़ित की वार्षिक आय 8 लाख 40 हजार रुपये दर्शा दी, जबकि इससे पहले जारी प्रमाण पत्र में उसकी आय महज 54 हजार रुपये थी। आय अधिक दर्शाए जाने के कारण पीड़ित का नया आवेदन खारिज हो गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई और लेखपाल को पदमुक्त करने की मांग की। जिलाधिकारी ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिस मामले की तहसीलदार हबीब उर रहमान गांव पहुंचकर जांच करने पहुंचे थे। मौके पर जांच करने पर पीड़ित के आरोप पूरी तरह सही पाए गए। इसके बाद तहसीलदार ने रिपोर्ट एसडीएम नागेंद्र पांडे को सौंपड़ी किसके बाद तत्काल एसडीएम ने लेखपाल जितेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है।

पीलीभीत ट्रिपल मर्डर: न्याय की गुहार लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे परिजन, एसओ पर धमकाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

अमरिया। 12 अक्टूबर को हुए तिहरे हत्याकांड में मृतक कुणाल श्रीवास्तव के परिजन न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। परिजन इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीजीपी से मुलाकात कर विवेचक बदलने की मांग उठा चुके हैं। मृतक की मां कमलेश, भाई आकाश और चाची पूजा ने अमरिया एसओ पर धमकाने और दबाव बनाने का आरोप लगाया।

परिजनों का आरोप है कि मुख्यमंत्री और डीजीपी से शिकायत करने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस उनके घर पहुंची और वहां मौजूद लोगों को धमकाया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, विवेचक बदलने और अन्य नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। परिजनों ने कहा कि उच्च अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिल सका है। मां और भाई ने न्याय नहीं मिलने पर खुदकुशी करने तक की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर को अमरिया में हुए इस तिहरे हत्याकांड में कुणाल श्रीवास्तव, मोहित और अंकित की मौत हुई थी। शुरुआत में मोहित और अंकित के परिजनों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बाद में कुणाल के चाचा नन्हे की तहरीर पर भी छह नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार, एक एफआईआर में 13 आरोपियों और दूसरी एफआईआर में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि कुणाल के चाचा की रिपोर्ट में मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया गया है और दो अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई जारी है।

किशोरी को ले जाने के मामले में दो भाई पर केस दर्ज

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने वताया कि नौ अक्टूबर की रात पूरनपुर नगर के मोहल्ला निवासी एक युवक अपने भाई की मदद से बहला फुसलाकर भगा ले गया। जानकारी पर पीडिता आरोपियो के घर पर गई तो आरोपियो ने किशोरी को वापस लाने का आश्वाशन दिया था। पीडिता परिवार सहित किशोरी की तलाश करती रही। लेकिन कोई पता नही चला, इस पर पीडिता 17 अक्टूबर को फिर आरोपियो के पास गई और पुत्री के वारे में बात की तो आरोप है कि युवक के परिवार ने गाली गलौच कर घर से भगा दिया। दोवारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्या ने वताया कि पुलिस को कार्रवाही के निर्देश दिए है।

आरोप वोटों में हेराफेरी पर संग्राम, सीबीआई जांच की मांग

कांग्रेस-सपा बोली- मंत्री के इशारे पर अफसरों ने उठाया कदम

जागरण मोर्चा कार्यालय

पीलीभीत। एसआईआर के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में सामने आईं गड़बड़ियों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाते हुए सदर विधायक व प्रदेश के गन्ना मंत्री संजय गंगवार और तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता कुमुद गंगवार ने 16,504 मतदाताओं के रिकॉर्ड में गड़बड़ी का दावा करते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं, सपा नेताओं ने भी एपिक (वोटर फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर समान होने के बावजूद नाम और पते बदलने का आरोप लगाकर दोषियों के खिलाफ कठोर



कार्रवाई की मांग की।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य कुमुद गंगवार ने बताया कि पार्टी नेतृत्व से मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें मिलने के बाद जांच शुरू की गई थी। शुरुआती स्तर पर ललौरीखेड़ा और मरौरी क्षेत्र में जांच की गई, लेकिन वहां अपेक्षाकृत कम खामियां मिलीं। इसके बाद एक अधिवक्ता का वीडियो सामने आने पर मामले की गंभीरता से पड़ताल की गई। उनके मुताबिक, 56 टीमों ने 96 घंटे में सदर विधानसभा क्षेत्र के 3,48,937 मतदाताओं के रिकॉर्ड की जांच की।

प्रत्येक मतदाता का ईपीआईसी नंबर मिलाया गया और स्क्रीनशॉट लेकर सूची तैयार की गई। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि एसआईआर के बाद 16,504 मतदाताओं के रिकॉर्ड में गड़बड़ी सामने आई है। इनमें करीब 2,600 मतदाताओं के नाम बिना फॉर्म छह भरे जोड़ने और 804 मतदाताओं के नाम बिना नोटिस और फॉर्म सात की प्रक्रिया के काटने का आरोप लगाया। उन्होंने 13,150 मतदाताओं के नाम बदले जाने का भी दावा किया। उनके अनुसार, इन मामलों से संबंधित दस्तावेज और स्क्रीनशॉट पार्टी के पास हैं। अधिकांश वोटर दूसरे समुदाय से जुड़े हैं। कुमुद गंगवार ने आरोप लगाया कि गन्ना मंत्री संजय गंगवार के दबाव में अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से मतदाता सूची में बदलाव कराए गए। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में मंत्री छह हजार से अधिक मतों के अंतर से जीते थे। जिले की चीनी मिलों पर किसानों का भुगतान बकाया होने के कारण गन्ना किसानों में नाराजगी है। ऐसे में चुनाव में इसका असर पड़ने की आशंका के चलते मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी कराई गई।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



दूसरे टी20 मैच से पहले भारत को झटका

ईशान किशन चोट के कारण बाहर, उनकी जगह कुमार कुशाग्र को किया शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय



क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले से पहले भारतीय टीम को झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण दूसरे टी20 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को टीम में बतौर कवर शामिल किया गया है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण दूसरे टी20 मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। ईशान की जगह अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को टीम में शामिल किया गया है।

ईशान किशन को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले टी20 मुकाबले के दौरान दाएं पैर के एडडक्टर मसल में हल्की चोट लगी थी। बीसीसीआई के मुताबिक, उन्हें लो-ग्रेड राइट एडडक्टर स्ट्रेन हुआ है। इसी वजह से वह शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 मुकाबले में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि ईशान किशन दूसरे टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। मेडिकल टीम उनकी चोट की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

ईशान किशन की जगह चयन समिति ने कुमार कुशाग्र को दूसरे टी20 मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया है। कुशाग्र फिलहाल क्राइस्टचर्च में भारत ए टीम के साथ मौजूद हैं। अब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। कुमार कुशाग्र विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अभी तक भारतीय सीनियर टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है। उन्हें ईशान किशन के कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

कुमार कुशाग्र भारत ए टीम का हिस्सा थे, जिसे न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीन मैचों की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह सीरीज शनिवार से लिंकन में शुरू होनी है। हालांकि, ईशान किशन की चोट के बाद कुशाग्र को भारतीय सीनियर टीम के साथ जुड़ने के लिए बुलाया गया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। अब देखना होगा कि ईशान किशन की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के लिए किस संयोजन के साथ उतरती है।

मोना अग्रवाल ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण, नवीन शिवकुमार भी बने चैंपियन

जागरण मोर्चा कार्यालय



आइची-नागोया। एशियाई पैरा खेल 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन एसएच-1 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वहीं, बैडमिंटन में नवीन शिवकुमार ने दमदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या श्री ने रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया।

मोना अग्रवाल ने विश्व रिकॉर्ड के साथ रचा इतिहास : भारतीय निशानेबाज और टॉप्स एथलीट मोना अग्रवाल ने शुक्रवार को आर-8 महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन एसएच-1 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 357.5 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि के साथ मोना ने नया विश्व रिकॉर्ड और एशियाई पैरा खेल रिकॉर्ड भी बनाया। मोना की यह जीत भारतीय पैरा निशानेबाजी के लिए ऐतिहासिक रही। वह एशियाई पैरा खेलों में इस स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय पैरा निशानेबाज बन गईं। उनके इस प्रदर्शन ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय निशानेबाजी की ताकत को एक बार फिर साबित किया।

नवीन शिवकुमार ने बैडमिंटन में जीता स्वर्ण : बैडमिंटन कोर्ट पर भी भारतीय खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। नवीन शिवकुमार ने पुरुषों की एसएल-4 स्पर्धा के फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को सीधे गेमों में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। करीब 36 मिनट तक चले मुकाबले में नवीन ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने पहला गेम 21-9 से जीता, जबकि दूसरे गेम में 21-17 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया। नवीन की इस जीत से भारतीय दल के पदकों की संख्या में एक और स्वर्ण जुड़ गया।

भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी: एशियाई पैरा खेल 2026 में विश्व रिकॉर्ड के साथ संदीप और हानी के स्वर्ण पदक, अजय कुमार का कांस्य, प्रमोद और निमिषा के रजत तथा जेहान-शुभम की कांस्य पदक जीत ने भारत की सफलता में अहम योगदान दिया है। लगातार पदक जीत रहे भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, हौसले और प्रतिभा से देश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में 100 पदकों का आंकड़ा पार करना भारतीय पैरा खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

नित्या श्री ने जीता रजत पदक : महिला बैडमिंटन में नित्या श्री ने एसएल-6 वर्ग में रजत पदक हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उनका सामना चीन की ले फेंगनाई से हुआ। नित्या ने मुकाबले में जीत के लिए संघर्ष किया, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने 21-12, 21-13 से जीत दर्ज की। फाइनल में हार के बावजूद नित्या श्री ने रजत पदक जीतकर भारत को एक और महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। एशियाई पैरा खेल 2026 में मोना अग्रवाल का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन, नवीन शिवकुमार का स्वर्ण और नित्या श्री का रजत पदक भारतीय खिलाड़ियों के शानदार जज्बे और मेहनत की मिसाल हैं। इन उपलब्धियों ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर भारत का गौरव बढ़ाया है।

एशियाड पैरा टेबल टेनिस में जेहान-शुभम को कांस्य : भारत के जेहान दोराब मदान और शुभम वाधवा ने एशियाई पैरा खेलों में शुक्रवार को पुरूष युगल एमडी4 टेबल टेनिस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी को ग्रुप ए के आखिरी मैच में दक्षिण कोरिया के पार्क जिंचोएल और किम कियुंग हयून ने 14 . 12, 11 . 7, 11 . 5 से हराया। शीर्ष चार में रहने के कारण भारतीय जोड़ी को कांस्य पदक मिला । पूर्व रेसिंग ड्राइवर 50 वर्ष के जेहान भारतीय दल में पदक जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। भारतीय जोड़ी ने ग्रुप में एकमात्र मैच सउदी अरब के राकान अलसलमी और इब्राहिम अलहसन के खिलाफ 3 . 1 से जीता । दक्षिण कोरिया की दो जोड़ी और एक थाई जोड़ी ने उन्हें हराया । दक्षिण कोरिया ने स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि थाईलैंड की जोड़ी को भी कांस्य मिला।

सैमसन और अभिषेक के निडर रवैये को कोटक ने सराहा, टीम प्रबंधन के फैसले का किया बचाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



क्राइस्टचर्च। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। भारत ने पहला मैच जीतकर सीरीज में बढ़त बना ली है। भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की जमकर सराहना की है। सितांशु ने इसके साथ ही प्लेइंग-11 को लेकर टीम प्रबंधन के फैसले का बचाव किया है।

भारतीय बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए शुक्रवार को कहा कि ताकत, प्रतिभा और इरादे के अलावा इन दोनों खिलाड़ियों का अपने दिमाग पर भी जबरदस्त नियंत्रण है। कोटक ने कहा कि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में शामिल करने की सोशल मीडिया पर चल रही मांग के बावजूद टीम प्रबंधन ने जिस तरह से सैमसन और अभिषेक का समर्थन किया उसके लिए उसकी सराहना की जानी चाहिए।

सूर्यवंशी को एशियाई खेलों के बाद खेलने का मौका नहीं मिला है, लेकिन ईशान किशन के चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से बाहर हो जाने के बाद अब उन्हें मौका मिल सकता है। कोटक ने कहा, इन तीनों सलामी बल्लेबाजों को लेकर सोशल मीडिया पर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। लोगों को समझना चाहिए कि टीम प्रबंधन के फैसले टीम के हित में होते हैं। लोगों की मर्जी के हिसाब से प्लेइंग-11 का चयन नहीं किया जा सकता।

कोटक ने सैमसन की विशेष रूप से प्रशंसा की, जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, संजू दमदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने पहले मैच में जिस तरह से बल्लेबाजी की थी वह काबिले तारीफ है। हमारे सामने बड़ा लक्ष्य था। अगर आप कभी खुद को एक बल्लेबाज की जगह रखकर सोचें कि आपको पहले दो ओवरों में तीन या चार छक्के लगाने हैं, तो आपको भी आउट होने का डर लगेगा। अगर आप दो या तीन मैचों में जल्दी आउट हो जाते हैं तो आपको लगेगा कि आपको टीम से बाहर कर दिया जाएगा। लेकिन हमारे सलामी बल्लेबाजों ने अपनी इरादे दिखाए। उनका अपने दिमाग पर भी गजब का नियंत्रण है और वह निडर रवैया अपनाते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। दूसरे टी20 में देखना दिलचस्प होगा कि भारत वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग-11 में मौका देता है या नहीं।

भारत ने नौ विकेट से जीता पहला वनडे: श्री चरणी-क्रांति गौड़ के बाद प्रतिका रावल का धमाका

जागरण मोर्चा कार्यालय



वडोदरा। भारतीय महिला टीम ने टी20 सीरीज के बाद वनडे में भी अपना दबदबा कायम रखा है। शुक्रवार को खेले गए पहले वनडे मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पहले जिम्बाब्वे को 197 रन पर समेटा और फिर प्रतिका रावल की नाबाद शतकीय पारी के दम पर टीम को शानदार जीत दिलाई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 49.5 ओवर में 197 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से श्री चरणी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट झटके। वहीं, क्रांति गौड़ ने 42 रन देकर तीन विकेट हासिल किए, जबकि दीप्ति शर्मा को दो सफलताएं मिलीं। भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी पर दबाव बनाए रखा। श्री चरणी ने सलामी बल्लेबाज मोडेस्टर मुपाचिकवा (25) और चिपो मुगेरी-तिरिपानो को आउट कर टीम को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद उन्होंने न्याशा ग्वांजुरा (13) और मिशेल मावुंगा को पवेलियन भेजकर जिम्बाब्वे की मुश्किलें बढ़ा दीं।

जिम्बाब्वे की ओर से बिलव्ड बिजा ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। उन्होंने 92 गेंदों का सामना करते हुए पांच चौके लगाए और एक छोर संभालकर भारतीय गेंदबाजों का मुकाबला किया। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला और जिम्बाब्वे की पूरी टीम 200 रन का आंकड़ा छूने से पहले ही सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन के बावजूद फील्डिंग में टीम कुछ मौकों पर कमजोर नजर आई। शुरुआती ओवरों में मुपाचिकवा और मुगेरी-तिरिपानो के कैच छूटे, जबकि बाद में मिशेल मावुंगा का एक मुश्किल कैच भी पकड़ने में भारतीय खिलाड़ी नाकाम रहीं।

198 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने शानदार शतक जड़ते हुए नाबाद पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया। इस दौरान पहले विकेट के लिए उन्होंने कप्तान स्मृति मंधाना के साथ 94 रनों की साझेदारी निभाई। मंधाना 32 रनों की पारी खेलकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद प्रतिका को शेफाली वर्मा का साथ मिला। शेफाली भी शानदार फॉर्म में नजर आईं और 64 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही रन गति बनाए रखी और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया। प्रतिका की शानदार बल्लेबाजी ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। भारत ने महज 27.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर नौ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम ने वनडे में भी अपनी लय बरकरार रखी। भारतीय गेंदबाजों और बल्लेबाजों के संयुक्त प्रदर्शन ने पहले मुकाबले में टीम की जीत सुनिश्चित की। अब भारतीय टीम की नजरें अगले वनडे में जीत दर्ज कर सीरीज में अपनी बढ़त मजबूत करने पर होंगी।

संदीप ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण, अजय को कांस्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



आइची-नागोया। भारतीय एथलीट संदीप ने पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल में 52.28 सेकंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक दौड़ ने भारतीय पैरा एथलेटिक्स को बड़ी कामयाबी दिलाई। वहीं, अजय कुमार ने 53.61 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। इस दौरान उन्होंने एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड भी बनाया। सऊदी अरब के नूर अलसाना ने 53.13 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में संदीप और नूर अलसाना टी44 श्रेणी में, जबकि अजय कुमार टी64 श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हैं। निचले अंगों से संबंधित इन श्रेणियों के खिलाड़ियों की स्पर्धाएं कई बार संयुक्त रूप से आयोजित की जाती हैं। दो भारतीय खिलाड़ियों का पोडियम पर पहुंचना देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही।

हानी ने भालाफेंक में बनाया विश्व रिकॉर्ड : भारतीय एथलीट हानी ने पुरुषों की भालाफेंक एफ37/38 स्पर्धा में 60.49 मीटर का थ्रो कर विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1116 रजा अंक हासिल किए और अपने शानदार प्रदर्शन से शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया।



भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अरब डॉलर घटा, 721 अरब डॉलर पर आया

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह में कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 16 अक्तूबर 2026 को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.011 अरब डॉलर घटकर 721.016 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले सप्ताह भी विदेशी मुद्रा भंडार में 8.578 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट आई थी। यानी दो सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार कुल 13.589 अरब डॉलर कम हो चुका है। यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब सितंबर की शुरुआत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा था।

आरबीआई के मुताबिक, 4 सितंबर 2026 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 785.706 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद से इसमें गिरावट का रुख बना हुआ है।

इस रिकॉर्ड बढ़ोतरी के पीछे विदेशों में रहने वाले भारतीयों (डायस्पोरा) की ओर से जमा की गई राशि थी। सरकार की ओर से शुरू की गई विशेष रियायती स्वैप व्यवस्था के तहत डॉलर का बड़ा प्रवाह आया था। इस व्यवस्था के जरिए बैंकों ने रिकॉर्ड करीब 133 अरब डॉलर जुटाए थे। विशेषज्ञों के अनुसार, हालिया गिरावट की प्रमुख वजहों में एफसीएनआर (बी) संसाधनों का इस्तेमाल और रुपये की विनिमय दर को संभालने के लिए आरबीआई की ओर से डॉलर की बिक्री शामिल है। विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) का होता है। इसमें डॉलर के अलावा यूरो, ब्रिटिश पाउंड और जापानी येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं में रखी गई संपत्तियां भी शामिल होती हैं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 16 अक्तूबर को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स 5.758 अरब डॉलर घटकर 591.847 अरब डॉलर रह गए। कुल विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट की मुख्य वजह यही रही। यहां यह समझना जरूरी है कि डॉलर में दर्ज फॉरेन करेंसी एसेट्स के मूल्य पर अन्य विदेशी मुद्राओं की विनिमय दरों में होने वाले बदलाव का भी असर पड़ता है।



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।